CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 28° C
न्यूनतम : 17° C

देहरादून, मंगलवार 5 मई 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 267 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2083 17 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




उप्र की तबादला नीति में सरकार ने किया बदलाव पेज 2



ऑरेंज कैप फिर से अभिषेक के सिर, रबाडा पर्पल कैप की दौड़ में खेल टाइम्स



न हाथ में डिग्री फिर भी जिंदगियां देती दाई मां सम्पादकीय



ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट का नया नक्शा जारी किया पेज 12

## बंगाल में जीत, वर्षों की साधना सिद्धः मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय पर कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक और अभूतपूर्व है। सालों की साधना जब सिद्धी में बदलती है तो चेहरे पर जो खुशी होती है वो खुशी मैं देशभर के कार्यकर्ताओं के चेहरे पर देख रहा हूं। एक कार्यकर्ता होने के नाते मैं भाजपा के हर कार्यकर्ता की खुशी में शामिल हूं। आज का ये दिन कई मायनों में खास है। ये देश के उज्जवल भविष्य की उद्घोषणा, भरोसे का दिन है। भरोसा भारत के महान लोकतंत्र पर, भरोसा परफार्मेंस की पॉलिटिक्स पर, भरोसा एक भारत श्रेष्ठ भारत भावना पर। उन्होंने कहा कि आज नया इतिहास रच दिया है। भाजपा के अध्यक्ष नितिन नवीन के पद संभालने के बाद ये पहले चुनाव थे। इन चुनाव में पार्टी कार्यकर्ताओं को उनका जो मार्गदर्शन था वो इस विजय में बहुमूल्य रहा। पीएम मोदी ने भारत माता की जय के साथ अपना भाषण शुरू किया। उन्होंने सभा स्थल पर मौजूद लोगों से आगे-पीछे न होने की अपील भी की। नितिन नवीन ने कहा कि हम भरोसे के साथ चल रहे हैं।

# बंगाल और तमिलनाडु में बड़ा उलटफेर

- पश्चिम बंगाल, असम और पुड्डुचेरी में राजग, तो केरल में कांग्रेस मोर्चा को मिल रहा बहुमत
- तमिलनाडु में अभिनेता विजय के करिश्मे के दम पर टीवीके सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी
- केरल में एक दशक बाद कांग्रेस के नेतृत्व में संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा की सरकार बनने का रास्ता साफ
- असम और पुड्डुचेरी में नतीजों के अनुसार राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार की वापसी निश्चित हुई
- प.बंगाल की सीएम ममता बनर्जी भवानीपुर सीट से सुवेंदु अधिकारी से 15 हजार वोटों से चुनाव हारीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव की मतगणना के रूझानों में पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में भारी उलटफेर की संभावना के साथ भारतीय जनता पार्टी बंगाल में अपने दम पर जबरदस्त बहुमत हासिल करने जा रही है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी अध्यक्ष ममता बनर्जी भवानीपुर से सुवेंदु अधिकारी से 15,114 वोटों से चुनाव हार गई। सुवेंदु के खिलाफ यह उनकी लगातार दूसरी हार है। 2021 विधानसभा चुनाव में सुवेंदु नंदीग्राम से ममता के खिलाफ जीते थे। ममता हार से पहले ही काउंटिंग सेंटर से निकल गईं। उन्होंने आरोप लगाया कि, मुझे अंदर धक्का दिया और पीटा गया। यहां दोबारा काउंटिंग होनी चाहिए।

उधर तमिलनाडु में अभिनेता विजय के करिश्में के दम पर टीवीके स्पष्ट रूप से सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है। केरल में सत्ता परिवर्तन के संकेतों के बीच एक दशक बाद कांग्रेस के नेतृत्व में संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा की सरकार बनेगी। असम और पुड्डुचेरी में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार की वापसी निश्चित हो गई है। चुनाव आयोग के रूझानों के आंकड़ों के अनुसार पश्चिम बंगाल में एग्जिट पोल के अनुमानों के अनुरूप भाजपा को शुरूआती रूझानों में स्पष्ट बढ़त मिल रही है और वह अकेले दम पर जबरदस्त बहुमत हासिल करने जा रही है। राज्य की 294 विधानसभा सीटों में से 284 के आरंभिक रूझानों में विपक्षी भाजपा 119 सीटें जीत चुकी है और 88 सीटों पर आगे चल रही है। भाजपा को कुल 207 सीटें मिलने का अनुमान है। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस 48 सीटें जीत चुकी है तथा केवल 22 -शेष पृष्ठ दो पर



### पश्चिम बंगाल
सीटें- 293 बहुमत- 147

| पार्टी | जीत | आगे |
|---|---|---|
| भाजपा | 119 | 88 |
| टीएमसी | 48 | 22 |
| कांग्रेस | 00 | 02 |
| लेफ्ट | 00 | 02 |
| अन्य | 00 | 02 |

### तमिलनाडु
सीटें- 234 बहुमत- 118

| पार्टी | जीत | आगे |
|---|---|---|
| टीवीके | 59 | 48 |
| डीएमके | 00 | 48 |
| AIADMK | 00 | 55 |
| एनटीके | 00 | 00 |
| अन्य | 00 | 05 |

### असम
सीटें- 126 बहुमत- 64

| पार्टी | जीत | आगे |
|---|---|---|
| एनडीए | 100 | 02 |
| कांग्रेस | 14 | 07 |
| AIUDF | 02 | 02 |
| अन्य | 00 | 00 |

## केरल में यूडीएफ की जीत पर राहुल गांधी ने प्रदेश की जनता का जताया आभार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केरल में यूडीएफ की जीत के बाद राज्य की जनता का आभार जताया है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर अपने संदेश में लिखा कि केरल के लोगों को धन्यवाद। उन्होंने इस जीत को निर्णायक जनादेश बताया और कहा कि केरल की जनता ने जिस विश्वास के साथ यूडीएफ को चुना है, वह जिम्मेदारी को और बढ़ाता है। उन्होंने चुनाव अभियान में जुटे सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए इसे एक कठिन लेकिन सुव्यवस्थित अभियान बताया।

प्रथम पुण्यतिथि एवं श्रद्धांजलि सभा



कीर्तिशेष श्री मनोहर लाल शर्मा जी (एड्वोकेट)
(पूर्व राज्य मंत्री उत्तराखण्ड एवं अध्यक्ष बी0एस0एम शिक्षण संस्थान)
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, इंटरनेशनल गुड़विल सोसायटी ऑफ इंडिया

प्रथम पुण्यतिथि एवं श्रद्धांजलि सभा
आज (05 मई 2026) मंगलवार
श्रद्धांजलि सभा
प्रातः .....11:00 बजे से प्रारम्भ
स्थान - बी0एस0एम0 इण्टर कॉलेज, रुड़की




बी0एस0एम शिक्षण संस्थान, रूडकी

CMYK

## इंडिया गठबंधन का अब कोई भविष्य नहीं: पूनावाला

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कई राज्यों के विधानसभा चुनावों की मतगणना के रुझानों को लेकर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर हमला बोला है और कहा कि वह (श्री गांधी) इंडिया गठबंधन को संभालने में नाकाम साबित हुए हैं, जिसके कारण इस गठबंधन का अब कोई भविष्य नहीं है। पूनावाला ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि देश में लगातार 12 सालों तक सत्ता में रहने के बावजूद नए राज्यों में भाजपा की सरकारें बन रही हैं। भाजपा का वोट शेयर बढ़ रहा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वजह से लोगों का भाजपा पर भरोसा और भी मजबूत हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव का सबसे बड़ा नतीजा यह है कि इंडिया गठबंधन पूरी तरह से टूट गया है और खत्म हो गया है।

## रीता बहुगुणा जोशी के पति का निधन आज होगा संस्कार

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से पूर्व भाजपा सांसद रीता बहुगुणा जोशी के पति पीसी जोशी का सोमवार सुबह लखनऊ स्थित संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में निधन हो गया। उन्होंने सुबह लगभग सात बजे अंतिम सांस ली। इस संबंध में जानकारी स्वयं रीता बहुगुणा जोशी ने अपने एक्स अकाउंट के माध्यम से दी। परिवार के अनुसार पीसी जोशी पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे और एसजीपीजीआई में उनका उपचार जारी था। सोमवार सुबह अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उनका निधन हो गया। पीसी जोशी पेशे से मैकेनिकल इंजी. नियर थे और तकनीकी एवं लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में उनका उल्लेखनीय योगदान रहा।

### योगी कैबिनेट की बैठक में कुल 29 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई

# तबादला नीति में सरकार ने किया बदलाव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार की कैबिनेट बैठक में सोमवार को कुल 29 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बैठक के फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य की तबादला नीति में बदलाव किया गया है।

नई व्यवस्था के तहत अब सरकारी कर्मचारियों के तबादले केवल 15 मई से 31 मई के बीच ही किए जाएंगे। ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने बताया कि ऊर्जा विभाग से जुड़े तीन महत्वपूर्ण प्रस्तावों को स्वीकृति मिली है। उन्होंने कहा कि हाईटेंशन बिजली लाइनों के बड़े



■ ऊर्जा विभाग से जुड़े तीन महत्वपूर्ण प्रस्ताव भी स्वीकृत

टावरों से प्रभावित किसानों को मुआवजा देने के लिए नई नीति लागू की जाएगी। शर्मा ने बताया कि इसके तहत टावर के नीचे की पूरी जमीन और उसके एक मीटर दायरे की भूमि का दोगुना मुआवजा दिया जाएगा, जबकि तार खींचने वाली जमीन के लिए 30 प्रतिशत मुआवजा तय किया गया है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले इस तरह का मुआवजा नहीं मिलता था, जबकि वर्ष 2018 में पहली बार इस संबंध में नीति बनाई गई थी। उन्होंने बताया कि ऊर्जा क्षेत्र को मजबूत करने के लिए जालौन में 500 मेगावाट क्षमता का सोलर पावर प्लांट स्थापित किया जाएगा। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि यह परियोजना यूपी उत्पादन लिमिटेड और कोल इंडिया के संयुक्त सहयोग से विकसित होगी, जिसमें 49 प्रतिशत हिस्सेदारी राज्य सरकार और 51 प्रतिशत कोल इंडिया की होगी। परियोजना की शुरुआती लागत 10 करोड़ रुपये बताई गई है। शर्मा ने बताया कि इसके अलावा नोएडा क्षेत्र में तेजी से बढ़ रहे औद्योगिक विकास को देखते हुए बिजली वितरण व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाएगा। यहां 400/220 केवी का नया पावर स्टेशन बनाया जाएगा, जिसकी अनुमानित लागत 653 करोड़ रुपये होगी।

## नौ साल में यूपी बना 'रेवेन्यू सरप्लस': योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रदेश अब अपने संसाधनों के बल पर बड़ी अवसंरचना परियोजनाएं पूरी करने में सक्षम हो चुका है। उन्होंने दावा किया कि करीब 600 किलोमीटर लंबे गंगा एक्सप्रेस-वे का निर्माण बिना बैंकों से कर्ज लिए किया गया, जिस पर 36 हजार करोड़ रुपये से अधिक खर्च हुए हैं। सोमवार को लोकभवन में सहकारी समितियां एवं पंचायत लेखा परीक्षा विभाग के 371 तथा स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग के 129 नवचयनित लेखा परीक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद मुख्यमंत्री संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एक्सप्रेस-वे के किनारे नौ औद्योगिक और लॉजिस्टिक हब विकसित किए जा रहे हैं, जिन पर कुल मिलाकर 42 हजार करोड़ रुपये से अधिक निवेश हो चुका है।

# फरिश्ता बनकर आए थे आठ को मौत उठा ले गई

**अंबेडकरनगर, वार्ता**

■ अंबेडकरनगर में दो भाइयों समेत आठ को कार ने रौंद डाला

रविवार रात जलालपुर थाना क्षेत्र के अशरफपुर भुवा भट्ठे के पास हुए एक भीषण सड़क हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई। दो बाइकों की टक्कर में घायल हुए लोगों की मदद करने रुके दो सगे भाइयों समेत 8 लोगों को एक बेकाबू कार ने रौंद दिया। बारात से लौट रहे भाई एम्बुलेंस बुला रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सबसे दुखद बात यह रही कि जिन लोगों की मौत हुई, उनमें से कई लोग घायल पड़े अजनबियों की जान बचाने के लिए वहां रुके थे। मानवता दिखाने की यह कीमत उन्हें अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। घटना रविवार रात करीब 12 बजे की है। अकबरपुर-जलालपुर मार्ग पर दो बाइकों के बीच आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर ही लहूलुहान होकर गिर पड़े। चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण और राहगीर अपनी गाड़ियां रोककर उनकी मदद के लिए दौड़े। इन्हीं राहगीरों में सम्मनपुर क्षेत्र के जैनापुर निवासी दो सगे भाई, आदित्य (25) और दिव्यांशु उर्फ छोटू (14) भी शामिल थे। दोनों भाई एक वैवाहिक कार्यक्रम (बारात) से लौट रहे थे। घायलों को तड़पता देख उनसे रहा नहीं गया और उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल रोक दी। वे एम्बुलेंस को फोन कर रहे थे और घायलों को उठाने का प्रयास कर रहे थे।

# यूडीएफ की जीत पर प्रियंका ने जताया आभार

## केरल की जनता को कांग्रेस नेता ने दिया धन्यवाद

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस महासचिव एवं केरल के वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने विधानसभा चुनाव में कांग्रेस गठबंधन को जिताने के लिए केरल की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि उनके विश्वास और अपार समर्थन से उत्साहित होकर संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) राज्य में बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए काम करेगा। श्रीमती वाड्रा ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में सोमवार को कहा कि केरल की जनता का भरोसा ही यूडीएफ के लिए मार्गदर्शक शक्ति बनेगा और आने वाले पांच वर्षों में ईमानदारी एवं विनम्रता के साथ किए गए वादों को पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने वायनाड की जनता का विशेष रूप से धन्यवाद करते हुए कहा कि वहां यूडीएफ को 7 में से 7 सीटों



पर मिली जीत जनता के मजबूत विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए सभी प्रतिनिधि मिलकर काम करेंगे और जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करेंगे। उन्होंने यूडीएफ के कार्यकर्ताओं और नेताओं को बधाई देते हुए कहा कि उनके अथक प्रयासों से एकजुट और प्रगतिशील केरल का संदेश हर घर तक पहुंचा है तथा आने वाले वर्षों में जनता की सेवा का संकल्प और मजबूत होगा।

### केरल की जनता के विश्वास पर खरा उतरेंगे: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव में गठबंधन की जीत के लिए केरल की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि उसने संयुक्त लो. कतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) को भारी बहुमत देकर सेवा का अवसर दिया है और पार्टी इस विश्वास पर खरा उतरने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम करेगी। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जय राम रमेश ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक संदेश में कहा कि कांग्रेस अपनी जिम्मेदारी को भली-भांति समझती है और केरल की जनता ने जो भरोसा जताया है, उस पर पूरी निष्ठा के साथ खरी उतरेगी।

# लखनऊ समेत कई जिलों में बदला मौसम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ समेत उत्तर प्रदेश के कई जिलों में सोमवार को मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। तेज रफ़्तार हवा और आसमान पर छाई काला घटाओं से सुबह से आगाज हुआ जिससे कुछ समय तक दिन में भी रात का अहसास हुआ और तापमान में चार डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की गई।

लखनऊ, बाराबंकी, हरदोई, शाहजहांपुर, बरेली और गौतमबुद्ध नगर समेत कई जिलों में मध्य रात्रि के बाद से ही मौसम का मिजाज बदलने लगा था और सुबह तक कई इलाके तूफानी हवाओं और बारिश का गवाह बन चुके थे। मौसम विभाग द्वारा जारी चेतावनी के तहत कई जिलों में मध्यम स्तर के गरज-चमक के साथ तेज हवाएं चलने, बिजली गिरने और कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि की आशंका जताई गई है। इनमें उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, हरदोई, सीता. पुर, बहराइच, गोंडा, श्रावस्ती और लखीमपुर खीरी सहित आसपास के क्षेत्र शामिल हैं। इसके अलावा अयोध्या, अमेठी, कानपुर नगर, कानपुर देहात, औरैया, कन्नौज, फर्रुखाबाद, बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, हमीरपुर, जालौन, महोबा, झांसी, ललितपुर, फतेहपुर, प्रतापगढ़, रायबरेली, इटावा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, हाथरस, कासगंज, अलीगढ़, बदायूं, बुलंदशहर, संभल, अमरोहा और मुरादाबाद समेत कई जिलों में भी गरज-चमक के साथ तेज हवाओं और आकाशीय बिजली गिरने की प्रबल संभावना जताई गई है। हल्की से मध्यम वर्षा के साथ 30 से 40 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलने की भी चेतावनी दी है। मौसम विभाग ने लोगों को सतर्क रहने, खुले स्थानों पर जाने से बचने, पेड़ों एवं कमजोर संरचनाओं के नीचे खड़े न होने तथा बिजली कड़कने के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी है।

## प्रतिकूल मौसम में अधिकारियों को फील्ड में रहने के निर्देश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में आंधी-बारिश और खराब मौसम के बीच आमजन को राहत पहुंचाने के लिए प्रशासन को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए हैं।

सोमवार सुबह लखनऊ समेत कई जनपदों में मौसम के बिगड़े हालात को देखते हुए मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को पूरी मुस्तैदी के साथ काम करने को कहा। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जनहानि, पशुहानि, घायलों और आपदा से प्रभावित लोगों को हर हाल में 24 घंटे के भीतर मुआवजा उपलब्ध कराया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार हर परिस्थिति में किसानों और प्रदेशवासियों के साथ खड़ी है। योगी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे फील्ड में रहकर स्थिति का लगातार जायजा लें और राहत-बचाव कार्यों को तेज गति से संचालित करें। आंधी-बारिश के कारण कई स्थानों पर सड़क दुर्घटनाओं की सूचना है, ऐसे में घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराकर उनका समुचित इलाज सुनिश्चित किया जाए।


काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010


सेंसेक्स 77269.40
निफ्टी 24119.30

# बिज़नेस-टाइम्स

सोना 148000 प्रति 10 ग्राम
चांदी 244000 प्रति किलो

# अमेरिका-ईरान शांति वार्ता की उम्मीद में उछले शेयर बाजार

**मुंबई, वार्ता**

अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता की उम्मीद में घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को तेजी देखी गई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 355. 90 अंक (0.46 प्रतिशत) चढ़कर 77,269.40 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 121.75 अंक यानी 0.51 प्रतिशत की बढ़त में 24,119.30 अंक पर पहुंच गया।

मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली देखी गई। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.61 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.70 फीसदी ऊपर बंद हुआ। अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के इस बयान के बाद कि ईरान का नया शांति प्रस्ताव अच्छा है निवेशकों में पश्चिम एशिया संकट के जल्द समाप्त होने का विश्वास जगा है। इससे शेयर बाजारों में लिवाली देखी गई। आईटी, मीडिया और बैंकिंग को छोड़कर अन्य सेक्टरों में तेजी रही। रियलटी, धातु, स्वास्थ्य, वित्त और फार्मा सेक्टरों के सूचकांकों में



ज्यादा तेजी रही। अडानी पोर्ट्स के शेयर में पांच प्रतिशत से अधिक की तेजी रही। हिंदुस्तान यूनी. लिवर, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एलएंडटी, इटरनल और मारुति सुजुकी के शेयर दो से तीन फीसदी के बीच चढ़े। बजाज फिनसर्व, अल्ट्राटेक सीमेंट और बजाज फाइनेंस के शेयर एक से दो प्रतिशत के बीच चढ़े। सनफार्मा, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, बीईएल, टाटा स्टील, ट्रेंट और पावर ग्रिड के सूचकांक भी हरे निशान में रहे। भारती एयरटेल का शेयर तीन प्रतिशत से ऊपर टूटा। कोटक महिंद्रा बैंक में भी लगभग तीन फीसदी की तेजी रही। टीसीएस, आईटीसी और इंफोसिस के शेयर एक से दो प्रतिशत ऊपर बंद हुए। इंडिगो और टाइटन के शेयर भी गिरावट में बंद हुए।

## सोना हुआ सस्ता चांदी की कीमत में लगे पंख

**नई दिल्ली।** सोमवार को सोने के दाम में गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,906 रुपए गिरकर 1.48 लाख रुपए पर आ गया है। इससे पहले इसकी कीमत 1.50 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं चांदी की कीमत में तेजी देखने को मिल रही है। एक किलो चांदी 3,906 रुपए बढ़कर 2.44 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इससे पहले 30 अप्रैल को इसकी कीमत 2.40 लाख रुपए प्रति किलो थी। 2026 में सोना अब तक 15 हजार रुपए महंगा हुआ है। 31 दिसंबर 2025 को 10 ग्राम सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.48 लाख रुपए पर पहुंच गया है।

# चावल, चीनी, खाद्य तेलों के भाव टूटे दालों के भाव में रहा उतार-चढ़ाव

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल का औसत भाव गिर गया। चावल के साथ चीनी और खाद्य तेलों में भी नरमी देखी गई। गेहूं में टिकाव रहा जबकि दालों के दामों में घट-बढ़ रही। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत चार रुपये घटकर 3,832 रुपये प्रति क्विंटल रह गई।

गेहूं 2,781 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग अपरिवर्तित रहा। आटे की कीमत 12 रुपये गिर गई। दाल-दलहनों में उतार-चढ़ाव रहा। चना दाल की औसत कीमत नौ रुपये और मसूर दाल की चार रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मूंग दाल में 37 रुपये और उड़द दाल



में 35 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट देखी गई। तुअर दाल के भाव स्थिर रहे।

मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जुलाई वायदा 50 रिंगिट चढ़कर 4,620 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.37 प्रतिशत की बढ़त के साथ 75.44 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल औसतन 119 रुपये और सोया तेल 104 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। पाम ऑयल में 55 रुपये और सरसों तेल में 35 रुपये की गिरावट रही। वनस्पति 30 रुपये और सूरजमुखी तेल 14 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 11 रुपये प्रति क्विंटल गिर गया। चीनी भी पांच रुपये सस्ती हुई। दाल-दलहन: दाल चना 7670.91 रुपये, मसूर काली 8092.13 रुपये, मूंग दाल 10151.06 रुपये, उड़द दाल 10811.01 रुपये, तुअर दाल 11245 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2781.05 रुपये और चावल 3832.43 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3261.23 रुपये प्रति क्विंटल रहा।


स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com


## इंडिगो के वैश्विक बिक्री प्रमुख ने पद से दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली, वार्ता**

निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो के वैश्विक बिक्री प्रमुख विनय मल्होत्रा ने सोमवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। एयरलाइंस ने आज शेयर बाजार को बताया कि उन्हें 03 जुलाई की शाम उनकी जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया जाएगा।

कंपनी के प्रबंध निदेशक राहुल भाटिया को संबोधित अपने त्यागपत्र में श्री मल्होत्रा ने लिखा है कि वह विमानन उद्योग से बाहर सलाहकार की भूमिका में अपना करियर तलाश रहे हैं।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**बंगाल और...** सीटों पर आगे चल रही है। तृणमूल कांग्रेस को 80 सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है। वर्ष 2021 के चुनावों में तृणमूल ने 220, तो भाजपा ने 71 सीटें जीती थी। तमिलनाडु में भी रूझानों में एग्जिट पोल के विपरीत भारी उलट फेर देखने को मिला है। राज्य में अभी तक रूझानों में किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत के संकेत नहीं हैं, लेकिन विधानसभा की 234 में से 224 सीटों के रूझानों में टीवीके अप्रत्याशित रूप से 107 सीटों से साथ सबसे आगे है। टीवीके 59 सीटें जीत चुकी है और 48 पर आगे है। अन्नाद्रमुक दूसरे स्थान पर 55 सीटों पर तथा सत्तारूढ़ द्रमुक 48 सीटों पर आगे रहते हुए तीसरे स्थान पर है। कांग्रेस 4 तथा पीएमके 5 सीट पर आगे है। पिछले चुनाव में द्रमुक गठबंधन को 158 जबकि अन्नाद्रमुक गठबंधन को 69 सीटें मिली थी। असम विधानसभा की 126 सीटों के नतीजों के अनुसार राजग को स्पष्ट बहुमत मिलता दिख रहा है। भाजपा 100 सीटें जीत चुकी है और दो पर आगे चल रही है। कांग्रेस 14 सीटें जीत चुकी है, और उसे 7 सीटों पर बढ़त मिली हुई है। असम गण परिषद को 9 और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बीओपीएफ) को 10 सीटों पर बढ़त हासिल है। पिछले चुनावों में राजग को 74, कांग्रेस गठबंधन को 28 तथा एयूडीएफ को 15 सीटें मिली थी। केरल में अनुमानों के अनुरूप कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा को बहुमत मिलने जा रहा है। विधानसभा की 140 सीटों में से मोर्चा 102 सीटें जीत चुका है। जिनमें से कांग्रेस को 63 उसके सहयोगी दल इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग को 23, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी को 25, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी को 9 और केईसी को 7 सीटें मिली हैं। केरल में एलडीएफ ने 35 एवं भाजपा ने तीन सीटें जीती हैं। पिछले चुनाव में वाम लोकतांत्रिक मोर्चा को 94 और संयुक्त मोर्चा को 42 सीटें मिली थी। पुड्डुचेरी विधानसभा की 30 में से राजग 15 सीट जीत चुका है और तीन पर आगे चल रहा है। कांग्रेस को तीन तथा अन्य को छह सीटें मिली हैं। निर्दलीय उम्मीदवार एक सीट पर जीत के साथ दो सीटों पर आगे चल रहे हैं। भाजपा ने एक सीट जीती है और एक पर आगे है। कांग्रेस और अन्नाद्रमुक ने भी एक-एक सीट जीती है।

# प्रयागराज ज्ञान और आस्था का प्रतीक: राजनाथ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ नॉर्थ टेक सिम्पोजियम का उद्घाटन कर बोले रक्षा मंत्री

■ कहा- यहां रक्षा, उद्योग और एकेडमिक जगत का मिलन

**प्रयागराज।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि रक्षा, उद्योग और एकेडमिक जगत का एक साथ मिलन है। प्रयागराज ज्ञान और आस्था का प्रतीक है। जिस तरह कुंभ में हर जाति संप्रदाय के लोग पुण्य की डुबकी लगाने आते हैं, उसी तरह से नॉर्थ टेक सिम्पोजियम में भी रक्षा, उद्योग और एकेडमिक का संगम है, तीन दिनों तक यह कार्यक्रम चलने वाला है।

रक्षामंत्री ने कहा कि तीन दिनों तक यह कार्यक्रम चलने वाला है, जिसमें सिम्पोजियम में कई महत्वपूर्ण विषय को रखा गया है, जोकि रक्षा के क्षेत्र में काफी महत्वपूर्ण होने वाले है। इतिहास बताता है कि हर युग की क्रांति में काफी बदलाव होते हैं। हर क्रांति की यह नीयत है, लेकिन कुछ समय के बाद वह एक संतुलन में बदल जाती है। जीवन के सभी क्षेत्र में हेल्थ, एकेडमिक, रक्षा सहित अन्य क्षेत्र में भी क्रांति आती है। रक्षा के क्षेत्र में तकनीकी बदलाव ज्यादा हुए हैं, आज तकनीक और इंजीनियरिंग का काफी इस्तेमाल हो रहा है। एयर, जमीन और समुद्र में भी वार के तरीके बदले हैं। इसमें नई तकनीक काफी कारगर साबित हुई है। रडार, साइबर तकनीक, उदाहरण के तौर पर है डिफेंस सेक्टर भी तकनीक हुई है। अब युद्ध में सिर्फ जमीन और एयर से नहीं, बल्कि साइबर तकनीक का भी इस्तेमाल हुआ है। टैंक, मिसाइल के बाद अब ड्रोन के साथ सेंसर सिस्टम गेम चेंजर के रूप में सामने आए हैं। आज के युग में हथियार के बदलते तरीके भी काफी आश्चर्यचकित करने वाले हैं। हमारी सेना ने भी काफी बदलाव किए हैं।

इसका उदाहरण ऑपरेशन सिंदूर में देखने को मिला। हमारी सेना ने आतंकियों को जो मुंहतोड़ जवाब दिया, वह एक नमूना है। ब्रह्मोस और अन्य लेटेस्ट तकनीक का भी इस्तेमाल किया गया है। आज के समय में हमें हर स्थिति के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा, चिकित्सा में नई तकनीक आती है, तो उसमें देरी की जा सकती है, लेकिन डिफेंस सिस्टम की तकनीक में देरी का मतलब हम पर दुश्मन हावी हो सकता है। इसलिए हमें प्रो एक्टिव रहना होगा, ताकि समय के साथ हम चल सकें। इतिहास कहता है कि सर्पाइजेस ही युद्ध में जीत दिलाते हैं. ।बदलती परिस्थितियों के अनुसार हमें चलना ही होगा, जो देश बदलती क्रांति को एडॉप्ट करेगा। उन्होंने कहा कि तरक्की करने वाले डिफेंस सेक्टर में काफी कार्य यूपी में हुए हैं। डिफेंस सेक्टर में हमारे प्रयासों का असर भी दिखने लगा है, हमारी इंडस्ट्री की चर्चा अब दुनिया में हो रही है। राजनाथ सिंह ने कहा जैसे डिफेंस कॉरिडोर बनाया जा रहा है, उसी तरह नॉलेज कॉरिडोर भी तैयार किया जाना चाहिए, ताकि बदलती तकनीक को रिसर्च के जरिए भी समझकर कार्य किया जा सके।

## अयोध्या से लौटते समय छह की मौत

**जालौन।** जालौन-झांसी-कानपुर नेशनल हाईवे-27 पर सोमवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में 6 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 4 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा कालपी कोतवाली क्षेत्र के जोल्हुपुर के पास चौरासी गुंबद के नजदीक हुआ, जहां तेज रफ्तार टवेरा कार पीछे से ट्रक में जा घुसी। कार चालक को झपकी आ जाने के कारण यह हादसा हुआ। बताया जा रहा है कि टवेरा कार नंबर सीएच 04 एलटी 5412 में सवार सभी लोग अयोध्या से दर्शन कर ललितपुर लौट रहे थे। हादसे में मृतकों की पहचान ललितपुर जनपद के हरदौल मोहल्ला के रहने वाले लोगों के रूप में हुई। इस कार में शशिकांत तिवारी (चालक) पुत्र उत्तम तिवारी, कृष्णकांत नायक पुत्र दयाशंकर, दीपक तिवारी, हरिमोहन तिवारी, भूषण तिवारी और अंशुल तिवारी स्वामी प्रसाद तिवारी और मनोज भोंडल सवार थे।

# भाजपा मुख्यालय में मना तीन राज्यों की जीत का जश्न

## जीत ने गंगोत्री से गंगासागर तक भारत को भगवामय किया, यह जीत उत्तराखंड में 29 के सेमीफाइनल, 32 के फाइनल में भी दोहराएंगे: धामी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** बंगाल समेत 3 राज्यों में भाजपा की प्रचंड जीत पर मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया। झाल मूडी के स्वाद संग होली दिवाली मनाते हुए सीएम धामी ने इसे गंगोत्री से गंगा. सागर तक भगवामय तस्वीर बताया। साथ ही इस जीत को 29 के सेमीफाइनल और 32 के फाइनल में उत्तराखंड में भी दोहराने का आह्वाहन किया। वहीं प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने इन जीतों, विशेषकर बंगाल की जीत को पार्टी संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को समर्पित किया।





पार्टी मुख्यालय में हुए इस जोरदार जश्न में कार्यकताओं ने प्रदेश नेतृत्व के साथ जमकर होली दिवाली एक साथ मनाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष के साथ पूर्व सीएम डाक्टर रमेश पोखरियाल निशंक, राज्यसभा सांसद श्री नरेश बंसल, कैबिनेट मंत्री श्री खजान दास ने कार्यकर्ताओं संग रंग गुलाल से होली खेली। वहां संगठन और नेतृत्व की गगनचुंबी नारों के साथ हुई आतिशबाजी से कार्यकर्ताओं ने आसमां सर पर उठा दिया। जश्न उस समय और खास हो गया , जब बंगाल की प्रवासी महिलाओं द्वारा वहां का पारम्परिक धुनुची नृत्य प्रस्तुत किया। जिसमें मिट्टी के बर्तन में नारियल और धूप जलाकर धुंआ से माहौल को पवित्र और सुगंधित किया। साथ ही वहां की विशेष उलू ध्वनि से खुशी का इजहार किया। उसके बाद सभी ने बंगाल की पारंपरिक और प्रधानमंत्री मोदी द्वारा इस चुनाव में प्रचारित झाल मुड़ी का स्वाद लिया।

**■ पार्टी मुख्यालय में मनाए गए जश्न में पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रदेश नेतृत्व के साथ होली-दिवाली मनाई ■ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट रहे मौजूद**

इस अवसर कर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री धामी ने आसाम हैट्रिक, पांडिचेरी की लगातार दूसरी जीत और बंगाल में ऐतिहासिक जीत के लिए सभी को बधाई दी।

उन्होंने कहा कि, पीएम मोदी के मार्गदर्शन और पार्टी केंद्रीय नेतृत्व में इन जीतों ने गंगोत्री से गंगा. सागर तक पूर्णतया देश को भगवामय कर दिया है। कहा, मुझे भी संदेशखाली और अन्य स्थानों पर चुनाव प्रचार के लिए जाने का मौका मिला। आज मां काली के आशीर्वाद और कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है वहां सरकार का बनना। ये सभी जीतें और विशेषकर जनसंघ के संस्थापक की भूमि पर भगवा फहराया जाना हम सबके लिए गौरवान्वित करने वाला क्षण है।

इस चुनाव ने पुन: साबित किया है कि डबल इंजन की सरकार स्थापित करना आज देश की प्राथमिकता है। क्योंकि ये डबल इंजन सरकार अब विकास सुशासन और जनकल्याण का प्रतीक बन गया है। नारी शक्ति अधिनियम को रोकने का जो पाप कांग्रेस और विपक्ष ने किया, उसकी सजा जनता ने उन्हें दी है। कहा कि, हमारे नए राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन की रणनीति से उनके कार्यकाल की शानदार जीत से शुरुआत हुई है। अब हम इसे उत्तराखंड में भी 29 के सेमीफाइनल, और 32 के फाइनल में भी दोहराएंगे। आज कश्मीर से कन्याकुमारी और अटक से कटक तक भगवा लहरा रहा है। उत्तराखंड में भी इस जीत और पीएम के संदेश को हमें घर घर ले जाना है।

आज हुए भव्य जश्न में राज्यसभा सांसद एवं राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष नरेश बंसल, कैबिनेट मंत्री खजान दास, प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार, प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार, तरुण बंसल, दीप्ति रावत, विधायक सविता कपूर, सरकार में दायित्वधारी डॉ देवेंद्र भसीन, श्रीमती विनोद उनियाल, डॉ गीता खन्ना , मधु चौहान, मधु भट्ट, प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल गोयल, प्रदेश कोषाध्यक्ष पुनीत मित्तल, आदित्य चौहान, जगमोहन रावत, रुचि भट्ट, विपुल मेंदोली समेत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकरी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

### बंगाल की जीत डॉ. मुखर्जी के बलिदान को समर्पित: भट्ट

प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट भट्ट ने खुशी जताते हुए कहा, आज उस किले को फतह किया, जिसके लिए सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने कुर्बानी दी है। वर्ग विशेष को संरक्षण देने वाली सरकार के खिलाफ परिवर्तन का संदेश दिया है। अब बांग्लादेश से घुसपैठियों का रास्ता बंद होगा और जो आ गए उन्हें बाहर निकालने का रास्ता साफ हुआ है। इन चुनावों में एक बड़ा चमत्कार हुआ है कि देश से सभी राज्यों से पूरी तरह सीपीएम और वामपंथ समाप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि, ये उत्साह उत्तराखंड के लिए भी लाभदायक रहने वाला है। अब हम सब धामी के नेतृत्व में तीसरी बार देवभूमि में कमल खिलाएंगे। भट्ट ने सीएम व मंत्री धन सिंह रावत समेत चुनावी राज्यों में गए कार्यकर्ताओं का भी धन्यवाद किया। उन्हें 3 राज्यों की जीत विशेषकर बंगाल की जीत को भाजपा विचार प्रेरणता और जनसंघ संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को समर्पित किया और उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि बताया।

### 27 में भी उत्तराखंड में भाजपा की सरकार तीसरी बार लायेंगे: डॉ निशंक

पूर्व सीएम डा रमेश पोखरियाल निशंक ने कार्यकर्ताओं के बलिदान को याद करते हुए इस जीत को सौभाग्य का अभूतपूर्व क्षण बताया। उन्होंने इन चुनावों में मुख्यमंत्री, मंत्री डॉ धन सिंह रावत और प्रदेश के कार्यकर्ताओं के योगदान को भी शानदार बताया। प्रदेश की जनता ने भी मन बनाया हुआ है और 27 में भी उत्तराखंड में भाजपा की सरकार तीसरी बार लायेंगे।

# बिना तैयारी बैठक में पहुंचे अफसरों पर सीएम ने जताई कड़ी नाराजगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

देहरादून।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सचिवालय में आयोजित मुख्यमंत्री घोषणाओं की समीक्षा बैठक में अधिकारियों के बिना तैयारी के उपस्थित होने पर सख्त नाराजगी व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मुख्यमंत्री घोषणाओं की समीक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है और इस प्रकार की बैठकों में बिना पूरी तैयारी के आना किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

उन्होंने अधिकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में सभी अधिकारी पूर्ण तैयारी और तथ्यात्मक जानकारी के साथ ही बैठक में उपस्थित हों। मुख्यमंत्री ने



विभागों एवं अधिकारियों के बीच आपसी समन्वय और संवाद की कमी पर भी कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि कई मामलों में विभागीय तालमेल के अभाव के कारण विकास कार्य अनावश्यक रूप से लंबित हो रहे हैं, जो स्वीकार्य नहीं है। मुख्यमंत्री ने सभी सचिवों को संबंधित विधानसभा क्षेत्रों की घोषणाओं की एक बार

**■ सल्ट, रानीखेत, सोमेश्वर और जागेश्वर की विकास योजनाओं की हुई गहन समीक्षा ■ विभागों के बीच समन्वय की कमी पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को लगाई फटकार ■ 15 जून तक सभी लंबित घोषणाओं के शासनादेश जारी करने के साथ कार्य शुरू करने के सीएम ने दिए सख्त निर्देश**

पुन: गहन समीक्षा करने के कड़े निर्देश दिए। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि मुख्यमंत्री घोषणाएं सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता का विषय हैं और जनता से किए गए वादों को समयबद्ध तरीके से पूरा करना सरकार की प्रतिबद्धता है। उन्होंने निर्देश दिए कि किस विभाग में कितने प्रतिशत घोषणाएं पूर्ण हो चुकी हैं और कितनी लंबित हैं, इसकी विस्तृत रिपोर्ट तत्काल प्रस्तुत की जाए। मुख्यमंत्री ने सभी लंबित घोषणाओं के संबंध में 15 जून तक शासनादेश जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही जिन कार्यों के शासनादेश जारी हो चुके हैं, उन पर तत्काल कार्य प्रारंभ सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि अनावश्यक देरी किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने इस बात पर भी कड़ी नाराजगी व्यक्त की कि कई स्थानों पर घोषणाओं के अनुरूप कार्य प्रारंभ होने के बावजूद शिलापट्ट नहीं लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि संबंधित कार्यस्थलों पर शिलापट्ट लगाना सुनिश्चित किया जाए, अन्यथा संबंधित जिलाधिकारी इसकी जिम्मेदारी तय करेंगे। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी नाराजगी जताते हुए कहा कि जो विषय जिला स्तर पर हल हो सकते हैं, उन्हें अनावश्यक रूप से शासन स्तर पर लंबित रखना उचित नहीं है। बैठक में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य, विधायक सल्ट, रानीखेत एवं जागेश्वर, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु आदि मौजूद रहे।

### लंबित कार्यों पर 15 जून से पहले दोबारा होगी सचिवों की समीक्षा बैठक

मुख्यमंत्री ने सभी सचिवों को निर्देश दिए कि 15 जून से पहले सभी लंबित घोषणाओं की पुन: समीक्षा बैठक आयोजित की जाए और प्रत्येक कार्य की अद्यतन स्थिति प्रस्तुत की जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता से किए गए सभी वादों और घोषणाओं को निर्धारित समयसीमा के भीतर धरातल पर उतारा जाए तथा विकास कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। इसके बाद मुख्यमंत्री धामी ने अल्मोड़ा जनपद के विधानसभा क्षेत्र सल्ट, रानीखेत, सोमेश्वर एवं जागेश्वर से संबंधित विभिन्न विकास घोषणाओं की विस्तृत समीक्षा की।

### सल्ट 69, रानीखेत 33, जागेश्वर 48 व सोमेश्वर की 90 घोषणाओं की समीक्षा

विधानसभा क्षेत्र सल्ट की कुल 69 घोषणाओं की समीक्षा के दौरान बताया गया कि अनेक घोषणाओं पर शासनादेश जारी कर कार्य प्रारंभ किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने धर्मस्व, ग्राम्य विकास, चिकित्सा-स्वास्थ्य, पर्यटन, लोक निर्माण, शिक्षा एवं शहरी विकास से जुड़े लंबित कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।विधानसभा क्षेत्र रानीखेत की कुल 33 घोषणाओं की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि क्षेत्र में सड़क, पर्यटन, सिंचाई, स्वास्थ्य, खेल और आधारभूत सुविधाओं से संबंधित योजनाएं स्थानीय विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपूर्ण एवं लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। वहीं विधानसभा क्षेत्र जागेश्वर की कुल 48 घोषणाओं की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने पर्यटन, पेयजल, युवा कल्याण, शिक्षा, संस्कृति, आवास और धार्मिक महत्व की योजनाओं को शीघ्र पूरा करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जागेश्वर क्षेत्र धार्मिक एवं पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए यहां की विकास परियोजनाओं में तेजी लाई जाए।समीक्षा के दौरान विधानसभा क्षेत्र सोमेश्वर की कुल 90 घोषणाओं की प्रगति पर चर्चा की गई। इनमें बड़ी संख्या में घोषणाओं पर शासनादेश जारी किए जा चुके हैं तथा अनेक कार्यों पर तेजी से कार्यवाही चल रही है। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से पेयजल, सिंचाई, चिकित्सा-स्वास्थ्य, विद्यालयी शिक्षा, ऊर्जा, कृषि एवं कृषक कल्याण सहित विभिन्न विभागों से संबंधित लंबित मामलों में शीघ्र प्रगति लाने के निर्देश दिए

# शिक्षकों को मिलेगी अब ऑनलाइन छुट्टी: डॉ. रावत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के विद्यालयी शिक्षा विभाग में अब शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कार्मिकों के अवकाश की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। अब उन्हें छुट्टी के लिये किसी कार्यालय के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे और न ही अफसरों की जी हुजूरी करनी होगी। इसके लिये शीघ्र ही विद्या समीक्षा केन्द्र के डिजिटल प्लेटफार्म पर ऑनलाइन छुट्टी प्रबंधन मॉड्यूल जोड़ा जायेगा, जहां पर शिक्षक व अन्य कार्मिक अवकाश के लिये ऑनलाइन आवे. दन कर सकेंगे।

विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि राज्य सरकार प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में डिजिटल गवर्नेंस को बढ़ावा दे रही है, ताकि आधुनिक तकनीक के



**■ ऑनलाइन अवकाश प्रणाली लागू करने को अधिकारियों को दिए निर्देश ■ कहा, विद्या समीक्षा केन्द्र में जुड़ेगा ऑनलाइन छुट्टी प्रबंधन मॉड्यूल**

माध्यम से विभाग में पारदर्शिता, दक्षता, सुशासन के साथ-साथ जवाबदेही भी सुनिश्चित हो सके। सरकार ने शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कार्मिकों के अवकाश की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन करने का निर्णय लिया है डॉ. रावत ने बताया कि सरकार के इस निर्णय के तहत विद्या समीक्षा केन्द्र के ऑनलाइन प्लेटफार्म पर ऑनलाइन अवकाश प्रबंधन मॉडयूल जोड़ा जायेगा। इस मॉड्यूल के माध्यम से शिक्षक एवं अन्य कार्मिक कभी भी और कहीं से भी अवकाश के लिये ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे तथा उनकी अवकाश स्वीकृति की प्रक्रिया भी ऑनलाइन ही पूरी की जायेगी, यह प्रक्रिया पूरी तरह सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध होगी। इससे शिक्षकों को छुट्टी के लिए कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, बल्कि एक क्लिक पर उनकी छुट्टियां मंजूर होंगी। यह व्यवस्था लागू होने से शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कार्मिकों के अवकाश से संबंधित रिकॉर्ड सुरक्षित एवं व्यवस्थित रहेंगे।

# ग्लेशियर झीलों की प्रभावी निगरानी जरूरी: सीएस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने सोमवार को सचिवालय में भूकम्प पूर्व चेतावनी प्रणाली, राष्ट्रीय भूकम्प जोखिम न्यूनीकरण कार्यक्रम, राष्ट्रीय ग्लेशियर झील विस्फोट जोखिम न्यूनीकरण कार्यक्रम तथा भूस्खलन न्यूनीकरण के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी परियोजनाओं पर कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुए संबंधित विभागों तथा संस्थानों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में ग्लेशियर झील विस्फोट जोखिम न्यूनीकरण के अंतर्गत उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं वाडिया इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन जियोलॉजी द्वारा वर्तमान प्रगति एवं भविष्य की कार्ययोजना प्रस्तुत की गई। सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास श्री विनोद कुमार सुमन ने



**■ जल्द शुरू हो उपकरण लगाए जाने का कार्य, भूकम्प पूर्व चेतावनी प्रणाली की भी समीक्षा**

बताया कि वाडिया संस्थान द्वारा वसुंधरा झील को एक पायलट साइट के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहां अत्याधुनिक अर्ली वार्निंग सिस्टम एवं मॉनिटरिंग मैकेनिज्म स्थापित किए जाएंगे। इस मॉडल को भविष्य में अन्य संवेदनशील ग्लेशियल झीलों पर भी लागू करने की योजना है, जिससे राज्य में ग्लेशियर झीलों से जोखिम प्रबंधन को वैज्ञानिक एवं तकनीकी रूप से सुदृढ़ किया जा सके।

मुख्य सचिव ने निर्देशित किया कि वाडिया इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन जियोलॉजी वर्ष 2026-27 एवं 2027-28 के लिए प्रस्तावित गतिविधियों का विस्तृत टाइमलाइन प्रस्तुत करे, जिसमें स्पष्ट हो कि कब कौन से कार्य किया जाना है। इसके अतिरिक्त संस्थान को निर्देश दिए गए कि न्यूनीकरण उपायों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया जाए, जिसमें अर्ली वार्निंग सिस्टम लगाने, रियल-टाइम मॉनिटरिंग एवं डिसीजन सपोर्ट सिस्टम तथा स्ट्रक्चरल उपाय जैसे पानी का नियंत्रित निकास और झील का स्तर कम करने के उपाय शामिल हों।बैठक में वाडिया इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन जियोलॉजी के निदेशक डॉ. वी.के. गहलोत, डॉ. के. लुइरेई, डॉ. नरेश कुमार, डॉ. मनीष मेहता, यूसैक की वैज्ञानिक डॉ. आशा थपलियाल, यूएलएमएमसी के निदेशक डॉ. शांतनु, केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिक डॉ. डी.पी. कानूनगो, जेसीईओ मो. ओबैदुल्लाह अंसारी उपस्थित रहे। आईआईटी रुड़की के प्रो. कमल, जीएसआई के निदेशक रवि नेगी तथा डॉ. अजय चौरसिया ने ऑनलाइन बैठक में प्रतिभाग किया।

### आईआईटी रुड़की के साथ मिलकर लगातार अर्ली वार्निंग सिस्टम को किया जा रहा मजबूत: सुमन

वहीं दूसरी बैठक में भूकम्प पूर्व चेतावनी प्रणाली की समीक्षा की गई। सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने बताया कि बताया कि वर्तमान में 169 सेंसर एवं 112 सायरन स्थापित किए जा चुके हैं। आईआईटी रुड़की के साथ मिलकर लगातार अर्ली वार्निंग सिस्टम को मजबूत किए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस दिशा में 26 फरवरी, 2026 को आईआईटी रुड़की के साथ एक महत्वपूर्ण एमओयू हस्ताक्षरित किया गया है, जिसके अंतर्गत 01 जनवरी, 2026 से 31 दिसंबर, 2026 तक ईईडब्ल्यूएस प्रणाली के अलर्ट प्रसारण, संचालन एवं अनुरक्षण का कार्य किया जा रहा है। राष्ट्रीय भूकम्प जोखिम न्यूनीकरण कार्यक्रम के तहत राज्य में भूकम्पीय संवेदनशील क्षेत्रों में 500 स्ट्रॉन्ग मोशन सेंसर की तैनाती की जा रही है।

# फर्जी वायरल पत्र से छवि खराब करने की कोशिश: पांडे

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं गदरपुर विधायक अरविंद पांडे ने उनके नाम से वायरल पत्र को फर्जी और छवि खराब करने का प्रयास बताया है। वहीं पार्टी ने भी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष से भाजपा की छवि खराब करने के प्रयास पर तत्काल माफी मांगने को कहा है।

सोमवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि कुछ दिनों से सोशल मीडिया में एक वायरल पत्र को उनका बताकर मेरी और पार्टी की छवि खराब की जा रही है। जबकि वह पत्र मेरा नहीं है और ऐसा कोई भी पत्र मेरे द्वारा प्रधानमंत्री या किसी अन्य को नहीं लिखा गया है। इस फर्जी पत्र के आधार पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोदियाल ने जो कुछ कहा गया, वह बिलकुल झूठ एवं बेबुनियाद है। उनके द्वारा मेरी व्यक्तिगत और संगठन के अनुशासन की छवि को खराब करने का प्रयास किया गया



**■ गोदियाल का प्रयास निंदनीय, पार्टी नेतृत्व अनुसार होगी आगे की कार्रवाई ■ गदरपुर विधायक ने पत्रकार वार्ता कर रखा अपना पक्ष**

है। उनके इस कृत्य की वह कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। वह पार्टी के अनुशासित सिपाही हैं और भाजपा सरकार या संगठन के खिलाफ किसी भी कीमत पर ऐसा कोई कृत्य नहीं कर सकते हैं। लिहाजा कांग्रेस पार्टी द्वारा राजनैतिक दृष्टि से इस मुद्दे पर जो कुछ कहा जा रहा है, वह असत्य और बेहद आपत्तिजनक है। आगे जो भी पार्टी नेतृत्व का निर्देश होगा, उसी अनुसार आगे की कार्यवाही की जाएगी। इस सम्बन्ध में मेरी प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट से बात हुई है और मैंने उनके सामने इस पूरे प्रकरण पर अपना पक्ष स्पष्ट किया है।

इसी संदर्भ में विस्तार से अपना पक्ष रखते हुए मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि कथित वायरल पत्र पूरी तरह काल्पनिक है और हर मुद्दे पर तत्काल प्रतिक्रिया देना आवश्यक नहीं है, लेकिन झूठे और मनगढ़ंत आरोपों के आधार पर राजनीतिक माहौल बिगाड़ना दुर्भाग्यपूर्ण है। वह भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता और आरएसएस के स्वयंसेवक हैं।

वे संगठन की विचारधारा और अनुशासन के तहत कार्य करते हैं। श्मैं भाजपा का सिपाही हूं,श और संघ का स्वयंसेवक हूं। झूठे वायरल पत्र को राजनीतिक लाभ के लिए फैलाया गया है। उन्होंने कांग्रेस से प्रदेश की जनता से माफी मांगने की मांग करते हुए कहा कि इस तरह की हरकतें लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस भाजपा के बढ़ते प्रभाव से घबराकर इस तरह के निराधार आरोपों का सहारा ले रही है। उन्होंने दोहराया कि पार्टी पारदर्शिता और जवाबदेही के सिद्धांतों पर काम करती है और किसी भी तरह के दुष्प्रचार का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।इस मौके पर प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी राजेंद्र सिंह नेगी प्रमुखत मौजूद रहे।

### भाजपा को बदनाम करने के प्रयास पर माफी मांगे कांग्रेस: दीप्ति रावत

प्रदेश महामंत्री दीप्ति रावत ने कहा कि अब यह पूरी तरह स्पष्ट हो चुका है कि कांग्रेस पार्टी एक फर्जी पत्र के सहारे भाजपा को बदनाम करने की को. शिश कर रही है। कांग्रेस का एकमात्र मकसद अपनी पार्टी में चल रही गुटबाजी और श्सिर फुटौव्वलश से जनता का ध्यान भटकाना है। इतना ही नहीं वे भाजपा के अनुशासन व साफ-सुथरी छवि पर दाग लगाकर कांग्रेस के समक्ष बताना चाहते है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधा कि कांग्रेस ने विधायक की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया है, जो पूरी तरह निंदनीय है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष को सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। इस प्रकार की राजनीति से जनता का विश्वास कमजोर होता है। इसी तरह इस मुद्दे पर अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं की टिप्पणियों पर कहा कि मामले में सुखदेव सिंह नामधारी से भी स्पष्टीकरण लिया जाएगा। पार्टी संगठन इस पूरे मामले की गंभीरता से समीक्षा कर रहा है और सच्चाई सामने लाई जाएगी।

# यूपीईएस में मध्य सत्र प्लेसमेंट का जलवा

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** यूपीईएस में सत्र 2026 के मध्य सत्र प्लेसमेंट में मजबूत प्रदर्शन दर्ज किया गया है। अब तक 2,126 छात्रों को नौकरी मिल चुकी है और कुल 2,677 नियुक्ति प्रस्ताव जारी किए गए हैं। 78 प्रतिशत से अधिक पात्र छात्रों का चयन हो चुका है, जबकि अधिकतम वार्षिक वेतन पैकेज 54 लाख रुपये तक पहुंच गया है।

इस दौरान 704 कंपनियों ने भागीदारी की, जो संस्थान के उद्योग जगत से मजबूत संबंध को दर्शाता है। प्रमुख कंपनियों में सिस्को, ओरेकल, डेलॉइट, अर्न्स्ट एंड यंग इंडिया, केपीएमजी, नीलसन आईक्यू, एक्सॉन मोबिल, ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज, एचएसबीसी टेक्नोलॉजी इंडिया, एक्सेंचर, इंफोसिस, कॉग्निजेंट, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, जेडएस एसोसिएट्स, आईसीआईसीआई बैंक और डेल टेक्नोलॉजीज जैसी नामी संस्थाएं शामिल रहीं।





**■ अभी तक 2100 से अधिक छात्रों को मिली नौकरी, 54 लाख तक पहुंचा सालाना पैकेज**

प्लेसमेंट में सूचना प्रौद्योगिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी सक्षम सेवाएं, शिक्षा एवं शिक्षा प्रौद्योगिकी, विधि, अनुसंधान एवं परामर्श, बैंकिंग-वित्तीय सेवाएं एवं बीमा, ऊर्जा, विनिर्माण, स्वास्थ्य सेवा एवं औषधि, तेल एवं गैस, डिजिटल विपणन, ई-कॉमर्स और लॉजिस्टिक्स जैसे क्षेत्रों में नियुक्तियां हुई हैं। औसत वार्षिक पैकेज 7.42 लाख रुपये रहा, जबकि शीर्ष 10 प्रतिशत छात्रों का औसत पैकेज 16. 60 लाख रुपये दर्ज किया गया।

यूपीईएस के रजिस्ट्रार मनीष मदान ने कहा कि बहु-विषयक और उद्योग से जुड़े पाठ्यक्रम, लाइव प्रोजेक्ट, मार्गदर्शन और कॉर्पोरेट सहभागिता के कारण छात्रों को विविध और भविष्य उन्मुख क्षेत्रों में बेहतर अवसर मिल रहे हैं।

स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस सबसे आगे रहा, जहां 941 छात्रों को नौकरी और 1,320 ऑफर मिले। यहां अधिकतम पैकेज 54 लाख रुपये और शीर्ष 10 प्रतिशत का औसत 20. 42 लाख रुपये रहा। स्कूल ऑफ बिजनेस में 731 प्लेसमेंट, अधिकतम 27.3 लाख रुपये पैकेज के साथ दर्ज हुए। वहीं स्कूल ऑफ लॉ में 230 छात्रों को नौकरी, 87.12 प्रतिशत प्लेसमेंट दर और 16.2 लाख रुपये अधिकतम पैकेज रहा। स्कूल ऑफ एडवांस्ड इंजीनियरिंग में 127 प्लेसमेंट और 22.8 लाख रुपये तक का पैकेज मिला।

क्षेत्रवार आंकड़ों में सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र 36.6 प्रतिशत के साथ सबसे आगे रहा। इसके बाद शिक्षा प्रौद्योगिकी (14.86 प्रतिशत), विधि (9.1 प्रतिशत), अनुसंधान एवं परामर्श (8.7 प्रतिशत) और बैंकिंग-वित्तीय सेवाएं (8 प्रतिशत) का योगदान रहा। यह प्रदर्शन दर्शाता है कि यूपीईएस के छात्र पारंपरिक और उभरते दोनों क्षेत्रों में तेजी से अपनी जगह बना रहे हैं।

# मोरी में अवैध अफीम की खेती पर बड़ा एक्शन, 31 पर मुकदमा दर्ज

**पोस्त और डंठलों के नमूने भेजे जांच के लिए**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** जनपद के मोरी क्षेत्र में अवैध अफीम की खेती के खिलाफ पुलिस और राजस्व विभाग ने संयुक्त रूप से की गई बड़ी कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया।

ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन और नशामुक्त अभियान के तहत चलाए जा रहे इस अभियान में प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए अवैध नशे के कारोबार पर कड़ा प्रहार किया है।

संयुक्त टीम ने प्रतिबंधित अफीम की खेती पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 31 लोगों को कानून के शिकंजे में लिया है। गौरतलब है कि पुलिस अधीक्षक कमलेश उपाध्याय के निर्देशन में, पुलिस उपाधीक्षक बड़कोट चंचल शर्मा के पर्यवेक्षण तथा तहसीलदार मोरी सरदार सिंह चौहान और थानाध्यक्ष दीपक रावत के नेतृत्व में टीम ने दूरस्थ ग्राम पेन्सर (कनुरा तोक मार्ग) में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान लगभग 75 वर्ग मीटर क्षेत्र में उगाई जा रही प्रतिबंधित अफीम ( पोस्त ) की खेती को नष्ट कर दिया गया। मौके से पोस्त और डंठलों के नमूने भी एकत्र किए गए हैं, जिन्हें आगे की जांच के लिए भेजा जाएगा।

इस मामले में बिना लाइसेंस खेती करने वाले 31 भू-स्वामियों के खिलाफ थाना मोरी में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/18 के तहत दो अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए गए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ आगे भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## एसएफडी का ग्रीन इंटर्नशिप प्रोग्राम कार्यक्रम का समापन

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्व. विद्यालय के पर्यावरण विज्ञान विभाग एवं स्टूडेंट्स फॉर डेवलपमेंट (एसएफडी) द्वारा संचालित ग्रीन इंटर्नशिप प्रोग्राम का समापन हुआ। कार्यक्रम के तहत 180 से अधिक छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तराखंड राज्य युवा कल्याण सलाहकार परिषद के उपाध्यक्ष विनोद सुयाल ने प्रतिभागियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजग रहने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. आरके मैखुरी ने कहा कि इस तरह के इंटर्नशिप कार्यक्रम विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ उनके व्यावहारिक ज्ञान और कौशल विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। मौके पर सहायक प्रोफेसर राधा बल्लभ कुनियाल, डॉ. सुधीर जोशी, गौरव मोहन सिंह नेगी, श्रेय ममगाई सहित आदि मौजूद थे।

# मेधावियों का वार्षिकोत्सव व छात्रसंघ समारोह में सम्मान

**महाविद्यालय में रंगारंग प्रस्तुतियों ने बांधा समा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लैंसडाउन।** भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जयहरीखाल में छात्रसंघ समारोह एवं वार्षिकोत्सव धूमधाम से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लैंसडौन विधायक महंत दिलीप रावत एवं विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख जयहरीखाल रणवीर सिंह सजवाण उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर लवनी रानी राजवंशी ने की, जबकि संचालन डॉ उमेश ध्यानी ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि महंत दिलीप रावत ने अपने विचार रखते हुए कहा कि राजनीति समाज का अत्यंत महत्वपूर्ण और संवे. दनशील क्षेत्र है, जो समाज के प्रत्येक अंग के विकास में अहम भूमिका निभाती है। समाज का हर व्यक्ति किसी न किसी रूप में राजनीति से जुड़ा होता है, क्योंकि वही अपने प्रतिनिधियों का चयन करता है। युवाओं को चाहिए कि वे अपनी असीम ऊर्जा का सकारात्मक दिशा में उपयोग करें। यही समय है जब वे अपने पुरुषार्थ, जुनून और समर्पण के बल पर अपने भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। कहा कि महाविद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि अनुशासन, संस्कार और व्यक्तित्व निर्माण का भी महत्वपूर्ण मंच है, जहां से विद्यार्थी समाज और राष्ट्र निर्माण में अपनी सशक्त भूमिका निभा सकते हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रशासन द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। विश्व. विद्यालय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले छात्र विकास, शिवांगी एवं शालिनी को सम्मानित किया गया। वहीं मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 37 छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति प्राप्त हुई उन्हें भी सम्मानित किया गया । नेट परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली सिमरन बानो अर्थशास्त्र एवं तनीषा रावत हिंदी व वनस्पति विज्ञान अभिनिता को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छात्रसंघ अध्यक्ष सिमरन सहित सभी पदाधिकारियों की सक्रिय भागीदारी रही। छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समां बांध दिया और दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं । प्राचार्य प्रोफेसर लवनी रानी राजवंशी ने कहा कि महाविद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है और उन्हें अनुशासन, समर्पण एवं उत्कृष्टता की दिशा में प्रेरित करता है। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय परिवार द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

## आसमानी बिजली गिरने से 400 से अधिक बकरियों की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।** जनपद की निजमूला घाटी से एक हृदयविदारक घटना सामने आई है, जहाँ रविवार देर रात भारी गर्जना के साथ हुई आकाशीय बिजली की चपेट में आने से भेड़पालकों को भारी आर्थिक क्षति पहुंची है। घाटी के भनाली तोक में बिजली गिरने से एक दर्जन से अधिक पशुपालकों की 400 से अधिक बकरियों की मौके पर ही मौत हो गई। निजमूला घाटी के ऊंचे बुग्याली क्षेत्रों में इन दिनों भेड़पालक अपने मवेशियों के साथ डेरा डाले हुए हैं। बीती रात क्षेत्र में मौसम ने अचानक करवट ली और तेज बारिश के साथ बिजली चमकने लगी। इसी दौरान भनाली तोक में आसमानी बिजली सीधे उस स्थान पर जा गिरी जहाँ भेड़पालकों ने अपनी बकरियों को झुंड में रखा था। इस दैवीय आपदा में पशुपालक हुकम सिंह, मदन लाल सहित अन्य ग्रामीणों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। कई परिवारों के लिए ये बकरियां ही आजीविका का एकमात्र साधन थीं। अचानक हुई इस घटना से पूरी घाटी में शोक की लहर है। हुकम सिंह ने बताया बिजली इतनी जोरदार थी कि हमें संभलने का मौका ही नहीं मिला। देखते ही देखते हमारी आंखों के सामने पूरी बकरियों (झुंड) ढेर हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन करने की मांग की है। प्रभावित पशुपालकों ने सरकार से उचित मुआवजे की गुहार लगाई है ताकि वे इस आर्थिक सदमे से उबर सकें।

# उर्मिला ने अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने का लिया संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** अंकिता भंडारी प्रकरण को लेकर लगातार मुखर रहीं अभिनेत्री उर्मिला सनावर राठौड़ सोमवार को सिद्धपीठ धारी देवी मंदिर पहुँची। उर्मिला ने विधिवत पूजा-अर्चना कर अंकिता को न्याय दिलाने की प्रार्थना की। श्रीनगर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उर्मिला ने कहा कि अंकिता भंडारी को अभी तक पूर्ण न्याय नहीं मिल पाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि मामले में आधा-अधूरा न्याय हुआ है और सरकार द्वारा सीबीआई जांच की बात कहकर लोगों को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है।कहा कि मामले में वीआईपी का जब से उन्होंने जिक्र किया है, तब से अंकिता देश की बेटी बन चुकी है, जिसको न्याय दिलाने के लिए वह लगातार आवाज और समर्थन मांग रही हैं। उर्मिला सनावर ने स्पष्ट कहा कि वह मामले को अंत तक उठाती रहेंगी और जब तक सभी दोषियों को सख्त सजा नहीं



मिलती, तब तक वह शांत नहीं बैठेंगी। उन्होंने इसे केवल एक मामला नहीं, बल्कि देश की बेटियों की सुरक्षा और न्याय से जुड़ा गंभीर मुद्दा बताया।वहीं उत्तराखंड क्रांति दल से जुड़ने के सवालों पर उर्मिला ने स्पष्ट किया कि उनका बस सम्मान किया गया है,जिसका वह समर्थन करती हैं। मौके पर पीसी थपलियाल, के.राकेश ध्यानी,एस एस पांती आदि मौजूद रहे।

**एक नजर .......**

### सादगी से मनाया गया पूर्व मंत्री सुरेन्द्र सिंह नेगी का जन्मदिवस

**कोटद्वार ।** पूर्व कैबिनेट मंत्री, उत्तराखंड सरकार सुरेन्द्र सिंह नेगी का जन्मदिवस सोमवार को कोटद्वार में सादगीपूर्ण एवं आत्मीय माहौल में उनके शुभचिंतकों, कांग्रेस कार्यकर्ताओं तथा नगर के सम्मानित नागरिकों द्वारा मनाया गया। इस अवसर पर दिनभर उनके आवास पर शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा रहा। सुबह से ही कांग्रेस कार्यकर्ता, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, युवा साथी, वरिष्ठ नागरिक एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग नेगी के आवास पर पहुंचकर उन्हें जन्मदिवस की शुभकामनाएं देते रहे और उनके स्वस्थ, दीर्घायु एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पूर्व मंत्री नेगी को जन्मदिन के अवसर पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से भी बड़ी संख्या में शुभकामना संदेश प्राप्त हुए। इसके अतिरिक्त दूर-दराज क्षेत्रों से उनके समर्थकों, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने फोन कॉल कर जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं। जन्मदिवस समारोह पूरी तरह सादगी, आत्मीयता एवं जनसंपर्क के माहौल में संपन्न हुआ, जहां लोगों ने नेगी के लंबे राजनीतिक एवं सामाजिक योगदान को याद करते हुए उनके स्वस्थ एवं सक्रिय जीवन की कामना की।

### प्रो. ढोडी बनी पत्रकारिता एवं जनसंचार केंद्र की विभागाध्यक्ष

**श्रीनगर।** गढ़वाल विश्वविद्यालय के चौरास परिसर स्थित पत्रका. रिता एवं जनसंचार केंद्र की नई विभागाध्यक्ष की जिम्मेदारी प्रो. रश्मि ढोडी को सौंपी गई है। इस संबंध में गढ़वाल विवि के कुलसचिव नोटिफिकेशन जारी किया गया है। अभी तक प्रो. मंजुला राणा डीन आर्ट्स, कम्युनिकेशन एंड लैंग्वेज तथा पत्रकारिता एवं जनसंचार केंद्र की प्रभारी विभागाध्यक्ष की जिम्मेदारी देख रही थी। प्रो. राणा का कार्यकाल 31 मार्च 2026 को समाप्त हो गया है। इसके पश्चात विश्वविद्यालय प्रशासन ने नई व्यवस्था लागू की है।

### भागीरथी कला संगम ने शंकर मठ में चलाया स्वच्छता अभियान

**श्रीनगर।** सामाजिक और सांस्कृतिक संस्था भागीरथी कला संगम के ओर से प्राचीन मंदिर शंकर मठ मंदिर सहित आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस मौके पर कूडा कचरा एकत्र कर उसका निस्तारण किया गया। इस अवसर पर मंदिर के महंत महादेव प्रसाद उनियाल ने संस्था का आभार व्यक्त किया तथा संस्था के कार्यों की सराहना की। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद बर्थवाल, वरिष्ठ संरक्षक रमेश चंद्र थपलियाल, वरिष्ठ संरक्षक भगत सिंह बिष्ट, सचिवजी पदविंदर रावत, कोषाध्यक्ष हरिंदर तोमर, मदन गडोई, संजय कोठारी, रवि पुरी, रघुवीर सिंह रावत, धर्मेंद्र, अरुण नेगी सहित आदि मौजूद थे।

# कौशलम एक्सपो में दिखाई प्रतिभा स्थानीय उत्पादों से उद्यमिता का संदेश

**डायट में कौशल का संगम: एक्सपो में छात्रों ने दिखाया नवाचार और बाजार समझ**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

उत्तरकाशी। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) बड़कोट में सोमवार को जनपद स्तरीय कौशलम् एक्सपो 2026 का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न विकासखंडों से आई 10 टीमों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में कौशल विकास के साथ-साथ उद्यमशील सोच को बढ़ावा देना रहा।

प्रतिभागी टीमों ने कौशलम् कार्यक्रम के अंतर्गत तैयार किए गए विविध स्थानीय उत्पादों का प्रदर्शन किया। इन उत्पादों को न केवल आकर्षक तरीके से निर्मित किया गया, बल्कि उनकी बाजार के अनुरूप सुलभ और प्रभावी पैकेजिंग भी की गई। संस्थान परिसर में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों पर इन उत्पादों ने निर्णायकों और आगंतुकों का ध्यान खींचा। निर्णायक मंडल ने सभी स्टॉलों का बारीकी से निरीक्षण कर उत्पादों की गुणवत्ता, नवाचार और प्रस्तुति के आधार पर मूल्यांकन किया। प्रतियोगिता में विकासखंड डुंडा के राजकीय इंटर कॉलेज फोल्ड ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि राजकीय इंटर कॉलेज मुस्टिक सौड़ द्वितीय और राजकीय इंटर कॉलेज कामदा तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य संजीव जोशी ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कौशलम् कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों में उद्यमशील मानसिकता विकसित करने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री उद्यमशाला परियोजना से जुड़े श्री अजय पंवार ने निर्णायक के रूप में अपनी भूमिका निभाई। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं समन्वयन अरविंद सिंह चौहान ने किया । इस मौके पर संस्थान के प्रवक्ता डॉ. सुबोध सिंह बिष्ट, संगीता कोठारी, शांति रतूड़ी, सुषमा महर, टीकाराम रावत, बृजेश मिश्रा, ऋचा उनियाल और गोपाल राणा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने न केवल विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच प्रदान किया, बल्कि स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने की दिशा में भी एक पहल साबित हुआ।

## ज्वलंत समस्याओं को लेकर जनप्रतिनिधियों व प्रशासन के बीच महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोपेश्वर।** नागपुर बंड क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं को लेकर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के बीच एक महत्वपूर्ण बैठक अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय में संपन्न हुई। बैठक में टीएचडीसी और जिला प्रशासन ने प्रभावितों की मांगों पर विचार करने और समाधान निकालने के लिए 15 दिनों का समय मांगा है। वहीं, जनप्रतिनिधियों ने स्पष्ट किया है कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर कोई सकारात्मक वार्ता या ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो क्षेत्र की जनता उग्र जन आंदोलन के लिए बाध्य होगी। बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों ने टीएचडीसी एचसीसी और शासन-प्रशासन के समक्ष क्षेत्र की लंबित समस्याओं और विस्थापन से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से रखा। काफी देर तक चली चर्चा के बाद, प्रशासन और टीएचडीसी के अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि वे 15 दिनों के भीतर इन विषयों पर समीक्षा कर उचित निर्णय लेंगे। प्रशासन के आश्वासन पर सहमति जताते हुए जनप्रतिनिधियों ने कड़े शब्दों में चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता लंबे समय से अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ रही है, लेकिन अब धैर्य जवाब दे रहा है। यदि 15 दिनों के भीतर वार्ता का कोई सार्थक परिणाम नहीं निकला, तो वे चुप नहीं बैठेंगे और व्यापक स्तर पर आंदोलन शुरू किया जाएगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी एसडीएम, तहसीलदार,जिला पंचायत सदस्य एवं ब्लॉक प्रमुख ज्येष्ठ प्रमुख एवं नगर पंचायत अध्यक्ष सभासद एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य ग्राम प्रधान, सरपंच एवं महिला मंगल दल की अध्यक्ष,टीएचडीसी, एचसीसी के अधिकारी ओर भारी संख्या में क्षेत्र की जनता बैठक मे शामिल थे।

## 9 मई को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**सिविल जज न्यायालय पुरोला और बड़कोट में होगा आयोजित**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार पय उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आगामी 9 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

सचिव/सिविल जज (एस.डी) जिला विधिक सेवा प्रधिकरण सचिन कुमार से प्राप्त जानकारी के अनुसार लोक अदालत का आयोजन प्रात: 10 बजे से जनपद मुख्यालय में स्थित न्यायालयों सहित सिविल जज (सीनियर डिवीजन) न्यायालय पुरोला एवं बड़कोट में आयोजित होगी। लोक अदालत के माध्यम से न्यायालयों में लंबित एवं प्री-लिटिगेशन स्तर के विभिन्न वादों का आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण किया जाएगा। इसमें विशेष रूप से समझौतायोग्य आपराधिक वाद, धारा 138 एनआई एक्ट से संबंधित मामले, वैवाहिक वाद, श्रम विवाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, बैंक ऋण से जुड़े मामले, विद्युत एवं जल बिल विवाद (असमझौतायोग्य मामलों को छोड़कर), अन्य दीवानी वाद, सेवा संबंधी मामले, राजस्व वाद तथा भूमि अधिग्रहण से जुड़े प्रकरण शामिल हैं। इसके अतिरिक्त प्री-लिटिगेशन स्तर पर चेक बाउंस, बैंक वसूली, श्रम एवं वेतन विवाद, बिजली-पानी के बिल से संबंधित मामले तथा भरण-पोषण जैसे प्रकरण भी लोक अदालत में सुलझाए जा सकेंगे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने आमजन से अपील की है कि जो भी व्यक्ति अपने मामलों का त्वरित एवं सुलहपूर्ण निस्तारण कराना चाहते हैं, वे 8 मई तक संबंधित न्यायालय अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत करें, ताकि 9 मई को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में उनके मामलों का समाधान किया जा सके।

# जन संवाद कार्यक्रम में फूटा जनाक्रोश, 21 शिकायतें दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जिला कार्यालय सभागार में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम इस बार आम जनता के गुस्से का मंच बन गया। अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में कुल 21 शिकायतें दर्ज हुईं, लेकिन हैरानी की बात यह रही कि सिर्फ 8 मामलों का ही मौके पर निस्तारण किया गया, जबकि बाकी शिकायतों को एक बार फिर फाइलों के हवाले कर दिया गया।

ग्राम पंचायत सिल्ला बामणगांव की प्रधान लता चंद ने धंसी हुई वियनगर-तिमली-तैला सड़क, टूटी नालियों और बदहाल



पेयजल व्यवस्था को लेकर प्रशासन को घेरा। उन्होंने साफ कहा कि जल जीवन मिशन सिर्फ कागजों में चल रहा है, जमीन पर हालात बदतर हैं।

लदोली की प्रधान अनीता देवी ने एक महीने से रसोई गैस सप्लाई ठप होने और अधूरे पड़े आंगनबाड़ी निर्माण को लेकर नाराजगी जताई। वहीं जखोली बड़मा के उम्मेद सिंह ने एक आंख से दिव्यांग होने के बावजूद पेंशन न मिलने पर सवाल खड़े किए। फलाटी गांव के सूरत लाल ने चौंकाने वाला आरोप लगाया कि बीपीएल होने के बावजूद उनका राशन कार्ड बंद कर दिया गया, जिससे उनका परिवार भूख के संकट से जूझ रहा है। बावई के बृज लाल को अब तक प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिला।

जनता के तीखे सवालों के बीच अपर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को सख्त लहजे में चेतावनी दी कि शिकायतों के निस्तारण में लाप. रवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई तय है। चौंकाने वाला खुलासा तब हुआ जब सीएम पोर्टल की समीक्षा में सामने आया कि एल-1 स्तर पर 132 और एल-2 स्तर पर 21 शिकायतें अभी भी लंबित हैं, जो प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल खड़ा करती हैं। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी अनीता पंवार, उप जिलाधिकारी जखोली भगत सिंह फोनिया, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम प्रकाश, जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश मिश्रा, जिला पूर्ति अधिकारी केएस कोहली, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष रावत, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग इंद्रजीत बोस, जल निगम नवल कुमार, सिंचाई खुशवंत सिंह चौहान, ग्रामीण निर्माण विभाग मीनल गुलाटी, प्रभारी शिकायत निवारण केंद्र विना. ेद कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं शिकायतकर्ता उपस्थित रहे।

# बजट के अभाव में श्रीनगर का गंगा म्यूजियम प्रोजेक्ट पड़ा धीमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** नगर निगम क्षेत्र में महिला थाना के पास बन रहा गंगा म्यूजियम लगभग अंतिम चरण में पहुंच चुका है, लेकिन बजट आवंटन में देरी के कारण निर्माण कार्य की रफ्तार धीमी पड़ गई है।

करीब 4 करोड़ 39 लाख रुपये की लागत से तैयार हो रहा यह योजना 90 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है, फिर भी शेष कार्य वित्तीय अभाव के चलते अधर में लटका हुआ है। अधिकारियों के अनुसार, परियोजना के लिए कुल लागत का 50 प्रतिशत हिस्सा खनीज न्यास योजना के अंतर्गत आवंटित किया गयर है। बाकी 50 प्रतिशत नगर निगम श्रीनगर द्वारा दिया जाना था।



**90 प्रतिशत काम पूरा होने के बावजूद अटका निर्माण**

हालांकि, अब तक खनीज न्यास योजना की ओर से केवल 1 करोड़ 75 लाख 61 हजार रुपये ही जारी किए गए हैं, जबकि नगर निगम की ओर से कार्यदायी संस्था ग्रामीण निर्माण विभाग को अभी तक धनरा. शि आवंटित नहीं की गई है। गौरतलब है कि वर्ष 2024 में कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत की पहल पर इस महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत हुई थी। निर्माण कार्य को मार्च 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, लेकिन मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए समयसीमा पर सवाल खड़े हो गए हैं।म्यूजियम के पूरा होने पर यह स्थान पर्यटन के लिहाज से महत्वपूर्ण केंद्र बन सकता है। यहां आने वाले पर्यटक अलकनंदा नदी के सुंदर दृश्य के साथ-साथ मां गंगा के इतिहास और सांस्कृतिक महत्व की जानकारी भी प्राप्त कर सकेंगे। इसके अलावा, स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होने की उम्मीद है। यह परियोजना राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित खाद्यान विभाग के एक पुराने और जर्जर गोदाम को पुनर्विकसित कर तैयार की जा रही है। पहले इस म्यूजियम को अलकनंदा नदी किनारे पुराने पौड़ी बस अड्डे के पास ट्रेंचिंग ग्राउंड में बनाने की योजना थी, लेकिन भूमि अनुपयुक्त पाए जाने के बाद स्थान परिवर्तन किया गया। अब सबकी नजरें नगर निगम और संबंधित विभागों पर टिकी हैं कि वे जल्द से जल्द बजट जारी कर इस महत्वपूर्ण परियोजना को पूरा कराने में तेजी लाएं।

"गंगा म्यूजियम का निर्माण कार्य 90 प्रतिशत तक पूर्ण हो चुका है। गंगा म्यूजियम निर्माण कार्य को लेकर नगर निगम श्रीनगर द्वारा 50 प्रतिशत धनराशि आवंटित करनी थी। इसको लेकर नगर निगम प्रशासन से पत्राचार भी किया जा चुका है, लेकिन अभी तक नगर निगम प्रशासन द्वारा धनराशि आवंटित नहीं की गई। धनराशि आंवटित होते ही निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा।"

**विनोद कुमार जोशी, अधिशासी अभियंता, ग्रामीण निर्माण विभाग पौड़ी।**

"गंगा म्यूजियम को लेकर पत्राचार चल किया जा रहा है। बजट उपलब्ध होते ही परियोजना के लिए धनराशि जारी कर दी जाएगी।"

**आरती भंडारी, महापौर, नगर निगम श्रीनगर गढ़वाल।**

# उद्यमिता ओरिएंटेशन कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सीखे उद्यमिता के गुर

**कार्यक्रम राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोटद्वार में आयोजित**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोटद्वार में उच्च शिक्षा विभाग, उत्तराखंड सरकार एवं भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के संयुक्त तत्वावधान में देवभूमि उद्यमिता ओरिएंटेशन कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डीएस नेगी, प्रोजेक्ट ऑफिसर दिलीप कुशवाहा तथा महाविद्यालय देवभूमि उद्यमिता केंद्र के नोडल अधिकारी डॉ एसके गुप्ता द्वारा मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर देवभूमि उद्यमिता योजना के महाविद्यालय नोडल अधिकारी डॉ एसके गुप्ता ने ओरिएंटेशन कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों एवं विषय विशेषज्ञों का स्वागत करते हुए परिचय कराया। डॉ एसके गुप्ता ने ओरिएंटेशन कार्यक्रम के औचित्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस ओरिएंटेशन कार्यक्रम में छात्र- छात्राओं को कोटद्वार क्षेत्र की सामाजिक- आर्थिक समस्याओं को पहचानने तथा उद्यमिता एवं स्टार्टअप के विकास द्वारा समाधान करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा और देवभूमि उद्यमिता योजना क्षेत्र के आर्थिक विकास में कारगर सिद्ध होगी व महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं इस योजना से लाभान्वित होंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस कार्यक्रम में प्राप्त किया गया प्रशिक्षण, भविष्य में स्वरोजगार एवं अपना उद्यम स्थापित करने वाले छात्रओं के लिए महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। उन्होंने छात्रओं को बूट कैंप एवं उद्यमिता विकास कार्यक्रम में भी प्रतिभाग करने हेतु प्रेरित किया।


## ऋषिकेश में अवैध निर्माण पर एमडीडीए का बड़ा एक्शन

# बहुमंजिला इमारत सील, अवैध निर्माणकर्ताओं में हड़कंप

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ने अवैध निर्माण के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए ऋषिकेश क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की है। एसडीएम ऋषिकेश के निर्देशों पर हरिद्वार रोड स्थित एक बहुमंजिला अवैध निर्माण को सील कर दिया गया। इस कार्रवाई से अवैध निर्माणकर्ताओं में हड़कंप मच गया है और प्राधिकरण ने साफ संकेत दे दिया है कि नियमों के उल्लंघन पर किसी भी तरह की ढील नहीं दी जाएगी।

एमडीडीए द्वारा 4 मई 2026 को जारी प्रेस नोट के अनुसार प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माणों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में ऋषिकेश क्षेत्र में हरिद्वार रोड पर पेट्रोल पंप के निकट रिया अरोड़ा और गोपाल सती द्वारा किए जा रहे बहुमंजिला



अवैध निर्माण पर कार्रवाई की गई।

प्राधिकरण की टीम ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया।कार्रवाई एसडीएम ऋषिकेश के आदेशों के अनुपालन में की गई, जिसमें प्रशासन और प्राधिकरण की संयुक्त टीम ने हिस्सा लिया। इस दौरान सहायक अभियंता अभिषेक भारद्वाज, तहसीलदार संदीप नेगी, अवर अभियंता पूनम और अमित भारद्वाज के साथ भारी पुलिस बल मौजूद रहा। पूरी कार्रवाई शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराई गई। एमडीडीए अधिकारियों के अनुसार संबंधित निर्माण बिना स्वीकृत मानचित्र और नियमों के विपरीत किया जा रहा था। प्राधिकरण ने पहले भी कई बार चेतावनी दी थी, लेकिन नियमों की अनदेखी जारी रहने पर अंततः सीलिंग की कार्रवाई करनी पड़ी।

**अवैध निर्माण पर लगातार सख्ती:** एमडीडीए इन दिनों देहरादून और आसपास के क्षेत्रों में अवैध प्लॉटिंग और निर्माण पर सख्त अभियान चला रहा है। प्राधिकरण का कहना है कि बिना स्वीकृति के निर्माण करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह की कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अन्य अवैध निर्माणकर्ताओं में भी डर का माहौल है। प्रशासन का स्पष्ट संदेश है कि विकास कार्यों में नियमों का पालन अनिवार्य है और उल्लंघन करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

### नियम तोड़ने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई: बंशीधर तिवारी

एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित मानकों और स्वीकृत मानचित्र के अनुसार ही होने चाहिए। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि एमडीडीए का उद्देश्य केवल कार्रवाई करना नहीं, बल्कि सुव्यवस्थित और सुरक्षित शहरी विकास सुनिश्चित करना है। तिवारी ने आम जनता से अपील की कि निर्माण कार्य शुरू करने से पहले आवश्यक अनुमतियां अवश्य लें, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की कार्रवाई से बचा जा सके।

### नियमों का उल्लंघन करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा: बर्निया

सचिव मोहन सिंह बर्निया ने बताया कि ऋषिकेश क्षेत्र में अवैध निर्माण की शिकायतों के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण लगातार निगरानी कर रहा है और जहां भी नियमों का उल्लंघन पाया जाएगा, वहां तत्काल कार्रवाई होगी। बर्निया ने कहा कि आमजन भी अवैध निर्माण की सूचना प्राधिकरण को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# तीन राज्यों में जीत, प्रधानमंत्री मोदी पर जनता का विश्वास: बंसल



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा राष्ट्रीय सहकोषाध्यक्ष एवं सांसद राज्यसभा डा. नरेश बंसल ने पश्चिम बंगाल, असम व पुडूचेरी में भाजपा नित एनडीए की प्रचंड जीत को ऐतिहासिक बताते हुए खुशी जताई है व इसे प्रधानमंत्री मोदी पर जनता का विश्वास बताया है।'

डा. नरेश बंसल ने कहा कि पश्चिम बंगाल मे राजनीतिक परिदृश्य में एक युगांतरकारी परिवर्तन देखा गया है, जहाँ भारतीय जनता पार्टी ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली टीएमसी सरकार के 15 वर्षों के सनातन विरोधी शासन को समाप्त करते हुए भाजपा पहली बार राज्य में पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में आई है। इस प्रचंड जीत के साथ ही देश के राजनीतिक मानचित्र पर एनडीए का प्रभाव और अधिक सुदृढ़ हो गया है, जिससे अब कुल 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में उनकी सरकारें स्थापित हो गई हैं। डा. नरेश बंसल ने पश्चिम बंगाल की इस जीत का सूत्रधार पीएम नरेन्द्र भाई मोदी के नेतृव मे केंद्र की जनकल्याणकारी नीति, बीजेपी के कार्यकर्ताओ की अथक मेहनत व गृह मंत्री श्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नबीन जी सहित सभी पार्टी शीर्ष व प्रदेश नेतृव के अथक प्रयास व महनत का नतीजा है कि आज पश्चिम बंगाल मे कमल खिला है व असम मे तीसरी बार प्रचंड बहुमत से व पुडुचेरी मे गंठबंधन की सरकार बनी है। डा. नरेश बंसल ने कहा कि यह जनता का भाजपा व मोदी जी पर विश्वास है जो इस बार सब जगह बम्पर वोट भाजपा को मिले है।

### पीएम के 'नए भारत-विकसित भारत' के विराट संकल्प की है यह जीत: महाराज

**देहरादून।** प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी नेतृत्व एवं लोक-कल्याणकारी नीतियों पर देश वासियों का अटूट विश्वास का ही परिणाम है कि आज पश्चिम बंगाल में पहली बार, असम में लगातार तीसरी बार और पुडुचेरी में दूसरी बार भाजपा-एनडीए गठबंधन की सरकार ने अभूतपूर्व जनादेश हासिल किया है। महाराज ने कहा कि भाजपा ने अंग, कलिंग के बाद अब बंग में ऐतिहासिक विजय का परचम लहराया है। भाजपा की यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी अध्यक्ष नितिन नबीन के श्नए भारत-विकसित भारतश् के विराट संकल्प की सिद्धि को एक नई गति प्रदान करेगा।

# फर्जी पत्र वायरल करने के मामले में कांग्रेस अध्यक्ष के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेगी भाजपा: चौहान

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि भाजपा कांग्रेस के दुष्प्रचार पर लगाम लगाने के लिए जल्दी ही कड़े कदम उठाने जा रही है और कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करेगी।

चौहान ने कहा कि कांग्रेस सत्ता सुख के लिए निम्न स्तर की राजनीति पर उतर आई है। एक कूटरचित फर्जी पत्र को वायरल कर कांग्रेस अध्यक्ष अपना कंधा थपथपा रहे हैं, लेकिन लगातार एक के बाद एक दुष्प्रचार के लिए कहानियाँ गढ़ कर जिस तरह से मामले सामने आ रहे है उससे कांग्रेस की नीयत भी सामने आ गयी है।

चौहान ने कहा कि जिस भाजपा विधायक के कूटरचित पत्र को आधार बनाकर पत्र को वायरल किया गया वह सामने आकर सच्चाई बयां कर चुके हैं। उन्होंने न केवल पत्र को फर्जी बताकर ऐसे कृत्य की निंदा की है, बल्कि खुद को भाजपा का अनुशासित सिपाही भी करार दिया है।



■ **दुष्प्रचार और झूठ की रणनीति के सहारे बढ़ रही कांग्रेस को मिलेगा करारा जवाब**

दूसरी ओर इस घटनाक्रम के बाद कांग्रेस अध्यक्ष की विश्वसनीयता भी सवालों से घिरी है। गोदियाल यह नही बता सकते कि उन्हे यह पत्र कहाँ से और कैसे मिला। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन मे आचरण और शब्द मर्यादित होने चाहिए, लेकिन सीएम के खिलाफ ऐसा दुष्प्रचार राजनीति का गिरता स्तर है।

चौहान ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष जैसे गरिमा के पद पर रहकर जिस तरह से दुष्प्रचार की कमान गोदियाल जी ने संभाली है उससे पद की गरिमा भी धूमिल हुई है।

किसी भी दुष्प्रचार के सामने आने पर वह षड्यंत्रकारियों के समर्थन मे ही नजर आते रहे है। उन्होंने कहा कि वह कांग्रेस के अंदरुनी मामले मे नही बोलना चाहते, लेकिन सच सब जानते हैं कि कांग्रेस अध्यक्ष वन मैंन आर्मी की तरह चल रहे है। पार्टी से सपोर्ट न मिलने पर वह आरोप प्रत्यारोप की राजनीति कर रहे है जो कि सार्वजनिक जीवन मे अस्वीकार्य है। भाजपा विधि विशेषज्ञों से राय मशविरा कर जल्दी ही कानूनी कार्यवाही करेगी।

# जोशी ने किया सीबीडीसी के अनुदान वितरण प्रक्रिया का शुभारम्भ

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सूबे के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने सोमवार को अपने कैम्प कार्यालय में नाबार्ड पॉलीहाउस योजना के अंतर्गत डिजिटल भुगतान प्रणाली सीबीडीसी के माध्यम से अनुदान वितरण प्रक्रिया का विधिवत शुभारम्भ किया। इस दौरान उन्होंने कृषकों के खातों में प्रतीकात्मक रूप से डिजिटल भुगतान कर डिजिटल भुगतान प्रणाली सीबीडीसी का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में किसानों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य को साकार करने में यह योजना महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

इस अवसर पर कृषि मंत्री ने कहा कि उद्यान विभाग द्वारा एक अभिनव पहल करते हुए नाबार्ड की आरआईडीएफ योजना के तहत क्लस्टर आधारित छोटे पॉलीहाउस स्थापना योजना में किसानों को शत-प्रतिशत पारदर्शिता के साथ



■ **प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री के नेतृत्व में किसानों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी योजना**

लाभान्वित करने के लिए डिजिटल भुगतान प्रणाली लागू की गई है। उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया के अंतर्गत किसान "अपुणि सरकार" पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करेंगे। विभाग द्वारा आवेदन की जांच और स्थल सत्यापन के बाद पात्र किसानों को सीबीडीसी वाउचर जारी किए जाएंगे। कृषि मंत्री ने कहा कि उद्यान विभाग के तहत सेब की अति सघन बागवानी और कीवी नीति में डिजिटल भुगतान के माध्यम से अनुदान वितरण की व्यवस्था लागू की जा रही है। उन्होंने बताया कि पॉलीहाउस निर्माण कार्य पूर्ण होने और सत्यापन तक सीबीडीसी वाउचर की राशि 'लॉक्ड स्टेटस' में रहेगी। सत्यापन के बाद संबंधित फर्म या कंपनी के खाते में भुगतान किया जाएगा, जिससे धनराशि का सही उपयोग सुनिश्चित हो सके।

उन्होंने कहा कि नाबार्ड की आरआईडीएफ योजना के तहत 50 से 100 वर्गमीटर आकार के छोटे पॉलीहाउस के लिए किसानों को 80 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। इस योजना के लिए 304.43 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्राप्त हुई है। अनुदान तीन किस्तों में सीबीडीसी वाउचर के माध्यम से दिया जाएगा।

कृषि मंत्री जोशी ने कहा कि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए 25 फर्मों एवं कंपनियों का पंजीकरण किया गया है और किसान अपनी सुविधा अनुसार किसी भी पंजीकृत फर्म के माध्यम से पॉलीहाउस निर्माण करा सकते हैं। साथ ही डिजिटल वॉलेट के माध्यम से सब्सिडी सीधे लाभार्थियों तक पारदर्शी और विश्वसनीय तरीके से पहुंचेगी। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने विश्वास जताया कि यह पहल न केवल किसानों की आय बढ़ाने में सहायक होगी, बल्कि प्रदेश की आर्थिक प्रगति को भी गति प्रदान करेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कृषि एवं उद्यान विभाग की विभिन्न योजनाओं का भुगतान सीबीडीसी के माध्यम से सुनिश्चित किया जाए, ताकि पारदर्शिता और समयबद्धता बनी रहे। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि किसानों को योजनाओं का अधिकतम लाभ देने के लिए ब्लॉक स्तर तक व्यापक प्रशिक्षण एवं जागरूकता अभियान चलाया जाए, जिससे अधिक से अधिक किसान इन योजनाओं से लाभान्वित हो सकें।

इस अवसर पर सचिव कृषि डा. एसएन पांडेय, निदेशक उद्यान सुंदर लाल सेमवाल, आईटीडीए के निदेशक आलोक कुमार पाण्डेय, आरबीआई से अरविन्द कुमार, यूनियन बैंक के अर्चना शुक्ला, प्रांजल वाजपेयी, नाबार्ड के डीजीएम अभिनव कापड़ी, उद्यान विभाग के संयुक्त निदेशक डा रतन कुमार, महेन्द्र पाल, नरेन्द्र यादव, कैप निदेशक नृपेन्द्र चौहान सहित जनपद स्तरीय अधिकारीगण एवं किसान उपस्थित रहे।

## ऋषिकेश में विद्युत लाइनों को भूमिगत किए जाने को 489 करोड़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** केन्द्र सरकार द्वारा ऋषिकेश में विद्युत लाईनों को भूमिगत किये जाने हेतु 489 करोड़ की धनराशि के साथ ही ऋषिकेश हरिद्वार एवं देहरादून शहरों में ''सुपरवाईजरी कण्ट्रोल एण्ड डाटा एक्विजिशन'' के तहत भी राज्य को 59 करोड़ की धनराशि प्रदान की गई है। केन्द्रीय विद्युत एवं आवासन और शहरी कार्यमंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी को प्रेषित पत्र में यह जानकारी दी गयी है।

मुख्यमंत्री ने इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के लिए प्रधनमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं विद्युत और शहरी कार्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे प्रदेश में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी, साथ ही गंगा कॉरिडोर क्षेत्र में सौंदर्यीकरण एवं व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने में भी मदद मिलेगी।

■ **मुख्यमंत्री ने जताया प्रधानमंत्री मोदी एवं विद्युत और शहरी कार्यमंत्री का आभार**

ज्ञातव्य है कि मुख्यमंत्री के अनुरोध पर केंद्र सरकार द्वारा सकारात्मक निर्णय लेते हुए आरडीएसएस योजना के अंतर्गत ऋषिकेश में विद्युत वितरण अवसंरचना सुदृढ़ीकरण एवं भूमिगत केबलिंग कार्यों को 489 करोड़ तथा ऋषिकेश, हरिद्वार एवं देहरादून शहरों में एससीएडीए/ डीएमएस/ ओएमएस प्रणाली के लिए 59 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि स्वीकृत परियोजनाओं का शीघ्र एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा क इससे कुंभ मेले के आयोजन के दृष्टिगत आवश्यक अवस्थापना सुविधाओं के विकास में भी सहायता मिलेगी।

## आइसा छात्र संगठन ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जताया रोष

श्रीनगर। ऑल इंडिया स्टूडेंट एसोसिएशन (आइसा) छात्र संगठन ने सतपुली में हुए पंकज कुमार प्रकरण को लेकर पुलिस प्रशासन के प्रदर्शन किया। विरोध स्वरूप छात्रों ने पुलिस प्रशासन का पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया। इस दौरान छात्रों ने आरोप लगाया कि मामले में गंभीर लापरवाही और उत्पीड़न के आरोप सामने आए हैं, जिनकी निष्पक्ष और पारदर्शी जांच अत्यंत आवश्यक है। मौके पर गढ़वाल विवि के छात्र संघ उपाध्यक्ष शिवांश नौटियाल ने पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाने की मांग की। साथ ही पंकज कुमार को न्याय दिलाएं जाने को लेकर एकजुट होकर न्याय की मांग की। कहा कि जब तक पीड़ित को न्याय नहीं मिलता, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। प्रदर्शन में आइसा नगर अध्यक्ष अरुणेश मिश्रा, सचिव परवेश बुटोला, पूर्व छात्रा प्रतिनिधि प्रियंका खत्री, उपाध्यक्ष युवराज, प्रिंस सहित आदि मौजूद थे।

# मसूरी में मना पं. बंगाल और असम में भाजपा की ऐतिहासिक जीत का जश्न

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**मसूरी।** प्रदेश के कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मसूरी के मॉल रोड़ में पार्टी पदाधिकारियों और स्थानीय लोगों के साथ मिठाई बांटकर एवं आतिशबाजी कर बंगाल असम राज्यों में भाजपा की ऐतिहासिक विजय का जोरदार जश्न मनाया। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने पार्टी पदाधिकारियों को मिठाई खिलाकर एक दूसरे को जीत को बधाई दी।

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने बंगाल की जनता ने भाजपा को जो आशीर्वाद दिया है, वह निश्चित ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत 2047' के संकल्प में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि जो लोग कहते थे कि मोदी मैजिक खत्म हो गया है। उन्होंने कहा कि मोदी



■ **कैबिनेट मंत्री जोशी ने पार्टी पदाधिकारियों को मिठाई खिलाकर दी एक दूसरे को जीत की बधाई**

मैजिक बरकरार है। उन्होंने कहा कि बंगाल के नतीजों ने साबित कर दिया है कि देश और राज्य की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी और उनकी विकास नीतियों पर भरोसा करती है। उन्होंने कहा कि यह जीत शविकसित भारतश की ओर बढ़ते कदमों का हिस्सा है और देश भाजपा के साथ मजबूती से खड़ा है।कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने बंगाल, असम सहित अन्य राज्यों के भाजपा कार्यकर्ताओं और केंद्रीय नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को इस ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई दी भी दी। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष मीरा सकलानी, भाजपा प्रदेश मंत्री नेहा जोशी, मंडल अध्यक्ष रजत अग्रवाल, ओपी उनियाल, मोहन पेटवाल, कुशाल राणा, सतीश ढौंढियाल मौजूद रहे।

## पुल से महिला ने लगाई अलकनंदा में छलांग

**श्रीनगर।** सोमवार सुबह बद्रीनाथ राजमार्ग कीर्तिनगर पुल से एक महिला ने अलकनंदा नदी में छलांग लगा दी।घटना की सूचना तब मिली जब प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर डाला गया, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। एसडीआरएफ इंस्पेक्टर मंजरी नेगी ने बताया कि सोमवार सुबह करीब आठ बजे एक महिला द्वारा श्रीनगर क्षेत्र की ओर से अलकनंदा नदी में छलाँग मारने की सूचना प्राप्त हुई है। महिला की पहचान रचना बमराडा (35 वर्ष), पत्नी सुभाष बमराडा, निवासी बिलकेदार, पौड़ी गढ़वाल के रूप में हुई है। बताया कि एसडीआरएफ एवं पुलिस की टीम रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी हुई है, अभी तक महिला का कोई भी सुराग नहीं मिल पाया है।


**यूजेवीएन लिमिटेड**
UJVNL
मुख्यालय 'उज्ज्वल' महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाष: 0135-2763808, फैक्स- 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0: U40101UR2001SGC025866 | वेबसाइट: www.ujvnl.com

पत्रांक-380 **ई-निविदा सूचना** दिनांक- 04/05/2026

कार्यालय अधिशासी अभियंता(वि0/यॉ0), इछाडी बॉध इच्छुक निविदादाताओं से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित करता है। ई-निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है.

**ई निविदा सं0:- 04/अ0अ0 (वि0/यॉ0)/इछाडी बॉध/2026-27.**

**कार्य/पूर्ति/सेवायें का नाम:** जिला देहरादून स्थित इछाडी बॉध पर प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली (EWS) को सुदृढ करने और इछाडी बॉध के E-Flow की निगरानी के लिये, बॉध के निचले प्रवाह क्षेत्र में डिस्चार्ज मॉनीटरिंग की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमिशनिंग का कार्य।

**अनुमानित लागत:** रू0 9893218.00 (जी.एस.टी. अतिरिक्त),

**वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि:** 05.05.2026 को 16.00 बजे से

**वेबसाईट पर निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि:** 26.05.2026 को 16.00 बजे तक

अन्य जानकारी हेतु कृपया ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल **http://uktenders.gov.in"** देखें।

**अधिशासी अभियंता (वि0/यॉ0)इछाडी बॉध**

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"


# खजानदास ने दिया वरिष्ठ नागरिक संगठन को समस्याओं के समाधान का आश्वासन

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** संयुक्त नागरिक संगठन देहरादून के पदाधिकारियों ने समाज कल्याण मंत्री खजानदास से भेट की। उन्होंने उत्तराखंड माता-पिता और वरिष्ठ नागरिको के भरण-पोषण तथा कल्याण नियमावली 2011 के क्रियान्वयन के लिए राज्य स्तर समेत जनपद स्तर पर वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओ के निवारण के लिए समितियों का गठन करने एंव अपनी विभिन्न समस्याओ के संबध में अवगत कराया तथा विभिन्न सुझाव दिये। समाज कल्याण मंत्री ने तत्काल सचिव एंव संबधित अधिकारियों को तत्संबंधी आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिये।

दास ने कहा कि हमारी सरकार एंव मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सदैव बुजुर्गो का सम्मान करते हैं तथा समय-समय पर तमाम



■ **समाज कल्याण मंत्री से की संयुक्त नागरिक संगठन देहरादून के पदाधिकारियों ने की मुलाकात**

बुजुर्गो एंव अन्य पीड़ित लोगो की समस्याओ से संबधित विषयों पर शासन के साथ-साथ आयुक्तो सहित जिलाधिकारियों से फीड बैक लेते रहते हैं तमाम वरिष्ठ नागरिको एंव जनप्रतिनिधियों से सुझाव मांगकर उनसे संबंधित विभिन्न समस्याओ का निवारण करते है।

दास ने कहा कि वे शीघ्र ही बुजुर्गों के हितो के लिये समाज कल्याण विभाग द्वारा जारी किये गये अधिनियम के अनुरूप शासन के अधिकारियों के साथ-साथ जिलास्तर पर जिलाधिकारी एंव पुलिस अधिकारियों के साथ अब तक समितियों के गठन के लिए की गई कार्रवाईयों की समीक्षा करेगे। वरिष्ठ नागरिक संगठनो के पदाधिकारियों को शामिल कर सुझाव मांगते हुये तमाम बिन्दुओ जैसे बुजुर्गो के स्वास्थ्य, सुरक्षा, संचार, पेशन आदि बिषयो पर वरिष्ठ नागरिक को आ रही समस्याओ के समाधान सहित सार्वजनिक स्थलो एंव सरकारी कार्यालयों जैसे पुलिस थानों, अस्पतालो, परिवहन स्टेशनो पर सम्मानपूर्वक प्रथमिकता दिये जाने सहित अनेक विषयों पर ठोस निर्णय लिये जायेगे जिससे वरिष्ठ नागरिको से संबधित किसी समस्या की पुनरावृति न हो।

प्रतिनिधिमण्डल में वरिष्ठ नागरिक समिति के गिरीश चन्द्र, नरेश चन्द्र, कुला, मुकेश नारायण, महसचिव सुशील त्यागी, सचिव देवेंद्र पाल मोन्टी, अश्वनी कुमार बख्शी, खुशवीर सिंह, प्रकाश नागिया, डा दिनेश सक्सेना, केशव चन्द्र उनियाल, डा राकेश डंगवाल, रजनीश मित्तल, एल आर कोठियाल, जसवीर सिंह, ठाकुर शेर सिंह, एसके गुप्ता मौजूद रहे।

## केरलम में जीत पर धीरेंद्र प्रताप ने हर्ष जताया

**देहरादून।** उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और प्रवक्ता धीरेंद्र प्रताप ने केरल में कांग्रेस पार्टी और उसके मित्र दलों की जीत पर हर्ष व्यक्त किया है। केरल के अलावा अन्य राज्यों में कांग्रेस और उसके मित्र दलों को अपेक्षित समर्थन न मिलने पर उन्होंने विचार व्यक्त किया कि कांग्रेस इन चुनाव के नतीजों से सबक सीखेगी और आने वाले दिनों में होने वाले चुनाव में अच्छी रणनीति के साथ जीत का मार्ग प्रशस्त करेगी। केरल जीत में पार्टी की जीत को उल्लेखनीय बताते हुए उन्होंने कहा की राहुल गांधी , प्रियंका गांधी और वेणुगोपाल की रणनीति से अंततः विरोधी दलों को हार का सामना करना पड़ा।


**PUBLIC NOTICE**

I, No JC-702023 M Pramod Kumar presently residing at 414 Field Hospital Dehradun. In my Army Documents my Mother's name is wrongly entered as Madhuri Rautela whereas correct Name is Madhuri Devi as per Aadhar card. It should be updated.



**यूजेवीएन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
UJVNL
मुख्य कार्यालय "उज्जवल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006, सिन नं: U40101UR2001SGC025866
दूरभाष सं0 0135-2763508, 2763808, फैक्स: 0135-2763507 वैवसाइट: www.ujvnl.com

सं0 378 **निविदा सूचना** दिनांक 04.05.2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (वि0/यां0) आराकोट-त्यूणी एवं त्यूणी-प्लासू परियोजनायें,डाकपत्थर द्वारा इच्छुक निविदादाताओं से मोहरबन्द निविदाय आमंत्रित की जाती है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:

**निविदा सं0:** 01/अधि0अभि0(वि0/यां0)/आराकोट-त्यूणी एवं त्यूणी-प्लासू/2026-27

**कार्य का नाम:** आराकोट-त्यूणी एवं त्यूणी-प्लासू परियोजना कार्यालय डाकपत्थर के विद्युत उपकरणों व डी0 जी0 सेट के वार्षिक परिचालन व अनुरक्षण के कार्य

अनुमानित लागत: **₹7,57,057.00**/-(जी.एस.टी.अतिरिक्त)

वेबसाइट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि:-05.05.2026, 17:00 बजे से

निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि:-26.05.2026, 13:00 बजे तक

अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट "www.ujvnl.com" से डाउनलोड किये जा सकते हैं।

**अधिशासी अभियन्ता (वि0/यां0)**

" बिजली के दुरूपयोग से बचें"



**यूजेवीएन लिमिटेड**
UJVNL
मुख्यालय "उज्जवल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाष संख्या: 0135-2763808, फैक्स नं0 0135-2763508
CIN No. U4101UR2001SGC025866 Website: www.ujvnl.com

पत्रांक: 375 **निविदा आमंत्रण सूचना** दिनांक 04.05.2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, परियोजना जानपद अनुरक्षण (गंगावैली), मायापुर, हरिद्वार द्वारा इच्छुक निविदादाताओं से मोहरबन्द एवं पृथक निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है: -

1. निविदा सूचना सन्दर्भ:-
निविदा संख्या:- 02/2026-27/अधि0अभि0/पीसीएम(जीवी)/मायापुर :- चीला स्थित चीला विद्युत गृह परिसर की वार्षिक बागवानी के रख-रखाव एवं साफ-सफाई का कार्य।
2. निविदा लागत:- रू0 24,97,724.12 मात्र, जी0एस0टी0 अतिरिक्त।
3. वेबसाइट पर निविदा की उपलब्धता की तिथि एवं समय :- 04 मई, 2026 16:00 बजे से।
4. निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय :- 25 मई, 2026 16:00 बजे तक।

उक्तकार्य के निविदाप्रपत्र निगम की वेबसाइट http://ujvnl.com से सीधे डाउनलोड किये जा सकते हैं और निविदा प्रपत्र का मूल्य निविदा जमा करते समय अदा किया जायेगा। पात्रता मापदंड एवं विस्तृत विवरण हेतु कृपया निगम की वेबसाईट देखें।

**अधिशासी अभियन्ता, परि0जान0अनु0 (गंगावैली), मायापुर, हरिद्वार**

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

# डीएम की जनसुनवाई में 32 का मौके पर निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कार्यालय सभागार में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस विशेष शिविर में कुल 70 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 32 समस्याओं का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को भेजते हुए समय सीमा के भीतर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने जनसुनवाई के दौरान आए फरियादियों की समस्याओं को एक-एक कर सुना। इस बार जनसुनवाई में तकनीक का भी बड़ा सहारा लिया गया। जनपद की 25 ग्राम पंचायतों में बने मिनी सचिवालयों के माध्यम से ग्राम प्रधानों और ग्रामीणों ने ऑनलाइन अपनी शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। जनसुनवाई में मुख्य रूप से राजस्व, भूमि विवाद, बिजली कटौती, राशन, जलभराव और अवैध कब्जे से जुड़ी समस्याएं छाई रहीं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनसेवा में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि लापरवाही मिलने पर जवाबदेही तय की जाएगी और कार्रवाई होगी। प्रमुख शिकायतों में न्यू विष्णु गार्डन में सरकारी भूमि पर अवैध डेयरी संचालन की शिकायत, अहमदपुर ग्रांट में जमीन की पैमाइश का मामला, औरंगाबाद में 10-12 घंटे बिजली कटौती से किसान परेशान, रिटायर्ड शिक्षक प्रदीप कुमार की रुकी हुई पेंशन, सलेमपुर में जलभराव की गंभीर समस्या रहीं। ग्राम प्रधान दुधला दयालवाला यशपाल सिंह ने ऑनलाइन माध्यम से हाईवे पर बोर्ड लगाने और गंगा किनारे तटबंध बनाने की मांग रखी। वहीं गोरधनपुर के ग्रामीणों ने स्कूल में जलभराव की समस्या उठाई। जिलाधिकारी ने इन सभी मामलों में स्थलीय निरीक्षण के आदेश दिए हैं। बैठक के दूसरे चरण में सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने पाया कि हेल्पलाइन पर दर्ज कई शिकायतें लंबे समय से लंबित हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि 36 दिन से अधिक पुरानी शिकायतों को तत्काल प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए। आंकड़ों के अनुसार वर्तमान में एल-1 स्तर पर 591 और एल-2 स्तर पर 111 शिकायतें निस्तारण की प्रतीक्षा में हैं। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि वे केवल कागजों पर समाधान न करें, बल्कि सीधे शिकायतकर्ता को फोन कर उनकी समस्या के बारे में जानकारी लें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी पीआर चौहान, मुख्य चिकित्सा अधिकारी आरके सिंह, जिला विकास अधिकारी वेद प्रकाश सहित बिजली, शिक्षा और लोनिवि के आला अधिकारी मौजूद रहे।

## नारद जयंती आयोजन समिति ने किया कार्यक्रम का आयोजन

# जनता के सामने सत्य लाना मीडिया की जिम्मेदारी : अशोक श्रीवास्तव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** वरिष्ठ पत्रकार लेखक व डीडी न्यूज के मुख्य एंकर अशोक श्रीवास्तव ने कहा कि देश को मजबूत बनाने के लिए समाज में सही इतिहास और संस्कारों का प्रसार जरूरी है। नारद जयंती के अवसर पर नारद जयंती आयोजन समिति द्वारा रविवार की देर शाम चंद्राचार्य चौक के समीप होटल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत ने कठिन परिस्थितियों में भी जनता को मुफ्त अनाज देकर मजबूती दिखाई, जबकि कई देशों में आर्थिक संकट के हालात बने। पश्चिम बंगाल चुनावों का जिक्र करते हुए कहा कि वर्षों बाद शांतिपूर्ण मतदान हुआ, जिसके लिए चुनाव आयोग और केंद्रीय बलों की सराहना होनी चाहिए। साथ ही मीडिया की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि सत्य को सामने लाना जरूरी है। स्वतंत्रता संग्राम का उल्लेख करते हुए उन्होंने भगत सिंह सहित अनेक बलिदानियों के त्याग को याद रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को इतिहास और संस्कृति से जोड़ने के लिए मंदिरों व समाज में प्रतियोगिताएं और संस्कार कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उत्तराखंड संस्कृत विवि के कुलपति प्रो.रमाकांत पांडेय ने बताया कि फिल्मों में भगवान नारद को विदूषक के रूप में प्रस्तुत करने से उनकी वास्तविक छवि प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा कि नारद मुनि को चुगली करने वाले पात्र के रूप में दिखाया गया, जबकि वे लोक कल्याण के संदेशवाहक और महान ज्ञानी थे। प्रो. पांडेय ने बताया कि नारद मुनि भक्तों के दुखों को भगवान तक पहुंचाने और ज्ञान का प्रसार करने वाले दैवीय दूत थे। वे बच्चों को शिक्षा देने वाले आदर्श गुरु के रूप में भी जाने जाते हैं। उन्होंने कहा कि समाज को अपने संस्कारों और शास्त्रीय परंपराओं को सही रूप में समझने की जरूरत है। विश्वविद्यालय स्तर पर भी भारतीय संस्कृति और संस्कारों के संरक्षण के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। महामंडलेश्वर स्वामी ललितानंद गिरी महाराज ने कहा कि भगवान के नाम का स्मरण और भक्ति ही मनुष्य को सच्ची शांति प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि नारद मुनि पूरे ब्रह्मांड में भ्रमण कर भगवान की लीलाओं का गुणगान करते थे और लोक कल्याण का संदेश देते थे। उन्होंने कहा कि केवल ध्यान से नहीं, बल्कि भाव, भक्ति और जीव सेवा से ही जीवन सफल होता है। "भज गोविंदम्" का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण को समझने से संपूर्ण जीवन का सार समझ में आ जाता है। स्वामी जी ने कहा कि महापुरुषों की सेवा और उनके सानिध्य से ही ज्ञान और सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है। उन्होंने उपस्थित लोगों से भक्ति मार्ग अपनाने और समाज सेवा के माध्यम से जीवन को सार्थक बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष अमित शर्मा ने तथा अतिथियों का स्वागत समिति के अध्यक्ष् वरिष्ठ पत्रकार बृजेन्द्र हर्ष ने किया। कार्यक्रम संयोजक ललितेन्द्र नाथ ने सभी का आभार व्यक्त किया। वरिष्ठ पत्रकार डा.शिवशंकर जायसवाल ने कार्यक्रम की भूमिका एवं प्रस्तावना रखी तथा जिला प्रचार प्रमुख देवेश वशिष्ठ व डा.रजनीकांत शुक्ल ने अतिथियों का परिचय कराया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कवि, लेखक,साहित्यक पंडित ज्वाला प्रसाद शांडिल्य की काव्यांजलि सत्यनारायण कथा का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचार प्रमुख पदम्, संघ के क्षेत्र प्रचारक प्रमुख जगदीश, जिला संचालक डा.यतींद्र नाग्यान, संस्कृत विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो.दिनेश चंद्र शास्त्री, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो.रूपकिशोर शास्त्री, प्रो.श्रवण शर्मा, डा.करुणा शर्मा, डा. विजयपाल सिंह, राजकीय महाविद्यालय भूपतवाला के प्राचार्य डा. संजय मल्होत्रा, डा.लोकेंद्र अथलवाल, प्रधानाचार्य अजय सिंह, आचार्य प्रवीण, गंगा सभा अध्यक्ष् नितिन गौतम, पंडित अधिर कौशिक, समाजसेवी जगदीश लाल पाहवा, ग्रीनमैन बघेल, प्रमोद शर्मा, विशाल गर्ग, वरिष्ठ पत्रकार रामचन्द्र कन्नौजिया, श्रवण झा, दीपक नौटियाल, राजकुमार, अश्वनी अरोड़ा, प्रेस क्लब महासचिव सूर्यकांत बेलवाल, प्रमोद पाल, प्रमोद गिरी, अनिरूद्ध भाटी, डा.परमिंदर सिंह, डा.रूपेश शर्मा, राहुल वर्मा, डा.अश्वनी चौहान, मुदित अग्रवाल, विकास चौहान, डा.हिमांशु द्विवेदी, डा. संतोष चौहान, रश्मि चौधरी, प्रतिभा वर्मा, कुमकुम शर्मा, ठाकुर शैलेन्द्र सिंह, मनोजानन्द, रविन्द्र सिंह, आरएसएस के विभाग प्रचार प्रमुख अनिल गुप्ता, कार्यक्रम सह संयोजक विकास तिवारी, सुमित सारस्वत, मनीष सैनी, डा.अनुराग, अर्पित, राजेश, प्रवीण शर्मा आदि मौजूद रहे।

# बुद्ध पूर्णिमा पर हरिद्वार में भव्य कैडर कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हरिद्वार।** गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर दि बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया (बीएसआई) शाखा, जिला हरिद्वार (उत्तराखंड) के तत्वावधान में एस.सी./एस.टी. फेडरेशन कार्यालय, डॉ. अंबेडकर मेमोरियल हॉल, सेक्टर 5 बी, भेल रानीपुर में भव्य कैडर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूज्य भंते करुणा सागर द्वारा बुद्ध वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समता सैनिक दल के राष्ट्रीय सचेतक अशोक सागर उपस्थित रहे। जबकि विशिष्ट अतिथियों में पी.पी. सिंह अशोक बौद्ध (प्रदेश अध्यक्ष, एसएसडी उत्तर प्रदेश), राकेश मोहन भारती (प्रदेश महामंत्री, बीएसआई उत्तर प्रदेश), रिषा गौतम (महिला विंग प्रदेश अध्यक्ष, बीएसआई उत्तर प्रदेश), मलखान सिंह यादव, गुरविंदर सिंह (कमांडर, एसएसडी दिल्ली), विनोद कुमार (महाप्रबंधक, एकम्स प्रा. लि.) एवं सजीवन बौद्ध (प्रदेश अध्यक्ष, बीएसआई उत्तराखंड) शामिल रहे। सभी अतिथियों का स्वागत बीएसआई हरिद्वार की टीम द्वारा पंचशील पटका, फूलमाला एवं गुलदस्ता भेंट कर किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि अशोक सागर ने संगठन की एकता और बाबा साहेब के विचारों पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज में समानता, सम्मान और संगठन की मजबूती अत्यंत आवश्यक है। पी.पी. सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा का निजीकरण बढ़ रहा है, ऐसे में समाज को अपने बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने और शैक्षणिक संस्थान स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ना होगा। राकेश मोहन भारती ने बुद्ध पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर द्वारा लिखित 'बुद्ध और उनके धम्म' पढ़ने तथा बौद्ध स्थलों के भ्रमण का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय शिक्षक राम सजीवन बौद्ध (प्रदेश अध्यक्ष, बीएसआई गढ़वाल मंडल) ने की। उन्होंने सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए बौद्ध धम्म के प्रसार को भारत की पहचान बताया और इसे आगे बढ़ाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर डॉ. समय सिंह बौद्ध, एड. रविंद्र गौतम, डॉ. संजय कुमार, डॉ. राजकुमार गौतम, प्रधानाचार्य फूलसिंह, मास्टर टिकेश कुमार, नरेश बौद्ध, बिट्टू कुमार, विकास नागयान, दीपक कुमार, अतुल बौद्ध, राजकमल बौद्ध, अरुण कुमार, ऋषिपाल बौद्ध, परितोष कुमार, प्रतीक गहराना, प्रदीप कुमार बौद्ध, बिजेंद्र सिंह बौद्ध, चंद किरण, रूपचंद आजाद, प्रताप सिंह, ओम प्रकाश, जॉनी अंबेडकर सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पश्चिम बंगाल व असम की ऐतिहासिक जीत पर भाजपाइयों ने मनाया जश्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हरिद्वार।** भाजपा विधानसभा हरिद्वार के कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल और असम के चुनाव में प्रचंड बहुमत से जीत मिलने पर चंद्राचार्य चौक पर जमकर आतिशबाजी की जोरदार नारेबाजी की और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया इस अवसर पर प्रदेश के पंचायती राज आयुष एवं आपदा मंत्री मदन कौशिक ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के लिए ऐतिहासिक दिन है जिस पश्चिम बंगाल की धरती से डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने इस राष्ट्रवादी विचार को लेकर आंदोलन प्रारंभ किया था आज उसी प्रदेश में देश की आजादी के बाद पहली बार भाजपा की सरकार बनने का श्रेय भाजपा के समर्पित कार्यकर्ताओं को जाता है इस जीत के पीछे हजारों कार्यकर्ताओं ने अपने प्राणों का बलिदान दिया है यह जीत पश्चिम बंगाल के कार्यकर्ताओं की मेहनत,लगन और त्याग का परिणाम है वही देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी का कुशल नेतृत्व और देश के गृहमंत्री माननीय अमित भाई शाह की सटीक चुनावी रणनीति का परिचायक है। भाजपा के वरिष्ठ नेता सुभाष चंद्र ने कहा की पश्चिम बंगाल और असम के जनादेश ने यह स्पष्ट कर दिया है कि देश की जनता न केवल प्रधानमंत्री जी के राष्ट्रवाद और सुशासन पर विश्वास कर रही है बल्कि यह जीत केवल चुनावी सफलता नहीं बल्कि विपक्ष की नकारात्मक राजनीति पर जनता का करारा जवाब है। भाजपा के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी विकास तिवारी ने कहा कि पश्चिम बंगाल जैसे कठिन राजनीतिक मैदान में भाजपा की बढ़त और असम जैसे राज्य में मजबूत वापसी ने भाजपा के कार्यकर्ताओं के मनोबल को दोगुना कर दिया है निश्चित रूप से आने वाले उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड जैसे राज्यों के विधानसभा चुनाव में भी भाजपा इसी प्रदर्शन को दोहराएगी। आज के कार्यक्रम में पार्षद राजेश शर्मा राजकुमार अरोड़ा सांसद प्रतिनिधि अनिल पुरी पार्षद अनिल कुमार मृदुल शास्त्री सिंघल मंजू रावत सरोज जाखड़ राहुल शर्मा गौरव भाटिया पार्थ दुबे करण वर्मा सुनील सैनी सिद्धार्थ कौशिक निशा नौडियाल गुलशन अरोड़ा ए. वी भारती रविकांत शर्मा मनोज शर्मा निर्मल भट्ट श्याम बाबू शर्मा अशोक गिरी पवन दबोड़ीया मंडल अध्यक्ष राजेंद्र कटारिया योगेंद्र पाल रवि अंकित रघुवंशी सुभाष जांगिड़ आदि उपस्थित रहे।

# विधनसभा चुनावों में भाजपा की जीत पर मेयर व पार्षदों ने मनाया जश्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों में पश्चिम बंगाल, असम और पांडिचेरी में भाजपा की जीत पर भाजपा पार्षदों एवं कार्यकर्ताओं ने मेयर किरण जैसल के कार्यालय पर आतिशबाजी और ढोल नगाड़ों की थाप पर जमकर जश्न मनाया और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की शुभकामनाएं दी। कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए मेयर किरण जैसल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को आर्थिक रूप से मजबूत कर रहे हैं और देश सुरक्षित हाथों में है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के शासन से परेशान पश्चिम बंगाल जनता ने भय मुक्त सुशासन को पंसद किया और भाजपा की रीती नीतियों पर विश्वास जताया है। मेयर किरण जैसल ने कहा कि भाजपा बंगाल का विकास करेगी और जनता की आकांक्षाओं को पूरा करेगी। मेयर प्रतिनिधि सुभाषचंद ने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्य कुशलता पर भरोसा किया है। भाजपा सभी वर्गों को साथ लेकर विकास करती है। जबकि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी लगातार तुष्टिकरण की राजनीति कर रही थी। भाजपा सरकार बनने से पश्चिम बंगाल की जनता को महंगाई बेरोजगारी से निजात मिलेगी। पार्षद अनुज सिंह एवं सपना शर्मा ने हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता के चलते बंगाल की जनता ने भाजपा पर भरोसा जताया है। प्रदीप त्यागी ने कहा कि ममता बनर्जी कि गलत नीतियों के चलते बंगाल की जनता बदलाव चाहती थी। इस दौरान सपना शर्मा, मंजू रावत, मोनिका गिहार, ममता नेगी, निशा पुंडीर, आशी भारद्वाज, सुनील पांडे, दीपक शर्मा, हरविंदर, सचिन शर्मा, आदेश सैनी, अनिल वशिष्ठ, नागेंद्र राणा, सचिन अग्रवाल, दीपक शर्मा, अनुज सिंह, सूर्यकांत शर्मा, प्रदीप त्यागी, शुभम मंडोला, मुकुल पाराशर, मनोज कुमार परालिया, योगेंद्र सैनी, ममता नेगी, अनुज सिंह, विनीत चौहान आदि शामिल रहे।

# यूथ कांग्रेस ने की प्रवक्ता परीक्षा की तारीख बदलने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** यूथ कांग्रेस ने उत्तराखंड लोक सेवा आयोग द्वारा प्रस्तावित प्रवक्ता मुख्य परीक्षा की तिथियों में बदलाव की मांग की है। इस संबंध में यूथ कांग्रेस के प्रदेश महासचिव उत्कर्ष वालिया के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने आयोग को ज्ञापन भी दिया है। यूथ कांग्रेस प्रदेश महासचिव उत्कर्ष वालिया ने आयोग से परीक्षा तिथियों में बदलाव की मांग करते हुए कहा कि 9-10 मई प्रवक्ता मुख्य परीक्षा निर्धारित है। 9-10 मई को ही उत्तर प्रदेश में प्रवक्ता परीक्षा आयोजित की जा रही है। उत्कर्ष वालिया ने बताया कि यूकेपीएससी ने 3 फरवरी को परीक्षा तिथियों की घोषणा की थी। जबकि उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग प्रयागराज ने 20 जनवरी को ही अपनी परीक्षा तिथियां घोषित कर दी थीं। दोनों राज्यों की परीक्षाएं एक ही दिन होने से उन अभ्यर्थियों को नुकसान होगा। जिन्होंने दोनों परीक्षाओं के लिए आवेदन किया है और लंबे समय से तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भौगोलिक दूरी और यात्रा संबंधी बाधाओं के कारण एक ही दिन दोनों परीक्षाओं में शामिल होना संभव नहीं है। जिससे युवाओं के अवसरों का हनन होगा। इसलिए युवाओं के हितों को देखते हुए उत्तराखंड प्रवक्ता परीक्षा की तिथि किसी अन्य दिन निर्धारित की जाए। ज्ञापन देने वालों में अबरार अली, उज्जवल मानू, धनीराम शर्मा, प्रदीप कुमार, रवि कुमार, राकेश गुप्ता, तरुण, आशु श्रीवास्तव, वसीम सलमानी, हिमांशु आदि शामिल रहे।

# देर रात तक चाय व होटल खोलने वालों पर पुलिस का शिकंजा, समय पर बंद न करने पर होगी करवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** क्षेत्र में सुरक्षा और शांति व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए पुलिस ने देर रात तक खुलने वाले खान-पान के प्रतिष्ठानों पर ध्यान केंद्रित किया है। ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने रात के समय दुकानें खोलने वालों को पुलिस ने सड़कों पर गश्त करते हुए उन दुकानदारों को सख्त चेतावनी दी, जो तय समय के बाद भी चाय व होटल हुए थे। पुलिस को जानकारी मिल रही थी कि देर रात तक होटल और चाय की दुकानें खुली रहने से वहां लोगों की अनावश्यक भीड़ जमा हो रही है। इसे देखते हुए टीम ने औचक निरीक्षण किया और मौके पर मौजूद दुकानदारों को भविष्य के लिए कड़ी हिदायत दी। पुलिस ने किसी भी दुकानदार पर फिलहाल कोई कानूनी कार्यवाही नहीं की, बल्कि उन्हें नियमों का पालन करने के लिए अंतिम चेतावनी दी है। ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी चंद्रभान सिंह अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा के लिहाज से देर रात तक भीड़ जुटाना उचित नहीं है। दुकानदारों को निर्देश दिए गए है कि वे अपने प्रतिष्ठान निर्धारित समय पर ही बंद कर दें। पुलिस ने स्पष्ट किया कि यह चेतावनी क्षेत्र में सुरक्षा बनाए रखने के लिए दी गई है। पुलिस की इस पहल का उद्देश्य रात के समय सड़कों पर होने वाली अनावश्यक हलचल को रोकना है।

## गंगनहर में मिला अज्ञात शव

**हरिद्वार।** ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र में सोमवार को गंगनहर से एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मृतक की पहचान करने की कोशिश कर रही है। मृतक की उम्र लगभग 40 वर्ष के आसपास है। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा।

## बेमौसम बारिश ने किसानों की बढ़ाई चिंता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहादराबाद।** विकास खण्ड क्षेत्र के कई गांव में रविवार रात को बेमौसम बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। इस बारिश से खेतों में कटी पड़ी गेहूं की बची हुई फसल को नुकसान पहुंचा है। वहीं, मौसम ठंडा होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। किसान वीरेन्द्र ने बताया कि अभी भी कई किसानों का भूसा खेतों में पड़ा हुआ है, जिसके भीगने से भारी नुकसान हो सकता है। इसके अतिरिक्त, जिन किसानों ने गेहूं काटकर बोझ बांध दिए हैं, उनकी कटाई (कतराई) अभी बाकी है, जिस पर बारिश का असर पड़ा है।

# प्राचीन ऋषि मुनियों की परंपरा पर चलकर ही सनातन को बढ़ाया जा सकता है आगे : स्वामी हरिचेतनानंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** महामंडलेश्वर स्वामी हरिचेतनानंद ने कहा कि सबके कल्याण की कामना करने वाली सनातन धर्म संस्कृति विश्व की सबसे महान संस्कृति है। श्यामपुर कांगड़ी स्थित श्री श्याम वैकुण्ठ धाम के परमाध्यक्ष स्वामी श्याम सुंदर महाराज से धर्म चर्चा करते हुए स्वामी हरिचेतनानंद महाराज ने कहा कि पूर्व में राजनेता संतों के पास आशीर्वाद लेने जाते थे। लेकिन वर्तमान में इसका उलटा हो रहा है। अब संत राजनेताओं के पास जा रहे हैं। संतों को एकजुट होकर इस नयी परिपाटी को बदलना होगा। उन्होंने कहा कि संत समाज को अपनी गरिमा को कायम रखते हुए ऋषि परंपराओं की पुर्नस्थापना करनी होगी। जिसमें बड़े-बड़े राजा महाराज संतों की कुटिया पर नमन करने जाते थे। प्राचीन ऋषि मुनियों की परंपरा पर चलकर ही सनातन को आगे बढ़ाया जा सकता है। श्याम सुंदर महाराज ने कहा कि अपनी परंपराओं और संस्कृति से जुड़कर ही देश को आगे बढ़ाया जा सकता है। पाश्चात्य संस्कृति का अनुसरण कर रहे युवा वर्ग का मार्गदर्शन करने के लिए संत समाज के साथ मिलकर अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत ने हमेशा ही विश्व का मार्गदर्शन किया है। संत समाज भारत के इस गौरव को आगे बढ़ाने का काम करेगा। महामंडलेश्वर स्वामी राजेश्वर दास महाराज ने कहा कि स्वामी श्याम सुंदर महाराज सनातन धर्म संस्कृति और परंपरांओं को आगे बढ़ा रहे है। गौमता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने का स्वामी श्याम सुंदर का संकल्प बालाजी महाराज के आशीर्वाद से अवश्य पूरा होगा।

## तमंचे व कारतूस समेत संदिग्ध गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** थाना सिडकुल पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया है। आरोपित के कब्जे से 315 बोर का तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकद्मा दर्ज किया है। एसएसपी के आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने के निर्देशों के अनुपालन में थाना सिडकुल पुलिस टीम ने नवोदय नगर तिराहे पर चेकिंग अभियान के दौरान संदिग्ध लगने पर आयुष त्यागी पुत्र संजय त्यागी निवासी किवाड़ा थाना धामपुर जनपद बिजनौर उत्तर प्रदेश हाल निवासी महादेवपुरम थाना सिडकुल को दबोच लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस टीम में एसआई देवेंद्र चौहान, कांस्टेबल नरेन्द्र चौहान व तनवीर अली शामिल रहे।

# खुलेआम जाम छलका रहे 14 नशेड़ी दबोचे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहादराबाद।** सार्वजनिक स्थानों व ढाबों में बैठकर जाम छलकाने पर कार्यवाई करते हुए बहादराबाद पुलिस ने 14 नशेड़ियों को दबोच लिया। साथ ही तीन वाहन सीज कर दिए। पुलिस ने खुलेआम शराब पीकर हुड़दंग करने वालों को सख्त कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी है। ऑपरेशन प्रहार के तहत एसएसपी के निर्देश पर पुलिस सार्वजनिक स्थानों, होटल-ढाबों एवं सड़क किनारे शराब पीकर हुड़दंग करने वाले असामाजिक तत्वों पर लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में बहादराबाद कोतवाली पुलिस ने बेगमपुर इंडस्ट्रियल एरिया क्षेत्र में शराब के नशे में राह चलती महिलाओं पर फब्तियां कसने की शिकायतों पर विशेष अभियान चलाते हुए दुकानों और सड़कों के किनारे शराब पीकर हुड़दंग मचा रहे 14 लोगों को हिरासत में लेकर 81 पुलिस एक्ट के अंतर्गत चालान की कार्रवाई करते हुए 7 हजार रूपए जुर्माना वसूल किया। इस दौरान तीन वाहन भी सीज कर दिए गए।

# दुस्साहस : सलेमपुर सेकेंड में स्पोर्ट्स क्लब के लिए बंधा की मिट्टी खोद डाली

## तस्वीरों ने खोली पोल, सरकारी संपत्ति को पहुंचाया नुकसान, उठे सवाल?

**अंदरूनी इलाके में चलता रहा काम, प्रशासन को नहीं लगी भनक**
**बिना अनुमति कर डाला खेल, विभागीय जिम्मेदारों पर सवाल?**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** सलेमपुर सेकेंड में खेतों के बीच स्पोर्ट्स क्लब और स्विमिंग पूल बनाने के नाम पर नियमों को धता बताकर कुछ लोगों ने बंधे को ही काट डाला। मौके से सामने आई तस्वीरों ने इस पूरे खेल की परतें खोल दी हैं। जहां बंधे की मिट्टी हटाकर उसे समतल कर निजी उपयोग में लाया गया है। अब देखने वाली बात है ये कि नियमों को ताक पर रखकर चोरी छिपे किए गए इस खेल में क्या कोई कार्रवाई होगी या सिर्फ जिम्मेदार ऐसे ही आंखें मूंदे बैठे रहेंगे?

सूत्रों के अनुसार, सलेमपुर सेकेंड में खेतों के बीच बना बंधा सिंचाई विभाग की ओर से जल संरक्षण और सुरक्षा के उद्देश्य से तैयार किया गया था। अब इसकी देखरेख या अन्य चीजें प्रशासन के अधीन आती हैं। निर्माण कार्य के लिए इस बंधे को ही काटकर अंदर जाने का रास्ता बना दिया गया। इतना ही नहीं, निकाली गई मिट्टी को वहीं समतल करने में इस्तेमाल कर दिया गया, जो नियमों का सीधा उल्लंघन है। मौके से सामने आई तस्वीरें साफ तौर पर दिखा रही हैं कि किस तरह बंधे की संरचना को नुकसान पहुंचाया गया है। मिट्टी हटाकर रास्ता तैयार किया गया और बड़े स्तर पर जमीन समतल की गई। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि काम लंबे समय से चल रहा था, लेकिन जिम्मेदार विभागों की नजर इस ओर नहीं पड़ी।



सबसे बड़ा सवाल यह है कि इतने बड़े स्तर पर हो रहे कार्य की भनक प्रशासन को क्यों नहीं लगी? अंदरूनी क्षेत्र होने का हवाला देकर क्या जिम्मेदारी से बचा जा सकता है? या फिर यह सब कुछ प्रशासन की जानकारी में होते हुए भी नजरअंदाज किया गया?

विशेषज्ञों का मानना है कि बंधे को काटना न केवल गैरकानूनी है, बल्कि इससे जलभराव, कटाव और आसपास के खेतों को नुकसान होने की आशंका भी बढ़ जाती है। बंधा जल निकासी और संरक्षण का अहम माध्यम होता है, ऐसे में उसकी संरचना से छेड़छाड़ गंभीर परिणाम दे सकती है।

### उठे सवाल, क्या होगी कार्रवाई

क्या बंधे को काटने की अनुमति किसी विभाग से ली गई थी? सिंचाई विभाग को इसकी जानकारी क्यों नहीं हुई? क्या निर्माण कार्य बिना नक्शा पास कराए किया जा रहा है? जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका क्या रही? नुकसान की भरपाई कौन करेगा?

वहीं, स्थानीय लोगों ने मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि सरकारी संपत्ति को इस तरह नुकसान पहुंचाना न सिर्फ नियमों का उल्लंघन है। अब देखना यह होगा कि राजस्व विभाग और जिला प्रशासन इस मामले को कितनी गंभीरता से लेता है और जिम्मेदारों पर कब तक कार्रवाई होती है, या फिर यह मामला भी अन्य मामलों की तरह फाइलों में दबकर रह जाएगा।


## कार्यालय नगर निगम, हरिद्वार

पंत्राक :- 249/नि0वि0/2026-27 दिनांक 04-05-2026

**निविदा सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत बरसाती नालों की सफाई एवं मलबा निस्तारण कार्य हेतु निवदि आमंत्रित की जाती है, जो निर्माण अनुभाग में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो द्वारा निविदा प्रपत्र दिनांक 04.05.2026 से दिनांक 18.05.2026 को अपराह्न 2:00 बजे तक सीलबन्द लिफाफों में निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 19.05.2026 को अपराह्न 12:00 बजे तक कार्यालय में जमा की जायेगी तथा उक्त तिथि में अपरान्ह 03:00 बजे गठित समिति एवं निविदादाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। जिनकी निविदा प्रपत्र कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, नगर निगम, हरिद्वार से दिनांक 18.05.2026 को 02:00 बजे तक किसी भी कार्य दिसव में निर्धारित शुल्क जमा कराकर क्रय की जा सकती है, जिनकी सूचना मुख्य कार्यालय व निर्माण अनुभाग सूचना पट्ट पर चस्पा है तथा निविदा शर्तें व अन्य जानकारी कार्यालय में देखी जा सकती है। निविदा की वैधता निविदा खुलने की तिथि से 90 दिवस की अवधि तक होगी, निविदा के साथ धरोहर राशि के रूप में भारत के शैड्यूल बैंक द्वारा जारी एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0/टी0डी0आर0/राष्ट्रीय बचत पत्र लेखाधिकारी, नगर निगम, हरिद्वार के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिर्वाय हैं। उक्त सभी अथवा किसी भी निविदा को बिना कारण बतायें स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम, हरिद्वार में निहित हैं।

**अधिशसी अभियंता,**
**नगर निगम, हरिद्वार।**



**सूचना**

मैंने अपने पुत्र का नाम इसा फारूखी (Isa Farooqi) से बदलकर कर ईसा चौधरी (Isa Choudhary) रख लिया है भविष्य में उसे ईसा चौधरी (Isa Choudhary) पुत्र नाजीश पत्नी स्व. मौ. राशिद के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए। निवासी 534/12 ए भारत नगर रुड़की जिला हरिद्वार।

**सूचना**

मैने अपनी पुत्री का नाम लीजा (Liza) से बदलकर कर लीजा चौधरी (Liza Chaudhary) रख लिया है भविष्य में उसे लीजा चौधरी (Liza Chaudhary) पुत्री नाजीश पत्नी स्व. मौ. राशिद के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए। निवासी 534/12 ए भारत नगर रुड़की जिला हरिद्वार।

**सूचना**

मेरे पुत्र पारस त्यागी की आई०सी०एस०सी० बोर्ड नई दिल्ली द्वारा जारी कक्षा 10 की मार्कशीट वर्ष 2025, एस०डी०ए० इंटर कालेज रूडकी, यूनिक आईडी 8583915 इनडेक्स नं०-1257333/076 सर्टिफिकेट नं० 225596 घर से मंगलौर जाते हुए रास्ते में कही गुम हो गयी है जो काफी तलाश करने पर भी नहीं मिल पाई है। प्रीति त्यागी पत्नी संदीप कुमार, 174 कर्नल एन्क्लेव ढंडेरा पोस्ट मिलापनगर रुड़की (हरिद्वार)।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।
**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# ईएमएस कंपनी की कार्यप्रणाली के विरोध में कांग्रेसियों का धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** ईएमएस कंपनी द्वारा कथित मनमानी एवं अनियंत्रित तरीके से किए जा रहे कार्यों के विरोध में पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत आज पूर्व सभासद शम्मी प्रकाश के नेतृत्व में विकासनगर के मंडी चौक में धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया।

धरना कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं शहर के गणमान्य नागरिकों ने भाग लेते हुए ईएमएस कंपनी तथा शहरी विकास डेवलपमेंट एजेंसी के खिलाफ नारेबाजी की। धरने को संबोधित करते हुए पूर्व सभासद शम्मी प्रकाश ने कहा कि खराब मौसम के बावजूद जिस प्रकार जनप्रतिनिधियों और शहरवासियों ने धरने को समर्थन दिया है, वह इस बात का



**कंपनी द्वारा पूरे शहर में गुणवत्ता विहीन कार्य करने से जनता परेशान: संजय जैन**

प्रमाण है कि क्षेत्र की जनता कंपनी की कार्यप्रणाली से बेहद परेशान है। उन्होंने कहा कि 10 दिन पूर्व शहरी विकास डेवलपमेंट एजेंसी को ज्ञापन सौंपा गया था, लेकिन इसके बावजूद कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई।

इसी के विरोध में यह धरना आयोजित किया गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो प्रत्येक गली में पदयात्राएं और धरना प्रदर्शन किए जाएंगे तथा ठेकेदार, उसके प्रवक्ताओं और सरकारी मशीनरी को लगातार सचेत किया जाएगा।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संजय किशोर ने कहा कि कंपनी ने विकासनगर की जनता को अत्यधिक परेशान कर दिया है। लोगों में भारी आक्रोश है और कांग्रेस इस भ्रष्ट कार्यप्रणाली के खिलाफ जन आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान धरना केवल सांकेतिक है, आने वाले समय में इसे बड़े आंदोलन का रूप दिया जाएगा। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता संजय जैन ने आरोप लगाया कि कंपनी पूरे शहर में गुणवत्ता विहीन कार्य कर रही है, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मंडी समिति के पूर्व सभापति विपुल जैन ने कहा कि कंपनी को अपनी कार्ययोजना सार्वजनिक करनी चाहिए और जनता को स्पष्ट रूप से बताना चाहिए कि उसका रोडमैप क्या है। जनसुनवाई के नाम पर केवल अपनी सफाई देना और कार्यों का गुणगान करना क्षेत्र की जनता के साथ धोखा है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

धरने में सभासद सुमन लता, सोमेंद्र टंडन, पूर्व सभासद राजेंद्र बिंजोला, विजेंद्र वालिया, के.के. गौतम, आर. एस. तोमर, रवि प्रकाश अग्रवाल, एडवोकेट नितिन वर्मा, रेशमा अंसारी, सभासद लवलेश शर्मा, निशांत त्यागी, फहीम अंसारी, अमरदीप मजीठिया, रिंकू कनौजिया, राहुल वर्मा, भूपेश उपाध्याय, बेली राम ठाकुर, मोहम्मद अर्शी, असद खान, शिवली जैदी, वैभव गुप्ता, अनस मुनीर, दिवाकर पैट्रिक, नौशाद अली, डैनी रॉबर्ट, फुरकान अहमद, विपिन जैन, विनोद टाइट्स, अरविंद कुमार, प्रशांत रोहिल्ला, संदीप सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# पूर्व सैनिकों, मातृशक्ति व युवाओं ने थामा उक्रांद का दामन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेलाकुई।** सेलाकुई स्थित एक फार्म हाउस में उत्तराखण्ड क्रान्ति दल द्वारा सदस्यता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के लगभग 747 पूर्व सैनिकों, मातृशक्ति एवं युवाओं ने दल की सदस्यता ग्रहण की। पछवादून में उक्रांद का जनाधार भी इसके साथ बढ़ गया है।

कार्यक्रम उत्तराखंड क्रान्ति दल के सैनिक प्रकोष्ठ के संयोजन में हुआ जिसमे पूर्व सैनिक निरंजन चौहान के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोगों ने उक्रांद के समर्थन में एकजुटता दिखाई और दल का दामन थामा। निरंजन चौहान क्षेत्रीय मुद्दों को निरंतर प्रमुखता से उठाते रहे हैं और पछवादून क्षेत्र में उनका प्रभाव भी

**उक्रांद राज्य के हक की लड़ाई को और मजबूती देगा: कुकरेती**

व्यापक है। कार्यक्रम में उक्रांद के केंद्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र कुकरेती ने उत्तराखण्ड के ज्वलंत मुद्दों पर विस्तार से अपने विचार रखे।

विशेष रूप से मूल निवास एवं सशक्त भू-कानून, परिसीमन में न्यायपूर्ण व्यवस्था, स्थानीय युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता तथा क्षेत्रीय पहचान और संसाधनों की सुरक्षा जैसे विषयों पर जोर दिया गया। कहा उत्तराखंड के मूल मुद्दों, मूल निवास, भू-कानून, रोजगार और पलायन पर ठोस निर्णय लेने का समय आ चुका है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय दल ही उत्तराखंड की वास्तविक आवाज हैं और जनता के सहयोग से उक्रांद राज्य के हक की लड़ाई को और मजबूती देगा।

इस अवसर पर उक्रांद के केंद्रीय उपाध्यक्ष कर्नल सुनील कोटनाला, खुशाल सिंह गड़िया, उक्रांद के महामंत्री कर्नल कैलाश देवरानी, मीडिया प्रमुख संजय सिलस्वाल, विकास रयाल, मूल निवास भू-कानून प्रकोष्ठ के प्रमुख लूशून टोडरिया, ऋषिकेश से युवा पार्षद पार्षद संजय नेगी 'सूरी', मनोज कोठियाल, नरेंद्र सिंह नेगी, ताजवर सिंह रावत, धनंजय बिष्ट, मोहन सिंह, गोदांबरी देवी, वीर नारी आशा बिष्ट, देव पटवाल, भागवत सिंह, पृथ्वी सिंह, जगदीश नेगी, सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# नशामुक्त वातावरण में संपन्न हुआ मुंडन संस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जाखणीधार ब्लाक के अंतर्गत कांडी गांव में भाजपा जिलाध्यक्ष उदय रावत ने अपने पुत्र का मुंडन संस्कार पूरी तरह नशामुक्त वातावरण में संपन्न कर एक सकारात्मक सामाजिक संदेश दिया। पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में नशे से दूर रहकर संस्कारों को प्राथमिकता देने की पहल ने उपस्थित जनसमूह को खासा प्रभावित किया। जिलाध्यक्ष उदय रावत ने कहा कि हमारी संस्कृति में संस्कारों का विशेष महत्व है।

सामाजिक और पारिवारिक आयोजनों को नशामुक्त बनाकर हमें आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान शराब नहीं संस्कार मुहिम के प्रणेता सुशील बहुगुणा ने उदय रावत को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते हुए उनके इस सराहनीय कदम की प्रशंसा की।

उन्होंने कहा कि सामाजिक आयोजनों को नशामुक्त बनाना समय की मांग है। इस प्रकार के प्रयास समाज में नई सोच और सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस मौके पर टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय, देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी, पूर्व मंत्री दिनेश धनाई, पूर्व विधायक धन सिंह नेगी, दर्जाधारी विनोद सुयाल, मंडल अध्यक्ष चंबा नीरज खत्री, संदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

# बॉलीवुड सिंगर सलमान अली के गीतों पर झूमे छात्र

**शाह टाइम्स संवादाता**

**सेलाकुई।** माया देवी यूनिवर्सिटी में तीन दिनों तक चले वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव जेनराग 2026 की रविवार को अंतिम शाम बॉलीवुड सिंगर सलमान अली के नाम रही जैसे ही वह स्टेज पर आए छात्रों का उत्साह देखते ही बनता था सलमान अली ने भी वहां उपस्थित दर्शकों को निराश नहीं किया, उन्होंने कहा कि वह देहरादून तो इससे पहले भी कई बार आए हैं परंतु जितने उत्साह के साथ आपने मेरा स्वागत किया, मुझे प्यार दिया इतना इससे पहले कहीं नहीं मिला मुझे इतना प्यार देने के लिए दिल की गहराइयों से सभी दर्शकों का आभार।

इसके बाद शुरुआत हुई गीत संगीत कार्यक्रम की जिसमें सबसे पहले



**फिर से एक बार उजड़ जाते हैं, चल तेरे इश्क में पड़ जाते हैं' जैसे गीतों पर छात्र जमकर झूमे**

गाना गया 'श्री गणेशा देवा श्री गणेशा उसके बाद कर लो कदर हमारी हम करते हैं प्यार तुमसे जिसमें वहां उपस्थित दर्शक भी उनके साथ-साथ गुनगुनाने लगे इसके बाद रब करे तुझको भी प्यार हो जाए, तेरी चुनरिया दिल ले गई दूल्हे का सहारा, फिर से एक बार उजड़ जाते हैं, चल तेरे इश्क में पड़ जाते हैं साहित कई गाने गए।' इसके बाद दर्शकों की फरमाइश पर पंजाबी सहित कई बॉलीवुड गाने गा कर उपस्थित छात्रों को देर रात तक थिरकने के लिए मजबूर कर दिया।

इससे पूर्व सांस्कृतिक महोत्सव जेन. राग का उद्घाटन विश्वविद्यालय की प्रेसिडेंट एमएल जुयाल, वाइस प्रेसिडेंट प्रो. डॉ. तृप्ति जुयाल सेमवाल, वॉइस चांसलर प्रो. डॉ. आशीष सेमवाल, प्रो वाइस चांसलर प्रो. डॉ. संदीप विजय, रजिस्ट्रार अंबिका जुयाल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। सेलिब्रिटी नाइट से पूर्व छात्रों द्वारा कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न प्रदेशों का नृत्य, पेंटिंग सहित कई कार्यक्रम थे, इसके पश्चात सभी विजेताओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सीता जुयाल, डॉ. विकास कुमार सहित सभी प्रिंसिपल, डीन, शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र उपस्थित थे।

## एक नजर .......

### शिवालिक एकेडमी के विद्यार्थियों का मुआय थाई चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**सेलाकुई।** रेड फोर्ट इंटरनेशनल स्कूल, ऋषिकेश में आयोजित उत्तराखंड राज्य मुआय थाई चौम्पियनशिप 2026 में शिवालिक एकेडमी के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर अपने विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इस प्रतियोगिता में शिवालिक एकेडमी के कुल 8 विद्यार्थियों ने भाग लिया और सभी खिलाड़ियों ने पदक जीतकर एक उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की। प्रतियोगिता में विन्श तोमर, वर्णिका कठैत, अभिनव बोरा और दीपिका राणा ने स्वर्ण पदक प्राप्त किए, जबकि देवांश थापा, अश्विनी थापा और दिव्या चौहान ने रजत पदक अपने नाम किए। वहीं, पुनीत राणा ने कांस्य पदक जीतकर टीम की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। सभी विजेता खिलाड़ियों का चयन आगामी राष्ट्रीय मुआय थाई चौम्पियनशिप के लिए हुआ है, जो 1 जून से 4 जून 2026 तक हल्द्वानी में आयोजित की जाएगी। विद्यालय की प्रधानाचार्य रजनी त्यागी ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

### बांध प्रभावितों का धरना सातवें दिन भी रहा जारी

**नई टिहरी।** टिहरी बांध प्रभावितों और विस्थापितों का बौराड़ी स्थित गणेश चौक पर क्रमिक अनशन सोमवार को सातवें दिन भी जारी रहा। आंदोलनकारियों ने कहा कि यह उनके हक की लड़ाई है और जब तक मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती, तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा। प्रदर्शनकारियों ने शासन-प्रशासन पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि वे पिछले दो माह से अधिक समय से शांतिपूर्ण धरना दे रहे हैं, लेकिन उनकी आवाज को लगातार अनसुना किया जा रहा है। इसी के चलते उन्हें अनशन का रास्ता अपनाना पड़ा। सोमवार को क्रमिक अनशन पर कौशल्या देवी और सरोजनी देवी बैठे। आंदोलनकारियों का कहना है कि लंबे समय से धरना देने के बावजूद प्रशासन ने उनकी कोई सुध नहीं ली। उन्होंने इसे अपने अधिकारों की लड़ाई बताते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द ही सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा। आंदोलनकारियों की प्रमुख मांगों में टिहरी बांध से मिलने वाली 12 प्रतिशत रायल्टी को जिले के विकास कार्यों में खर्च करना, प्रभावित परिवारों को मुफ्त बिजली और पानी उपलब्ध कराना शामिल है। उन्होंने शासन-प्रशासन से जनभावनाओं का सम्मान करते हुए शीघ्र समाधान निकालने की मांग की है। धरना स्थल पर सागर भंडारी, मानवेंद्र सिंह रावत, देवांक चमोली, सीमा कृषाली, आशा रावत, विपिन पंवार, अब्बल सिंह नेगी, एमएल सेमल्टी, विजयपाल सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

### थत्यूड में पार्किंग निर्माण कार्य शुरू

**नई टिहरी।** थत्यूड बाजार के समीप स्वीकृत मल्टी लेवल कार पार्किंग निर्माण कार्य हुआ प्रारंभ। थत्यूड बाजार के ढाणा रोड ब्रहमसारी के समीप मल्टीलेवल कार पार्किंग का निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है। क्षेत्रीय विधायक प्रीतम सिंह पवार के अथक प्रयासों से थत्यूड बाजार के ढाणा रोड ब्रहमसारी के निकट मल्टी लेवल कार पार्किंग की स्वीकृति मिली। इस मल्टीलेवल कार पार्किंग के बन जाने से थत्यूड बाजार में जाम की समस्याओं से लोगों को निजात मिल पाएगी। व्यापार मंडल अध्यक्ष अकबीर पवार महामंत्री विक्रम चौहान राकेश सजवाण ने बताया कि 230.14 लाख की लागत से मल्टी लेवल कार पार्किंग के बन जाने से बाजार क्षेत्र मे लगने वाला जाम से लोगों को राहत मिलेगी और बाजार क्षेत्र में अनावश्यक गाड़ियां नहीं लग पाएगी।

# महंगाई और गैस सिलेंडर के दामों में बढ़ोतरी पर कांग्रेसी आग बबूला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** देश में बढ़ती महंगाई और कामर्शियल गैस सिलेंडर के दामों में भारी बढ़ोतरी के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संजय किशोर के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन से पार्टी गली चौक तक एक जुलूस निकाला गया।

जुलूस में शामिल कार्यकर्ता हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आगे बढ़े। प्रदर्शनकारियों ने बढ़ती महंगाई और गैस सिलेंडर के दामों में करीब हजार रुपये की वृद्धि को जनविरोधी करार दिया। जुलूस



पार्टी गली चौक पहुंचकर सभा में तब्दील हो गया, जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए केंद्र सरकार का पुतला दहन किया। इस मौके पर संजय किशोर ने कहा कि सरकार की नीतियों के कारण आम जनता, खासकर छोटे व्यापारी और मध्यम वर्ग, आर्थिक संकट से जूझ रहा है।

केंद्र सरकार द्वारा कमर्शियल सिलेंडर (19 केजी) के दामों में एकतरफा बढ़ोतरी करने का कांग्रेस के पूर्व जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट हर्षुल शर्मा ने विरोध करते हुए इसे सरकार का आम जनता ओर व्यवसाय विरोधी कदम बताया।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द ही महंगाई पर नियंत्रण नहीं किया और गैस सिलेंडर की कीमतों में कमी नहीं की, तो कांग्रेस पार्टी अपना आंदोलन और तेज करेगी। प्रदर्शन में प्रेम प्रकाश अग्रवाल, संजय जैन, विपुल जैन, शहर अध्यक्ष विकास शर्मा, शम्मी प्रकाश, अभिनव ठाकुर, कांग्रेस अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, जितेंद्र रावत, मोहित, फुरकान अहमद, राजीव शर्मा, सुभाष चंदेल, समीर अंसारी, बलजीत सिंह, फरमान अहमद, अमित रमोला, कांतिराम नौटियाल, नासिर हुसैन, परवेज, अनस मुनीर, रॉकी, भूपेश उपाध्याय, श्याम चंद एंथोनी, मनजीत चावला सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# बारिश व ओलावृष्टि से गेहूं की फसल हुई प्रभावित

**नई टिहरी।** ग्राम प्रधान संदीप कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि बारिश व ओलावृष्टि से गेहूं की तैयार फसल के साथ-साथ सेब, आडू और खुमानी जैसी बागवानी फसलें भी बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। कई किसानों की फसलें 70 प्रतिशत से लेकर 100 प्रतिशत तक पूरी तरह नष्ट हो चुकी हैं। क्षेत्र के अधिकांश परिवार कृषि पर निर्भर हैं, ऐसे में यह नुकसान उनके लिए आजी. विका का बड़ा संकट बन गया है।इस गंभीर स्थिति को देखते हुए ग्राम प्रधान संदीप कुमार और ग्रामीण किसानों ने प्रशासन को प्रार्थना पत्र सौंपते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की है। किसानों ने मांग की है कि राजस्व एवं कृषि विभाग की टीम जल्द से जल्द प्रभावित क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर नुकसान का सही आकलन करे।साथ ही किसानों ने आपदा राहत मद से शीघ्र और उचित मुआवजा दिए जाने की मांग उठाई है। जिन किसानों की फसल पूरी तरह बर्बाद हो चुकी है, उनके लिए विशेष आर्थिक सहायता की भी मांग की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द राहत नहीं मिली, तो उनके सामने आर्थिक तंगी और रोजी-रोटी का संकट और गहरा सकता है। ऐसे में प्रशासन से उम्मीद की जा रही है कि वह इस गंभीर स्थिति को समझते हुए शीघ्र आवश्यक कदम उठाएगा, ताकि प्रभावित किसानों को राहत मिल सके।

# लंबगांव में बंदरों के आतंक से लोग परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** नगर पंचायत लंबगांव में इन दिनों बंदरों के बढ़ते आतंक से लोग परेशान हैं हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि लोगों का घर से बाहर निकलना तक दूभर हो रखा है सुबह होते ही बंदरों के झुंड मुख्य मार्गों और बाजार क्षेत्रों में डेरा डाल लेते हैं जिससे राहगीरों और स्थानीय निवासियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है

व्यापार मंडल अध्यक्ष राजीव पंवार, पूर्व अध्यक्ष युद्धवीर राणा, कोषाध्यक्ष अमन राणा ने कहा कि आंतकी बंदर हर रोज आए दिन किसी न किसी पर हमला कर रहे हैं खासतौर पर बच्चों और बुजुर्गों को निशाना बनाए जाने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं नजदीकी अस्पताल में बंदरों के काटने वाले मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है जो एक गंभीर चिंता का विषय बन चुका है उन्होने बंदरों के आतंक की स्थिति को गंभीर बताते हुए कहा कि क्षेत्र में बंदरों की संख्या तेजी से बढ़ रही है और यह आम लोगों के लिए खतरा बनती जा रही है यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए तो स्थिति और भी भयावह हो सकती है उन्होने वन विभाग से अपील की है कि बंदरों को पकड़ने और उनके नियंत्रण के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाई जाए,ताकि लोगों को बंदरों को आतंक से निजात मिल सके

# किरायेदारों का सत्यापन न कराने पर एक लाख तीस हजार का जुर्माना लगाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेलाकुई।** थाना सेलाकुई पुलिस ने सत्यापन अभियान चलाकर उल्लंघनकर्ता 13 हॉस्टल संचालकों व मकान मालिकों का किरायेदारों का सत्यापन न कराने व अनियमितता पाए जाने पर 83 पुलिस एक्ट चालान कर 1,30,000 रूपये का जुर्माना किया एवं 6 चालान धारा 81 पुलिस अधिनियम के अंतर्गत कर 1500 संयोजन शुल्क वसूला गया।

रविवार को सेलाकुई क्षेत्रान्तर्गत बाहरी व्यक्तियों, किरायेदारों के सत्यापन हेतु टीमो का गठन कर



सत्यापन अभियान चलाकर थाना क्षेत्रांतर्गत स्थित हॉस्टलों व होम स्टे तथा मकानों में निवासरत बाहरी छात्रों, व्यक्तियों एवं किरायेदोरों का सत्यापन किया गया।

कार्यवाही के दौरान हॉस्टल होमस्टे में अनियमित पाए जाने पर मकान मालिकों के विरूद्ध किरायेदारों का सत्यापन न कराने के सम्बन्ध में 83 पुलिस अधिनियम के अन्तर्गत कुल 13 चालान धनराशि 1,30,000 रूपये का जुर्माना न्यायालय के चालान किए गए, तथा धारा 81 पुलिस अधिनियम के अंतर्गत 6 चालान पर 1500 रूपये संयोजन शुल्क वसूला गया।

## मछोड़ क्षेत्र से लापता आरक्षी का शव बरामद

**अल्मोड़ा।** जिले में एक दुखद घटना में चार दिनों से लापता चल रहे आरक्षी का शव गहरी खाई से बरामद किया गया। मिली जानक. ारी के अनुसार भिकियासैंण थाने से मिली सूचना पर एसडीआरएफ टीम अपर उप निरीक्षक महिपाल सिंह के नेतृत्व में मौके पर पहुंची। मछोड़ क्षेत्र के पास एक हुंडई क्रेटा कार लगभग 300 मीटर गहरी खाई में गिरी मिली।?


**आरबीएल बैंक लिमिटेड**

RBL BANK apno ka bank

**प्रशासनिक कार्यालय :** पहली लेन शाहपुरी, कोल्हापुर-416001

**शाखा कार्यालय :** संपत्ति क्रं.1, पहली मंजिल, मोदी मिल्स के सामने, ओखला फेस-3, नई दिल्ली-110020.

**सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत सूचना का प्रकाशन**

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि उल्लेखित ऋणी(ओं)/ जमानतदार(ओं) /बंधककर्ता(ओं) (किसी भी ऋणी/सह-ऋणी/जमानतदार की मृत्यु की स्थिति में, उनके कानूनी उत्तराधिकारियों सहित) जिन्होंने बैंक से उनके द्वारा प्राप्त नकद/ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के पुनर्भुगतान में चूक की है और जिनके ऋण खातों को गैर-निष्पादित आस्तियों (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। उन्हें वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 (सरफैसी अधिनियम) की धारा 13(2) के तहत को उनके अंतिम ज्ञात पते पर सूचना जारी कि थी।

| अ. क्रं. | ऋणी, सह-ऋणी/जमानतदार/ बंधककर्ता का नाम एवं पता | ऋण खाता संख्या | प्रवर्तित होने वाली प्रत्याभूत संपत्तियों का पता एवं विवरण | सूचना की तिथि बकाया राशि रु. में |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **श्री रियाजुद्दीन पिता कल्लन खां,** कन्हैया विहार, वार्ड नंबर 84, कारगी ग्रांट, बंजारावाला, देहरादून, उत्तराखंड - 248001; **अन्य पता:** श्री रियाजुद्दीन पिता कल्लन खां, प्रोपराइटर- मैसर्स फेस स्टाइल यूनिसेक्स सैलून, सेमवाल चौक, अजबपुर कलां, दीप नगर, देहरादून, उत्तराखंड - 248121; **अन्य पता:** श्री रियाजुद्दीन पिता कल्लन खां, खसरा नंबर 499, मौजा कारगी ग्रांट, परगना परवादून, देहरादून, उत्तराखंड - 248001. | 809008908932 & 809008909120 | यह संपत्ति खाता खतौनी संख्या 341 (फसली 1420 से 1425), खसरा नंबर 499 वाली भूमि पर स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 49.07 वर्ग मीटर है एवं कुल कवर्ड क्षेत्र 112.08 वर्ग मीटर है। यह संपत्ति मौजा कारगी ग्रांट, परगना परवादून, देहरादून, उत्तराखंड 248001 में स्थित है। **चर्तुसीमा इस प्रकार हैं:** पूर्व : श्री कलाम की संपत्ति, साईड माप 33 फीट पश्चिम: श्री तौकीर उल हक की संपत्ति, साईड माप 33 फीट उत्तर: अन्य की संपत्ति, साईड माप 16 फीट दक्षिण: 16 फीट चौड़ा गलियारा, साईड माप 16 फीट | 29-04-2026 Rs.33,66,343.34 (रुपये तैंतीस लाख छाछठ हजार तीन सौ तिरयालीस एवं चौतीस पैसे मात्र) साथ ही सविदात्मक दर पर ब्याज (पूर्ण भुगतान तक) एवं उस पर आकस्मिक व्यय सहित |
| 2 | **श्रीमती कौशर जहां पति रियाजुद्दीन,** कन्हैया विहार, वार्ड नंबर 84, कारगी ग्रांट, बंजारावाला, देहरादून, उत्तराखंड - 248001; **अन्य पता:** श्रीमती कौशर जहां पति रियाजुद्दीन, खसरा नंबर 499, मौजा कारगी ग्रांट, परगना परवादून, देहरादून, उत्तराखंड - 248001. | | | |
| 3 | **श्रीमती मुन्नी पति कल्लन खां,** कन्हैया विहार, वार्ड नंबर 84, कारगी ग्रांट, बंजारावाला, देहरादून, उत्तराखंड - 248001; **अन्य पता:** श्रीमती मुन्नी पति कल्लन खां, मकान नंबर 266, ग्राम धंसिनी, गांव बिजनौर, जिला नजीबाबाद, उत्तर प्रदेश - 246763. | | | |

उपर्युक्त ऋणीयों (ओं)/या उनके जमानतदार(ओं) /बंधककर्ता(ओं) (किसी भी ऋणी/सह-ऋणी/जमानतदार की मृत्यु की स्थिति में, उनके कानूनी उत्तराधिकारियों सहित) (जब भी लागू हो) को इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 60 दिनों के भीतर बकाया राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, ऐसा न करने पर सरफैसी की धारा 13 की उप-धारा (4) के तहत उक्त 60 दिनों की समाप्ति के बाद आगे के कदम उठाए जाएंगे। कृपया ध्यान दें कि यह प्रकाशन ऐसे अधिकारों और उपचारों के लिए पूर्वाग्रह के बिना किया गया है जो कानून के तहत उक्त ऋण/सुविधा के ऋणी(ओं)/जमानतदार(ओं)/बंधककर्ता(ओं) (किसी भी ऋणी/सह-ऋणी/जमानतदार की मृत्यु की स्थिति में, उनके कानूनी उत्तराधिकारियों सहित) के खिलाफ बैंक को उपलब्ध हैं। आपसे यह भी अनुरोध किया जाता है कि उक्त अधिनियम की धारा 13(13) के अनुसार, आपको उपरोक्त प्रत्याभूत संपत्ति के निपटान या उससे निपटने या बिक्री, पट्टे या अन्यथा के माध्यम से उपरोक्त प्रत्याभूत संपत्ति को स्थानांतरित करने से हमारी पूर्व लिखित सहमति के बिना, प्रतिबंधित/निषिद्ध किया जाता है।

**स्थान : देहरादून**
**दिनांक : 05.05.2026**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आरबीएल बैंक लिमिटेड**


# बैरागीवाला में ओबीसी मोर्चा की परिचय बैठक एवं सम्मान समारोह संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** बैरागीवाला में भाजपा ओबीसी मोर्चा, देहरादून ग्रामीण की ओर से हरबर्टपुर मंडल के नवनियुक्त पदाधिकारियों की परिचय बैठक एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रशांत कश्यप (मंडल अध्यक्ष, ओबीसी मोर्चा हरबर्टपुर) ने की।

इस अवसर पर हरबर्टपुर मंडल के नवनियुक्त पदाधिकारियों में मंडल उपाध्यक्ष कुलदीप कश्यप, शेर सिंह, चंद्र पाल राठौड़, मंडल महामंत्री सागर केवट, अमित सेनी, मंत्री ओम प्रकाश कश्यप (ओमी), मीडिया संयोजक अजय सैनी, कार्यकारी सदस्य प्रवीण कश्यप,



सोहन कश्यप, दीपक कश्यप, भीम सिंह, लक्ष्मी चंद, सुरेंद्र सेनी एवं नितिन कश्यप को ओबीसी मोर्चा देहरादून ग्रामीण की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता वीरता गुरूंग (जिला अध्यक्ष, ओबीसी मोर्चा देहरादून ग्रामीण) ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि वे अपने दायित्वों का ईमानदारी और निष्ठा के साथ निर्वहन करें तथा संगठन को मजबूती प्रदान करें।

संतोष रावत (भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य) ने कहा कि पार्टी द्वारा दिए गए दायित्वों के माध्यम से सभी पदाधिकारी अपने-अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं और समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। एडवोकेट गुरुमेल सिंह राठौड़ (जिला महामंत्री, ओबीसी मोर्चा देहरादून ग्रामीण) ने कहा कि भाजपा ने सदैव ओबीसी समाज को सम्मान दिया है। हमें भी पार्टी की जनहितकारी एवं कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाने का कार्य करना चाहिए, जिससे प्रत्येक वर्ग को उनका लाभ मिल सके।

कार्यक्रम में राहुल शर्मा (भाजपा मंडल अध्यक्ष, हरबर्टपुर), योगेश राठौड़ (जिला मंत्री, ओबीसी मोर्चा देहरादून ग्रामीण एवं प्रभारी हरबर्टपुर मंडल), विनोद क्षेत्री (जिला मीडिया प्रभारी), विक्की कश्यप (प्रधान बैरागीवाला) आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन विनोद कश्यप (जिला सोशल मीडिया सह संयोजक, ओबीसी मोर्चा देहरादून ग्रामीण) द्वारा किया गया।

# आयुक्त गढ़वाल ने की केदारनाथ यात्रा व्यवस्थाओं की समीक्षा

## यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता, रात्रि आवागमन प्रतिबंधित : विनय शंकर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** आयुक्त गढ़वाल मंडल विनय शंकर पांडेय तथा आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप ने सोमवार को रुद्रप्रयाग पहुंचकर श्री केदारनाथ धाम यात्रा व्यवस्थाओं के संबंध में यात्रा व्यवस्था नोडल अधिकारियों, संबंधित विभागीय अधिकारियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ जिला कार्यालय सभागार रुद्रप्रयाग में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।



बैठक में गढ़वाल आयुक्त द्वारा यात्रा व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग विशाल मिश्रा ने गढ़वाल आयुक्त महोदय को अब तक की यात्रा संचालन स्थिति से अवगत कराते हुए बताया कि अब तक 3 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन किए हैं। 31 हजार से अधिक श्रद्धालुओं को चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं तथा 11 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने हेली सेवाओं का उपयोग किया है। इसके अतिरिक्त बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा घोड़ा-खच्चर एवं डंडी-कंडी के माध्यम से यात्रा की गई है।

उन्होंने बताया कि यात्रा कंट्रोल रूम के माध्यम से सतत निगरानी की जा रही है, गैस सिलेंडर की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है, सभी अस्पताल पूर्णतः क्रियाशील हैं तथा म्यूल टास्क फोर्स तैनात है। 8 हजार से अधिक घोड़ा-खच्चरों का पंजीकरण एवं बीमा किया गया है। निर्धारित मानकों के उल्लंघन पर ब्लैकलिस्टिंग की कार्रवाई की जा रही है तथा अतिक्रमण वाले डेरे हटाए गए हैं। पशु चिकित्सालयों की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए नियमित स्वास्थ्य परीक्षण एवं रेंडम चेकिंग भी कराई जा रही है।

यात्रा मार्ग पर पर्याप्त संख्या में शौचालयों की व्यवस्था की गई है तथा गौरीकुंड स्थित तप्तकुंड पर महिला एवं पुरुषों के लिए चेंजिंग रूम की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसके अतिरिक्त विद्युत, पेयजल, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट एवं शटल सेवाओं की जानकारी भी दी गई। पुलिस अधीक्षक निहारिका तोमर द्वारा यात्रा रूट प्लान, ट्रैफिक व्यवस्था, पार्किंग एवं आपातकालीन सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

बैठक में विधायक केदारनाथ आशा नौटियाल, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम कठैत, अगस्तमुनि ब्लॉक प्रमुख भुवनेश्वरी देवी, जिला पंचायत सदस्य अमित मैंखंडी, जिला पंचायत सदस्य जयवर्धन कांडपाल, नगर पालिका अध्यक्ष रुद्रप्रयाग संतोष रावत, डीएम विशाल मिश्रा, सीडीओ राजेंद्र सिंह रावत, एडीएम श्याम सिंह राणा, एसडीएम ऊखीमठ अनिल रावत, सीएमओ डॉ. राम प्रकाश, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. आशीष रावत, अधिशासी अभियंता एनएच ओंकार पांडे, जिला पर्यटन अधिकारी राहुल चौबे, जिला विकास अधिकारी अनीता पंवार, डीएसओ के.एस. कोहली आदि मौजूद रहे।

# तीन प्रदेशों में भाजपा की जीत पर पछवादून में मनाया गया जश्न

■ कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर एक दूसरे का किया मुह मीठा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** पश्चिम बंगाल सहित विभिन्न प्रदेशों में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक विजय के उपलक्ष्य में विधायक मुन्ना सिंह चौहान द्वारा विकासनगर में विजय उत्सव का आयोजन किया गया। भाजपाईयों ने विभिन्न प्रदेशों में भाजपा की विजय पर आतिशबाजी कर जश्न मनाया और मिठाई खिलाकर एक दूसरे का मुह मीठा किया। वहीं हरबर्टपुर में भी पश्चिम बंगाल सहित विभिन्न प्रदेशों में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर जश्न मनाया गया।



इस मौके पर विधायक मुन्ना सिंह चौहान और ब्लॉक प्रमुख विकासनगर नारायण ठाकुर ने कहा कि यह विजय जनजन के विश्वास, परिश्रम और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व की जीत है। विकास, सुशासन और जनकल्याण की नीतियों ने देशभर में नई ऊर्जा और विश्वास का संचार किया है। इस मौके पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय गुप्ता, मंडल अध्यक्ष शुभम गर्ग, पूर्व मंडल अध्यक्ष रोमी बजाज, संदीप मोंगा, टीकाराम, पूर्व पालिका विकासनगर अध्यक्ष नीरज अग्रवाल, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय गुप्ता, रचिता ठाकुर, बीना डोभाल, उपासना, अनुपमा टोंक, अरूण मित्तल, सबल सहरावत, कमलेश, गगन सेठी, सविता ध्यानी आदि मौजूद रहे।

# गो माता धर्म संसद का भव्य आयोजन जून माह के दूसरे सप्ताह से होगा

**नई टिहरी।** पट्टी लालूर के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिरोड़ स्थित पौराणिक धार्मिक स्थल नागथात में आगामी जून माह के दूसरे सप्ताह में तीन दिवसीय गौ माता धर्म संसद का भव्य आयोजन किया जाएगा। बिंडेस्वर पर्वत पर मां भगवती की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के साथ यह कार्यक्रम आयोजित होगा। आयोजकों के अनुसार यह आयोजन हिंदू समाज की एकजुटता और गौ संरक्षण को समर्पित एक ऐतिहासिक पहल होगी।

करीब 6500 फीट की ऊंचाई पर स्थित नागथात क्षेत्र इन दिनों एक प्रमुख धार्मिक व पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो रहा है। धर्म संसद के माध्यम से न केवल धार्मिक चेतना को बल मिलेगा, बल्कि क्षेत्र में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। धनोल्टी रुद्र सेना के अध्यक्ष गौतम उनियाल ने बताया कि कार्यक्रम में देशभर के प्रख्यात संतों और धर्माचार्यों को आमंत्रित किया गया है। इनमें बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री, सुप्रसिद्ध कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर, अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत रविंद्रपुरी महाराज, देवभूमि रक्षा अभियान के संस्थापक स्वामी दर्शन भारती, प्रख्यात गौ सेवक गोपाल मणि और कथावाचक लवदास शामिल हैं। इसके अलावा बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों को भी आमंत्रण भेजा गया है। कार्यक्रम की तैयारियां समिति की ओर से जोर-शोर से की जा रही हैं। आयोजकों ने क्षेत्रीय जनता से इस ऐतिहासिक धर्म संसद में बढ़-चढ़कर सहभागिता करने का आह्वान किया है।

# केदारनाथ धाम में आस्था का महासैलाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** भगवान शिव के दिव्य धाम केदारनाथ में इन दिनों भक्ति अपने चरम पर है। देश-विदेश से उमड़ रही श्रद्धालुओं की अभूतपूर्व भीड़ ने पूरे क्षेत्र को शिवमय बना दिया है। हर ओर "हर-हर महादेव" के गूंजते जयघोष आस्था की गहराई और श्रद्धा की तीव्रता को महसूस करा रहे हैं।

सोनप्रयाग से ही श्रद्धालुओं की कठिन परीक्षा शुरू हो जाती है, जहां तड़के सुबह तीन बजे से ही भक्त लंबी कतारों में लगकर बाबा केदार के दर्शनों के लिए रवाना हो जाते हैं। हालात ऐसे हैं कि कतारें छः से सात किलोमीटर तक फैल जाती है, लेकिन श्रद्धालुओं के उत्साह और विश्वास में कोई कमी नहीं दिखती।



■ सोनप्रयाग में सुबह तीन बजे से लग रही लाइन, सात किमी लंबी कतारों में भक्त,

कठिन पर्वतीय मार्ग, बदलता मौसम और लंबा इंतजारकृइन सभी चुनौतियों के बीच भी श्रद्धालु अटूट आस्था के साथ आगे बढ़ रहे हैं। भारी भीड़ के बावजूद यात्रा को सुचारु, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए पुलिस और आईटीबीपी के जवान पूरी मुस्तैदी के साथ डटे हुए हैं, जिससे हर यात्री को सुरक्षित दर्शन सुनिश्चित हो सके।

अब तक 3 लाख 27 हजार से अधिक श्रद्धालु बाबा केदार के दरबार में हाजिरी लगा चुके हैं, जो इस वर्ष यात्रा के प्रति उमड़ रही अपार श्रद्धा का जीवंत प्रमाण है। जिला प्रशासन रुद्रप्रयाग के साथ-साथ स्थानीय व्यापारी भी सेवा, समर्पण और सहयोग की भावना से यात्रियों के लिए हरसंभव सुविधाएं उपलब्ध कराने में जुटे हुए हैं। यात्रा पर पहुंचे देश-विदेश के श्रद्धालुओं ने भी व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं और पूरी यात्रा के दौरान कहीं कोई असुविधा महसूस नहीं हुई। केदारनाथ धाम में इन दिनों आस्था, विश्वास और समर्पण का जो विराट संगम देखने को मिल रहा है, वह हर किसी को भावविभोर कर रहा है। मानो स्वयं देवभूमि में दिव्यता साकार हो उठी हो।

## एक नजर .......

### जिलाधिकारी ने किया सब रजिस्ट्रार कार्यालय का औचक निरीक्षण

**विकासनगर।** देहरादून जिलाधिकारी नवीन बंसल आज औचक निरीक्षण के लिए विकासनगर क्षेत्र में पहुंचे। सबसे पहले जिलाधिकारी ने सब रजिस्ट्रार कार्यालय विकासनगर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गोल्डन फॉरेस्ट जैसी प्रतिबंधित जमीनों की रजिस्ट्री होने के मामलो के अलावा स्टांप शुल्क चोरी के मामले जिलाधिकारी के संज्ञान में आए, जिसको लेकर जिलाधिकारी ने पूरे मामले की विस्तृत जांच के बाद संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों पर सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। इस मौके पर जिलाधिकारी सविन बंसल ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद जनता की सुविधा के लिए दी जा रही सरकारी सुविधाओं मे कोई खामी तो नहीं हो रही, इसे लेकर औचक निरीक्षण किया जा रहा है। बीते समय में रजिस्टर ऑफिस और रिकॉर्ड रूम में हुई चोरियों के मामले में कोई खुलासा न होने से संबंधित सवाल के जवाब में जिलाधिकारी ने कहा की ये बेहद संवेदनशील मामला है जिसमें जल्द संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया जाएगा। सब रजिस्टार ऑफिस में औचक निरीक्षण के बाद जिलाधिकारी सविन बंसल कालसी में मौजूद डेरी फार्म और कोटी कालसी ग्रोथ सेंटर का भी निरीक्षण करने के लिए रवाना हो गये।

### विकासनगर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों का शुभारंभ

**विकासनगर।** विधानसभा क्षेत्र विकासनगर के अंतर्गत बरोटीवाला विकासनगर मार्ग स्थित छोटूवाला में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा एवं पार्क निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने सामाजिक समता, न्याय एवं संविधान निर्माण के माध्यम से देश को नई दिशा प्रदान की। उनके विचार आज भी समाज को प्रेरित करते हैं। विधायक ने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अंबेडकर से जुड़े पाँच प्रमुख स्थलों को "पंचतीर्थ" के रूप में विकसित किया गया है, जो उनके जीवन एवं विचारों का प्रतीक हैं। विधायक चौहान ने कहा कि इसी क्रम में यह संकल्प व्यक्त किया गया कि छोटूवाला स्थित इस स्थल को भी तीर्थ की तर्ज पर विकसित किया जाएगा, ताकि यह स्थान जन-जन के लिए प्रेरणा का केंद्र बन सके। इसके साथ ही जूनियर आशाराम कॉलेज में टीन शेड निर्माण कार्य का भी भूमि पूजन कर शुभारंभ किया गया। दोनों विकास कार्यों को लगभग 1 करोड़ की लागत से पूर्ण किया जाएगा, जिससे क्षेत्रवासियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### सीएम ने रीता बहुगुणा जोशी के पति के निधन पर जताया दुख

देहरादून।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूर्व सांसद रीता बहुगुणा जोशी के पति पी.सी.जोशी के निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवारजनों को इस असहनीय दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है।

# जनता दरबार में शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

टिहरी। प्रभारी जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी वरुणा अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनता मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों ने कुल 29 से अधिक शिकायतें और समस्याएं समक्ष रखीं। प्रभारी जिलाधिकारी ने जनता दरबार में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के लिए उपस्थित अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए और साथ ही जनपद में ओलावृष्टि पर हुए नुकसान की जानकारी देने को कहा।



इस दौरान विकासखण्ड चम्बा के नवागर संगवाण गांव निवासियों द्वारा दो माह से गैस सिलेंडर न मिलने की शिकायत पर डीएसओ को तत्काल गांव में गैस सिलेंगडर वाहन भेजने तथा ग्रामीणो को दूरभाष से सूचना देने के निर्देश दिए गए। न्याय पंचायत क्षेत्र डडूर क्षेत्र के निवासियों द्वारा ग्राम दिखोलगांव-धारकोट गांव में कृषि विभाग द्वारा निर्मित भवन को ठीक कर उपयोग में लाने की मांग की गयी, जिस पर कृषि विभाग को आवश्यक कार्य करने के निर्देश दिए गए।

विकास खण्ड नरेन्द्रनगर के ग्राम प्रधान कखील द्वारा अवगत कराया कि ग्राम पंचायत के मिलन केन्द्र को दान की गयी भूमि को सम्बन्धित व्यक्ति द्वारा किसी अन्य को भी विक्रय करने की शिकायत तथा इसी गांव के हरि कृष्ण द्वारा अवगत कराया कि उनकी क्रय की गयी भूमि जिसपर उनका मकान बना हुआ उक्त भूमि का दाखिला खारिज में रकबा चढ़ गया था किन्तु खेत नम्बर नहीं चढ पाया, साथ ही गांव की भूमि की क्रय विक्रय सम्बन्धी शिकायत पर एसडीएम नरेन्द्रनगर को जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। विकासखण्ड जौनपुर के ग्राम परोड़ी निवासी रमेश लेखवार द्वारा गांव के 17 परिवारों को जल जीवन मिशन की पेयजल योजना से वंचित रहने की शिकायत पर जल निगम चम्बा को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

चम्बा रानीचौरी के बिजलदास द्वारा उनके मकान को चीड़ के पेड़ से खतरे की सम्भावना के मध्यनजर पेड़ कटवाने की मांग पत्र पर वन विभाग को शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। जनता दरबार में अपर जिलाधिकारी शैलेंद्र नेगी, एसडीएम कमलेश मेहता, सीएमओ डॉ श्याम विजय, डीडीओ मो. असलम, सांख्यिकी अधिकारी साक्षी शर्मा आदि सभी विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

# भगवान बालकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** पट्टी सिलवाड़ के ग्राम बिनाऊ में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन भगवान बाल कृष्ण का जन्मोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी और पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।

सोमवार को कथा के दौरान कथावक्ता राष्ट्रीय संत लवदास महाराज ने प्रवचन देते हुए कहा कि वर्तमान समय में व्यक्ति समाज और परिवार को प्रसन्न करने के लिए कितना भी त्याग कर ले, फिर भी संतुष्टि नहीं मिलती। लेकिन सच्चे मन से भगवान के प्रति प्रेम और समर्पण करने से भगवान शीघ्र प्रसन्न होते हैं। उन्होंने भगवान की अद्भुत लीलाओं का वर्णन करते हुए बताया कि भगवान ने सृष्टि और समाज के कल्याण के लिए अनेक कार्य किए। साथ ही विवाह समारोहों में बढ़ रही कुरीतियों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि व्यक्ति स्वयं समझ विकसित कर ले, तो अनर्थ और पाप पर स्वतः विराम लग सकता है। संत लवदास ने कहा कि मधुर वाणी, दान, सेवा, त्याग और भगवान की कथा में मन लगाना ही सच्चा आनंद है। उन्होंने बताया कि भगवान की कथा और सत्संग से जीवन धन्य हो जाता है। कथा स्थल पर स्थापित दो देव पालगियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी रहीं, जहां लोग दर्शन कर मनोकामनाएं मांगते नजर आए। इस मौके पर आचार्य कपिल सेमवाल, गंभीर सिंह रावत, जगमोहन सिंह, किशन सिंह, धनवीर रावत, मनमोहन मल्ल, सुरेंद्र सिंह रावत, उदय गौड़ पीसी कोटनाला, सरदार सिंह हनुमंती, कुंवर सिंह भंडारी, बलवीर सिंह रावत, सुंदर सिंह नेगी, शरण सिंह पंवार, राजेश कैंतुरा, सुरेन्द्र सिंह पंवार, सरदार सिंह सजवाण आदि मौजूद रहे।

# हाईस्कूल की मान्यता पूरे क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक उपलब्धिः जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने गढ़ी कैंट स्थित हरबंश कपूर मेमोरियल हॉल में आयोजित धन्यवाद कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। यह कार्यक्रम ब्लूमिंग बड्स स्कूल, गढ़ी कैंट को हाईस्कूल स्तर की मान्यता मिलने के उपलक्ष्य में विद्यालय प्रबंधन द्वारा आयोजित किया गया।



■ गढ़ी कैंट के ब्लूमिंग बड्स स्कूल को हाईस्कूल की मान्यता मिलने पर धन्यवाद कार्यक्रम आयोजित

अपने सम्बोधन में कैबिनेट मंत्री जोशी ने विद्यालय प्रबंधन को बधाई देते हुए इसे पूरे क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यालय के निरंतर प्रयास, अनुशासन और शिक्षा के प्रति समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि शिक्षा समाज और राष्ट्र के विकास का आधार है और प्रदेश सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इस मान्यता से क्षेत्र के बच्चों को अब बेहतर शिक्षा अपने ही क्षेत्र में उपलब्ध होगी, जिससे उनके भविष्य को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन से अपेक्षा जताई कि वे इस उपलब्धि का सदुपयोग करते हुए शिक्षा की गुणवत्ता को और ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। कार्यक्रम में छावनी परिषद के अध्यक्ष ब्रिगेडियर आरएस थापा, मुख्य अधिशासी अधिकारी अनंत आकाश और भाजपा प्रदेश मंत्री नेहा जोशी, विद्यालय के प्रधानाचार्य बंसत उपाध्याय, मंडल अध्यक्ष राजीव गुरुंग, छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष विष्णु गुप्ता, राजेन्द्र कौर सौंधी, मण्डल महामंत्री मनोज क्षेत्री, अल्का कुल्हान, कर्नल रघुवीर सिंह भण्डारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# हादसों का सोमवारः तीन लोगों ने गंवाई जान

## बैलपड़ाव में तेज रफ्तार कार ने दो महिलाओं को कुचला

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** क्षेत्र के बैलपड़ाव में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला, जहां एक अनियंत्रित कार ने पैदल जा रही दो महिलाओं को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि दोनों महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार, गैबुआ के पास फूड क्रिस्टल होटल के समीप यह दर्दनाक सड़क हादसा हुआ।




हल्द्वानी की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार स्विफ्ट कार ने सड़क किनारे पैदल जा रही दो महिलाओं को टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि दोनों महिलाएं सुबह घास लेने के लिए जा रही थीं, तभी यह हादसा हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों महिलाओं ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। बाद में उन्हें रामनगर के संयुक्त चिकित्सालय ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक महिलाओं की पहचान कमला देवी (55 वर्ष), पत्नी शिवराज सिंह, निवासी पत्तापनी बैलपड़ाव और पुष्पा देवी (55 वर्ष), पत्नी केवलानंद भट्ट, निवासी पत्तापनी बैलपड़ाव के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, कमला देवी के परिवार में दो बेटियां और एक बेटा है, जबकि पुष्पा देवी की चार बेटियां हैं, जिनमें से एक की शादी हो चुकी है। हादसे के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वाहन यूके 19 बी 8791 को कब्जे में ले लिया है और फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है। प्रत्यक्षदर्शी दयाल सिंह पन्नू के अनुसार, कार गलत दिशा से आ रही थी और सीधे महिलाओं को टक्कर मार दी। उन्होंने हादसे को बेहद दर्दनाक बताया।

### एक घंटे बाद पहुंची एंबुलेंस, लोगों में नाराजगी

नैनीताल। एक बार फिर हादसे में एंबूलेंस के देर से पहुंचने की बात उठ रही है। सोमवार को हादसे के बाद घायल राहुल को रेस्क्यू कर टीम सड़क पर ले आई। जहां लगभग 10 मिनट तक घायल को सड़क किनारे रखना पड़ा। हादसे के एक घंटे बाद बीडी पांडे अस्पताल की छोटी एंबुलेंस मौके पर पहुंची जिसमें घायल को अस्पताल भेज दिया गया। जिसके बाद दो मरीजों को अस्पताल भेजने के लिए भी एंबूलेंस का इंतजार करना पड़ा। जब देर तक एंबुलेंस नहीं पहुंची तो रेस्क्यू टीम के पिकअप वाहन में ही दो घायलों को अस्पताल पहुंचाया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि एंबुलेंस करीब एक घंटे बाद मौके पर पहुंची। तब तक पुलिस और राहत टीम ने दो घायलों को पिकअप वाहन से अस्पताल भिजवाया। लोगों का कहना था कि गंभीर हादसों में समय पर चिकित्सा सहायता नहीं मिलना चिंता का विषय है।

### प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण तेज रफ्तारः सीओ

**नैनीताल।** मामले में सीओ अंजना नेगी ने कहा कि प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण तेज रफ्तार माना जा रहा है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। मृतक और घायलों के परिजनों को सूचित कर दिया गया है।

### थार के परखच्चे उड़ गए, दो घायल हैं

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल-भवाली रोड पर सोमवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने एक युवक की जिंदगी छीन ली जबकि उसके दो दोस्त घायल हो गए। तेज रफ्तार थार वाहन अनियंत्रित होकर करीब 100 मीटर गहरी खाई में जा गिरा और युवक के मौत की खबर वापस आई। जानकारी के अनुसार सोमवार को भवाली की ओर से तेज गति से आती थार आरजे 60 सीजी 4574 पाइंस शमशान घाट से महज 20 मीटर पहले अनियंत्रित हो गई। अनियंत्रित कार सड़क किनारे लोहे के पैरापिटों को तोड़ते हुए कुछ ही सेकेंड में 100 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। मौके पर मौजूद लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद पुलिस, दमकल व बाद में एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने खाई में उतरकर रेस्क्यू किया। इस दौरान खाई से तीन घायल युवकों को निकाला गया जिसमें एक मूर्छित अवस्था में दूसरा गंभीर घायल और तीसरे का मामूली चोटें थी जबकि वाहन के परखच्चे उड़ गए थे। कड़ी मशक्कत के बाद तीनों युवकों को खाई से बाहर निकाला गया। बाद में गंभीर रूप से घायल युवकों को बीडी पांडे जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

# स्वच्छ वातावरण में हो रहे तीर्थयात्रियों को बाबा केदार के दर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम यात्रा इस वर्ष आस्था के नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। 22 अप्रैल को कपाट खुलने के बाद से अब तक 3 लाख 20 हजार से अधिक श्रद्धालु बाबा केदार के दर्शन कर चुके हैं। प्रतिदिन उमड़ रही भक्तों की भीड़ को देखते हुए सफाई व्यवस्था को लेकर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिससे देश-विदेश से यात्रा में पहुंच रहे श्रद्धालुओं को स्वच्छ वातावरण में बाबा केदार के दर्शन हो सकें।



बाबा केदारनाथ धाम की यात्रा में प्लास्टिक कचरा तीर्थयात्रियों के लिए परेशानी बन जाता है, जिस पर जिला प्रशासन और सुलभ इंटरनेशन पूरी तरह से ध्यान दे रहा है। सुलभ के लगभग चार सौ से अधिक समर्पित सफाई नायक सीतापुर से केदारनाथ धाम तक दिन-रात सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने में जुटे हैं।

यात्रा मार्ग पर तैनात सफाई कर्मी प्रतिदिन कड़ी मेहनत कर कचरे को एकत्रित कर रहे हैं। सोनप्रयाग में प्लास्टिक कचरे को कॉम्पैक्ट करने के लिए विशेष मशीनें स्थापित की गई हैं, जहां अब तक करीब छः टन प्लास्टिक कचरे को प्रोसेस कर रीसाइक्लिंग के लिए भेजा जा चुका है।

वहीं गीले कचरे के निस्तारण के लिए प्रतिदिन पांच से छः डंपर रुद्रप्रयाग स्थित डंपिंग जोन तक भेजे जा रहे हैं। सुलभ इंटरनेशनल के सुपरवाइजर सुभाष झा ने बताया कि केदारनाथ धाम से सीतापुर तक सफाई व्यवस्था को पूरी तरह चाक-चौबंद रखा गया है। सफाई कर्मियों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, ताकि वे बिना किसी बाधा के अपना कार्य कर सकें। उन्होंने कहा कि सुलभ का प्रयास है कि देश-विदेश से पहुंच रहे तीर्थयात्रियों को स्वच्छ वातावरण में दर्शन करवाएं जाएं, जिससे वे यहां से सुखद संदेश लेकर जाएं।

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# लखनऊ ने मुंबई को 229 रन का टारगेट दिया

### पूरन के ताबड़तोड़ 63 व मार्श ने बनाए 44 रन बॉश को 2 विकेट

**मुंबई, वार्ता।** आईपीएल में सोमवार को मुंबई इंडियंस (एमआई) और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के बीच मैच खेला जा रहा है। वानखेड़े में मुंबई ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी है। लखनऊ ने 19 ओवर में 5 विकेट पर 222 रन बना लिए हैं। ऐडन मार्करम और हिम्मत सिंह क्रीज पर हैं। 13वें ओवर की पहली बाल पर अक्षत रघुवंशी (11 रन) को रघु शर्मा ने अपनी ही बाल पर कैच किया। रघुवंशी ने अपनी पहली बाल पर छक्का लगाया था। कप्तान ऋषभ पंत (15 रन) को विल जैक्स ने विकेटकीपर रायन रिकेल्टन के हाथों कैच कराया। 9वें ओवर में कार्बिन बाश ने मिचेल मार्श (44


लखनऊ के जोश इंग्लिश को आउट करने के बाद खुशी मनाते मुंबई के गजनफर।

रन) और निकोलस पूरन (63 रन) को पवेलियन भेजा। पावरप्ले में अल्लाह गजनफर ने जोश इंग्लिस (13 रन) को कप्तान सूर्यकुमार यादव के हाथों कैच कराया। दोनों टीमें इस सीजन में पहली बार आमने-सामने हैं। अगर मुंबई की टीम आज अपने घर में हार जाती है, तो प्लेआफ की रेस बाहर हो जाएगी। दूसरी ओर लखनऊ सुपर जायंट्स के पास प्लेआफ की रेस में बने रहने का आखिरी मौका है। दोनों ही टीमों के पास एक समान 8-8 अंक हैं। 18वें ओवर में ऐडन मार्करम और हिम्मत सिंह ने छठे विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप की। दीपक चाहर ने ओवर की दूसरी बाल वाइड फेंक दी। इसी से आए एक रन के सहारे साझेदारी का 50वां रन बना। लखनऊ ने 200 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया है। रघु शर्मा की चौथी बाल पर हिम्मत सिंह ने छक्का लगाया। इसी छक्के के सहारे टीम ने 200 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया। 14वें ओवर में ऐडन मार्करम को जीवनदान मिला। उन्हें जसप्रीत बुमराह ने कैच कराया। बैक ऑफ लेंथ गेंद तेजी से बाहर निकली और नीची रही, मार्करम के बैट का किनारा लेकर कैच हो गया, लेकिन, तुरंत पता चला कि यह नो-बाल थी, जिससे बल्लेबाज को जीवनदान मिल गया। अगली बाल भी नो करार दी गई। बुमराह के इस ओवर से 7 रन आए। अक्षत रघुवंशी द्ध11 रनत्र को रघु शर्मा ने अपनी ही बाल पर कैच किया। रघुवंशी ने अपनी पहली बाल पर छक्का लगाया था। 11वें ओवर में कप्तान ऋषभ पंत 15 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें विल जैक्स ने विकेटकीपर रायन रिकेल्टन के हाथों कैच कराया। इसी ओवर में अक्षत रघुवंशी ने अपनी बाल पर छक्का लगाया। इसी के साथ टीम का स्कोर 150 पार हो गया। 9वें ओवर में कार्बिन बाश ने दो विकेट झटके। उन्होंने मिचेल मार्श (44 रन) और निक. ोलस पूरन (63 रन) को कैच आउट कराया। मार्श को नमन धीर ने कैच किया।

# फिल सॉल्ट उंगली में लगी चोट का स्कैन कराने इंग्लैंड गए

**चेन्नई, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) के बल्लेबाज फिल सॉल्ट उंगली में लगी चोट के स्कैन के लिए इंग्लैंड लौट गए हैं।

सॉल्ट इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड के टीम प्रबंधन के अनुरोध पर स्वदेश लौट गए हैं और अपनी उंगली का स्कैन कराया है। खिलाड़ी और टीम दोनों को उम्मीद है कि उनकी उंगली जल्द ठीक हो जाएगी और सॉल्ट इस महीने भारत लौट सकेंगे। सॉल्ट की गैरमौजूदगी में उनके साथी खिलाडी जेकब बेथेल को विराट कोहली के साथ ओपनिग का अवसर मिला सकता है, वह सीजन की शुरुआत में बेंच पर बैठे थे। तीन पारियों में 39 रन बनाकर बेथेल अभी तक बड़ा प्रभाव नहीं डाल पाए हैं, लेकिन अब उन्हें शीर्ष क्रम में खेलने मौका मिलने की संभावना है। अगर सॉल्ट की चोट सीजन खत्म करने वाली साबित होती है, तो आईपीएल नियमों के तहत आरसीबी उनके रिप्लेसमेंट पर साइन कर सकती है, लेकिन टीम उन्हें ठीक होने का पूरा अवसर देना चाहती है।

आरसीबी का अगला मैच गुरुवार रात लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ है। आरस. ीबी ने सॉल्ट की चोट की प्रकृति को सार्वजनिक रूप से नहीं बताया है। सॉल्ट को 18 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच के दौरान एक बाउंड्री बचाने के लिए डाइव लगाते समय बाएं हाथ की उंगली में चोट लगी थी। उन्होंने सीजन की शुरुआत शानदार की और छह पारियों में 168-33 की स्ट्राइक रेट से 202 रन बनाए थे।

**खेल विशेष**

### मेटा लाया एआई चश्मों पर क्रिकेट का लाइव अपडेट

**नई दिल्ली, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के क्रिकेट सीजन में प्रशंसक मेटा, रे-बैन मेटा और ओकले मेटा चश्मों पर लाइव क्रिकेट अपडेट पा सकते है। इस नए फीचर की मदद से भारत में क्रिकेट प्रशंसक अब अपने फोन को हाथ लगाए बिना हर मैच की पूरी जानकारी रख सकते हैं। मेटा एआई से अपनी पसंदीदा टीम के मैच को फॉलो करने के लिए कहें और एआई द्वारा बताए गए स्कोर अपडेट, विकेट अलर्ट, अहम पड़ावों की झलकियां और मैच के नतीजे सीधे अपने एआई चश्मों पर, उसी समय पाएं। इसमें विज्ञापनों का ब्रेक नहीं होगा। आपको बस इतना कहना है हॉय मेटा फोलो और अपनी पसंदीदा टीम का नाम या आने वाले मैच का नाम बताएं, ताकि आपको उसी समय के अपडेट मिल सकें।

### भारतीय टीम तीरंदाजी विश्वकप के दूसरे चरण में लेगी भाग

**शंघाई (चीन), वार्ता।** अनुभवी तीरंदाजों ज्योति सुरेखा वेन्नम और दीपिका कुमारी की अगुवाई में 16-सदस्ईय भारतीय टीम यहां मंगलवार से शुरु हो रहे आर्चरी वर्ल्ड कप 2026 के दूसरे चरण में हिस्सा लेगी। चार चरणों वाले आर्चरी वर्ल्ड कप सर्किट के इस दूसरे चरण में 5 से 10 मई तक 44 देशों के 300 से ज्यादा तीरंदाज अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। इस प्रतियोगिता में साल्टिलो में होने वाले वर्ल्ड कप फाइनल के लिए क्वालिफकिशन स्थान दांव पर होंगे। पिछले महीने मेक्सिको के पुएब्ला में हुए सीजन के पहले चरण में भारत को आर्चरी में केवल एक पदक मिला था। उस प्रतियोगिता में एशियाई खेलों की चैंपियन ज्योति, मधुरा धामन गांवकर और प्रगति की महिला कंपाउंड टीम ने स्वर्ण पदक जीता था। फरवरी में कोलकाता में हुए राट्रीय ट्रायल्स के जरिए चुनी गई यही 16-सदस्ईय टीम शंघाई में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी।

### केकेआर की वापसी को पटरी पर बनाए रखने को वरुण ने गति धीमी की

**अहदमदाबाद, वार्ता।** पूर्व क्रिकेटर अंबाती रायडू का मानना है कि वरुण चक्रवर्ती ने पिच के मिजाज को भांपते हुए अपनी और कोलकाता नाइट राइडर्स द्धकेकेआरत्र की वापसी को पटरी पर बनाए रखने के लिए सनाइजर्स हैदराबाद के खिलाफ बीच के ओवरों में अपनी गति धीमी कर ली। रायडू ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि वरुण ने शुरू में थोड़ी तेज गति से गेंदबा. जी शुरू की, और फिर जब उन्हें कुछ चौके-छक्के पड़े, तो उन्होंने बीच के ओवरों में अपनी गति धीमी कर ली। मुझे लगता है कि इस टूर्नामेंट में उन्होंने बहुत ही शानदार वापसी की है, अब वह क्रीज का बहुत अच्छे से इस्तेमाल कर रहे हैं, साथ ही गेंदबाजी के एंगल और अपनी गति का भी सही तालमेल बिठा रहे हैं।

# एमएस धोनी नहीं आएंगे दिल्ली चेन्नई में जारी रखेंगे रिहैब

**नई दिल्ली, वार्ता।** स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स के साथ होने वाले मुक. ाबले के लिए चेन्नई सपुर किंग्स की टीम के साथ नई दिल्ली नहीं आए हैं। पूर्व कप्तान धोनी चेन्नई में ही रुक गए हैं, जहां वे अपनी पिडली की चोट के लिए रिहैबिलिटेशन (इलाज) करवा रहे हैं। अभी तक यह स्पट नहीं है कि धोनी आगामी मैच के लिए पूरी तरह तैयार नहीं हैं,

लेकिन फ्रेंचाइजी के अधिकारियों ने इस सीजन में उनके कोई मैच खेलने की संभावना से इनकार नहीं किया है। टीम के एक सीनियर अधिकारी ने क्रिकब्ज को बताया कि उन्हें किसी न किसी स्टेज पर उपलब्ध होना चाहिए। चेन्नई सुपर किंग्स के इस सीजन




में अभी पांच मैच और बाकी हैं। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच के बाद, चेन्नई सुपर किंग्स 10 मई को लखनऊ सुपर जायंट्स की मेजबानी करेगी, जिसके बाद 15 मई को लखनऊ में ऋाभ पंत की टीम के खिलाफ वापसी का मैच होगा। इसके बाद वे 18 मई को सनराइजर्स हैदराबाद की मेजबानी करेंगे, और फिर 21 मई को इस सीजन के अपने आखिरी लीग मैच के लिए अहमदाबाद जाकर गुजरात टाइटन्स का सामना करेंगे। उल्लेखनीय है कि धोनी ने इस सीजन में एक भी मैच नहीं खेला है।

# दिल्ली कैपिटल्स, चेन्नई सुपर किंग्स के लिए प्लेऑफ की चुनौती

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच मंगलवार को होने वाले लीग मुकाबले में दोनों टीमें प्लेऑफ में बनाए रखने की चुनौती का सामना करेंगी। दोनों टीमें के तालिका में समान अंक है।

यह एक ऐसा अहम मोड़ लगता है जो यह तय कर सकता है कि प्लेऑफ की दौड़ में कौन बना रहेगा और कौन दबाव के चलते पैदा हुई अफरा-तफरी में फंसता चला जाएगा। दोनों टीमों ने अपने नौ मैचों में से चार जीते हैं, दोनों के आठ-आठ अंक हैं, और दोनों जानती हैं कि गलती की गुंजाइश तेजी से कम होती जा रही है। फिर भी, यहां तक पहुंचने के लिए उन्होंने जो रास्ते अपनाए हैं, वे



एक-दूसरे से बिल्कुल अलग हैं। दिल्ली कैपिटल्स की बात करें, तो वह एक ऐसी टीम रही है जिसमें सब कुछ या तो बहुत अच्छा होता है या बहुत बुरा। जब वे लक्ष्य का पीछा करते हैं, तो वे निडर दिखते हैं, और कभी-कभी तो उन्हें रो. कना लगभग नामुमकिन लगता है। लेकिन जब वे पहले बल्लेबाजी करते हैं, तो उनका यह सीजन अक्सर अस्थिरता का शिकार हो जाता है, जिसकी झलक उनके नेगेटिव नेट रन रेट में स्पट दिखती है। केएल राहुल उनके बल्लेबाजी क्रम में एकमात्र ऐसे खिलाड़ी रहे हैं जिनका प्रदर्शन लगातार अच्छा रहा है। उन्होंने शांत और मजबूत अंदाज में टीम की जम्मिेदारी संभाली है। लक्ष्य का पीछा करते समय मैच पर अपना नियंत्रण बनाए रखने की उनकी काबि. लियत इस सीजन में दिल्ली के बेहतरीन प्रदर्शनों की मुख्य वजह रही है, और एक बार फिर, टीम की ज्यादातर उम्मीदें उन्हीं के कंधों पर टिकी हैं। उनके आस-पास, दिल्ली की बल्लेबाजी ने शानदार झलकियां दिखाई हैं। पथुम निसांका की हालिया फिफ्रटी ने शीर्ष क्रम में लय ला दी है।

# जैनिक सिनर ने जीता मैड्रिड ओपन का खिताब

**मैड्रिड, वार्ता।** विश्व नंबर वन टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर मैड्रिड ओपन का खिताब अपने नाम किया। इटली के दिग्गज जैनिक सिनर ने जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 57 मिनट तक चले मुकाबले में 6-1, 6-2 से हराकर, अपने करियर में पहला मैड्रिड ओपन का खिताब जीत लिया है। इस जीत के साथ सिनर लगातार पांच एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब (पेरिस, इंडियन वेल्स, मियामी, मोंटे-कार्लो, मैड्रिड) जीतने वाले पहले पुरु खिलाड़ी बन गए। सिनर ने अब कैलेंडर पर मौजूद नौ मास्टर्स 1000 प्रतियोगिताओं में से आठ जीत लिए हैं, उनके कलेक्शन में केवल रोम का खिताब ही शो है। वह अपने करियर में आठ अलग-अलग मास्टर्स 1000 प्रतियोगिता जीतने वाले इतिहास के सिर्फ तीसरे खिलाड़ी हैं।



# ऑरेंज कैप फिर से अभिषेक के सिर, रबाडा पर्पल कैप की दौड़ में

**अहदाबाद, वार्ता।** अभिोक शर्मा कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मात्र 15 रन बनाकर एक बार फिर से ऑरेंज कैप तालिका में शीर्ष पर पहुंच गए है। वहीं कगिसो रबाडा 16 विकेटों के साथ पर्पल कैप की दौड़ में शामिल हो गए है। ऑरेज कैप तालिका में कम अंतर पर कब्जा देखने को मिल रहा हैं।

जैसे केकेआर के खिलाफ अभिोक शर्मा ने केवल 15 रन बनाए, लेकिन यह केएल राहुल (दिल्ली कैपिटल्स) से सात रन आगे निकलने और शीर्ष स्थान वापस हासिल करने के लिए काफी था। हाइनरिक क्लासन अवसर का फायदा नहीं उठा सके, इसलिए राहुल (433 रन) का दूसरा स्थान सुरक्षित है। क्लासन ने केकेआर के खिलाफ 11 रन बनाए और अब उनके 425 रन हैं। उनके बाद राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के वैभव सूर्यवंशी (404 रन) हैं और फिर शीर्ष पांच में नया नाम जुड़ा है। गुजरात टाइटंस के सलामी बल्लेबाज बी साई सुदर्शन ने हालिया शानदार फॉर्म जारी रखते हुए 41 गेंदों में 57 रन बनाए और 385 रन तक पहुंच गए हैं। शुभमन गिल, प्रभसिमरन सिंह, जॉस बटलर और श्रेयस अय्यर रविवार को अधिक रन नहीं बना सके, लेकिन इशान किशन ने 42 रन बनाकर कुल 354 रनों के साथ नौवें स्थान पर जगह बनाई, जबकि ट्रैविस हेड ने भी अपनी हालिया फॉर्म जारी रखते हुए 28 गेंदों में 61 रन बनाए और 12वें स्थान तक पहुंच गए। वहीं पर्पल कैप तालि. का की बात की जाए तो कगिसो रबाडा ने पिछले छह मैचों में 12 विकेट ले लिए हैं और तेजी से ऊपर चढ़ते हुए 16 विकेट के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

## कार्यालय नगर पंचायत लण्ढौरा, जनपद हरिद्वार।

पत्रांक- 404/र0ज0पा0/ न0पं0ल0/2026-27 दिनांक: 02 मई 2026

**अल्प कालीन ई-निविदा सूचना**

नगर पंचायत लण्ढौरा द्वारा मा0 अध्यक्ष महोदय व अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत लण्ढौरा की स्वीकृति उपरान्त नगर पंचायत लण्ढौरा में रजत जयन्ती पार्क का निर्माण कार्य किये जाने हेतु वांछित्त विशेषताओं / उल्लेखित शर्तो को पूरा करते हुए ई-निविदा के माध्यम से कराये जाने हेतु सिंगल-बिड (तकनीकी व वित्तीय) के रूप में ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा के सम्बन्ध में समस्त शर्ते एवं सूचना http/www.uktenders.gov.in पर उपलब्ध रहेंगी। निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी किसी भी कार्यदिवस में अवकाश को छोड़कर निकाय कार्यालय प्राप्त की जा सकती है। जिसका विवरण निम्नानुसार है-

| S.no. | Scheduled/Information | Date | Time |
|---|---|---|---|
| 1 | Date of Online Publication | 02/05/2026 | 17:00 |
| 2 | Document Download Start Date | 02/05/2026 | 17:00 |
| 3 | Online Bid Submission Start Date | 02/05/2026 | 17:00 |
| 4 | Pre bid Meeting Office Nagar Panchayat Landhaura | ---- | ---- |
| 5 | Online bid Submission End Date | 11/05/2026 | 12:00 |
| 6 | Offline Submission of Hard/Original Copy of document End date | 11/05/2026 | 13:00 |
| 7 | Bid Opening Date | 11/05/2026 | 14:00 |

उक्त निविदा की विस्तृत जानकारी www.uktenders.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है तथा तिथियों व निविदा में किसी भी प्रकार का कोई संशोधन मात्र www.uktenders.gov.in पर प्रेषित किया जायेगा। किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार मा0 अध्यक्ष नगर पंचायत लण्ढौरा के पास सुरक्षित रहेगा।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पंचायत लण्ढौरा जनपद हरिद्वार।

**अध्यक्ष**
नगर पंचायत लण्ढौरा जनपद हरिद्वार।

## कार्यालय सहायक अभियन्ता सिंचाई उपखण्ड कर्णप्रयाग

पत्रांक: 144-/स.अ.-द्वितीय/टी-4 दिनांक:- 04.05.2026

**निविदा सूचना संख्या- 02/स०अ०-द्वितीय/2026-27**

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु वर्गीकृत श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 18.05.2026 को 11:30 बजे तक मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन 15:00 बजे उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष अधोहस्ताक्षरी द्वारा खोली जायेंगी। निविदा से सम्बन्धित शर्ते तथा प्रपत्र दिनांक 04.05.2026 से 17.05.2026 तक सायं 17:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस पर इस कार्यालय से निर्धारित मूल्य अदा करने पर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्रं. सं. | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि | कार्यावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | ठेकेदार की वर्गीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| डिपोसिटमद (शि.वि०) | | | | | |
| 1 | वि.ख. नारायणबगड में रा.प्रा.वि. रत्नीकेशपुर में शौचालय निर्माण। | 11500.00 | 03 माह | 500+18% GST | ई अथवा उच्चीकृत |
| 2 | वि.ख. नारायणबगड में रा.प्रा.वि. पैंतोली में शौचालय निर्माण। | 11500.00 | 03 माह | 500+18% GST | ई अथवा उच्चीकृत |
| 3 | वि.ख. नारायणबगड में रा.प्रा.वि. सनेड में शौचालय निर्माण। | 11500.00 | 03 माह | 500+18% GST | ई अथवा उच्चीकृत |
| 4 | वि.ख. नारायणबगड में रा.उ.प्रा.वि. जूनेर में शौचालय निर्माण। | 11500.00 | 03 माह | 500+18% GST | ई अथवा उच्चीकृत |
| 5 | वि.ख. कर्णप्रयाग में रा.प्रा.वि. खत्याडी में शौचालय निर्माण। | 11500.00 | 03 माह | 500+18% GST | ई अथवा उच्चीकृत |
| 6 | वि.ख. कर्णप्रयाग में रा.प्रा.वि. पलेठी में शौचालय निर्माण। | 11500.00 | 03 माह | 500+18% GST | ई अथवा उच्चीकृत |
| 7 | वि.ख. कर्णप्रयाग में रा.उ.प्रा.वि. वणसोली में शौचालय निर्माण। | 11500.00 | 03 माह | 500+18% GST | ई अथवा उच्चीकृत |
| 8 | वि.ख. कर्णप्रयाग में रा.उ.प्रा.वि. गनोली में शौचालय निर्माण। | 11500.00 | 03 माह | 500+18% GST | ई अथवा उच्चीकृत |
| 9 | वि.ख. थराली में रा.प्रा.वि. धारबारम में शौचालय निर्माण। | 11500.00 | 03 माह | 500+18% GST | ई अथवा उच्चीकृत |
| 10 | जनपद के प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालयों में विद्युत फिटिंग/ मरम्मत कार्य। | 30000.00 | 03 माह | 1000+18% GST | ई अथवा उच्चीकृत |
| 2711 ए.आर. | | | | | |
| 11 | वि.ख. कर्णप्रयाग के गौचर लोडियागाड में पाल के मकान के निकट सुरक्षा दीवार मरम्मत कार्य। | 15000.00 | 03 माह | 500+18% GST | ई अथवा उच्चीकृत |
| 12 | वि.ख. कर्णप्रयाग के डिम्मर में बाढ सुरक्षा कार्य का मरम्मत कार्य। (रीच 0.00 से 100.00 मी.) | 9000.00 | 03 माह | 500+18% GST | ई अथवा उच्चीकृत |
| 13 | वि.ख. कर्णप्रयाग के शक्तिनगर बाढ सुरक्षा मरम्मत कार्य। (रीच 0.00 से 200 मी. तक) | 9000.00 | 03 माह | 500+18% GST | ई अथवा उच्चीकृत |
| 14 | वि.ख. कर्णप्रयाग में कालेश्वर बाढ सुरक्षा मरम्मत कार्य। | 15000.00 | 03 माह | 500+18% GST | ई अथवा उच्चीकृत |

निविदा से सम्बन्धित अन्य शर्ते किसी भी कार्य दिवस में इस कार्यालय के नोटिस बोर्ड से देखी जा सकती है।

**सहायक अभियन्ता**
**सिंचाई उपखण्ड कर्णप्रयाग**

### खुलासा : दिनदहाड़े बाजार में फैलाई थी फायरिंग कर दहशत

# दो बदमाश दबोचे, तमंचा व कारतूस बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रूडकी में दिनदहाडे भरे बाजार में फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले आरोपियों को सिविल लाईन कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दबोच कर आरोपियों से तमंचा व कारतूस भी बरामद किये हैं।





एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल ने पत्रकारों से रूबरू होते हुए बताया कि रविवार को गुलशेर पुत्र जमीर, निवासी ग्राम बिजौली, द्वारा कोतवाली रुड़की में शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत के अनुसार, चार अज्ञात व्यक्तियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायरिंग की, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। इस घटना के आधार पर कोतवाली रुड़की में मुकदमा दर्ज किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के मार्गदर्शन एवं प्रभारी निरीक्षक प्रदीप बिष्ट के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम ने सक्रिय मुखबिर तंत्र की मदद से 4 मई 2026 को कलियर रोड स्थित पटरी गुमटी के पास से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि अन्य की तलाश जारी है। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने अपने नाम आसिफ पुत्र आजाद, निवासी कस्बा बढ़ला, मुजफ्फरनगर (उत्तर प्रदेश) तथा दानिश उर्फ साजिद पुत्र रियाजुल, निवासी पाली गुर्जर, थाना तैलीवाला, रुड़की बताए। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक 315 बोर तमंचा, जिंदा कारतूस और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। इस सफल कार्रवाई में वरिष्ठ उप निरीक्षक धर्मेंद्र राठी, उप निरीक्षक सुभाष झखमोला, हेड कांस्टेबल वीरेश खत्री, नूर अहमद, कमल, जितेंद्र और शूरवीर सहित पूरी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। हरिद्वार पुलिस की इस तेज और सटीक कार्रवाई से स्पष्ट है कि जनपद में अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

# बिनारसी हत्याकांड में भगवानपुर पुलिस ने दो और आरोपी पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** कोतवाली पुलिस ने बिनारसी में दोहरे हत्याकांड में 'फरार चल रहे 02 और आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बिनारसी 'दौहरे हत्याकांड में दोनों पक्षों से अब तक कुल सत्रह को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली भगवानपुर क्षेत्रान्तर्गत बिनारसी गांव में रविदास जयंती शोभायात्रा संपन्न होने के उपरान्त शाम को पुरानी रंजिश को लेकर प्रथम पक्ष द्वारा गाँव के ही युवक आनंद की गोली मरकर हत्या कर दी गई। इसके पश्चात दूसरे पक्ष ने आक्रोशित होकर प्रथम पक्ष के मांगेराम उम्र 55 वर्ष की लाठी डंडों से पीटकर हत्या कर दी गयी तथा घरों में आगजनी व तोड़फोड़ भी की गई। इस दौहरे हत्याकांड में पुलिस ने प्रथम पक्ष की तरफ से मुकदमा पंजीकृत किया गया। दोनो पक्षों से 15 आरोपियों को न्यायालय के आदेश पर जेल भेज चुकी पुलिस टीम निरंतर फरार चल रहे वांछित आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देशानुसार ऑपरेशन प्रहार को सफल बनाने व वांछित/आपराधिक तत्वों को सलाखों के पीछे भेजने के लिए प्रयासरत पुलिस टीम ने दिनांक 03-05-2026 को चुडियाला ईट भट्टे के पास से वांछित मनीष व सुमित को हिरासत में लिया। वैधानिक कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। दोनों को समय से न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। विवरण आरोपित- मनीष पुत्र रामबतोरा निवासी ग्राम बिनारसी थाना भगवानपुर हरिद्वार व सुमित पुत्र लाखन सिंह निवासी उपरोक्त उम्र 22 वर्ष है।

# तेज बारिश से किसानों की फसलों को हुआ फायदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** रविवार रात्रि कस्बा व ग्रामीण क्षेत्र में तेज हवा के साथ-साथ हुई जोरदार बारिश से किसानों के खेतों में खड़ी फसलों को काफी लाभ मिला है। किसानों का कहना है कि बारिश होने से किसानों को काफी लाभ हुआ है। लेकिन अब गन्ने की बुवाई रुक गई है। किसान राजवीर सिंह यशवीर सिंह रोहित कुमार गोदांश कुमार भोला सिंह जावेद मलिक राकेश कुमार व राजपाल सिंह का कहना है कि रविवार रात्रि हुई बारिश से किसानों को काफी लाभ हुआ है। इस समय गेहूं की फसल पूरी तरह किसानों के घर आ गई है। गेहूं की फसल जिस खेत में खड़ी थी अब उस खाली हुए खेत को किसान अच्छी तरह से जुताई कर सकेंगे तथा साथ-साथ पशुओं के लिए हरा चारा की बुवाई भी हो सकेगी। खेतों में खड़ी गन्ने की पैड़ी आदि की फसल को भी काफी लाभ मिलेगा। किसानों के खेतों में खड़ी पॉपुलर की नर्सरी को भी इस बारिश से लाभ मिलना तय हैं ।किसानों का यह भी कहना है कि बारिश नहीं होने से किसानों को नलकूप चला कर खेतों में पानी लगाना पड़ रहा था ।अब बारिश होने से नलकूप बंद हो गए हैं जिससे विद्युत तथा डीजल तेल की भी बचत हो सकेगी।लेकिन बारिश होने से उन किसानों को अवश्य कुछ नुकसान हुआ है जो अभी भी खेतों में गन्ने की बुवाई कर रहे थे। अब गन्ने की बुवाई दो से तीन दिन बाद हो सकेगी।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की दर्दनाक मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** झबरेड़ा मंगलौर मंगलौर ग्राम गदर जुडड़ा के पास रविवार देर शाम अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बाइक सवार 54 वर्षीय व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई ।पुलिस द्वारा मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए रुड़की स्थित सिविल अस्पताल में भिजवाया गया है। कस्बा झबरेड़ा निवासी 54 वर्षीय मोहम्मद यूनुस रविवार देर शाम रुड़की से अपने घर झबरेड़ा बाइक से आ रहा था जैसे ही वह मंगलौर झबरेड़ा मार्ग ग्राम गदरजुडडा के पास पहुंचा उसी समय अज्ञात वाहन की टक्कर बाइक से हो गई। बाइक को टक्कर लगते ही बाइक सवार बाइक सहित सड़क पर गिर गया तथा कुछ भी देर में मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहां से आने जाने वाले लोगों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। मंगलौर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक भगवान मेंहर का कहना है कि उक्त सड़क दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा मृतक की पहचान कर उसके परिजनों को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंचे ।मृतक के शव का पंचनामा करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए रुड़की स्थित सरकारी अस्पताल में ले जाया गया।

### कलियर पुलिस ने 24 घंटे में किया चोरी का खुलासा

# एक चोर गिरफ्तार, जेवरात व नकदी बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कलियर।** सूने मकान को निशाना बनाकर लाखों की चोरी को अंजाम देने वाले शातिर आरोपी को पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर अपनी तत्परता का परिचय दिया है। आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए सोने-चांदी के जेवरात और नगदी बरामद कर ली गई है। बरामद माल की कीमत करीब 2.20 लाख रुपये बताई जा रही है।

पुलिस क्षेत्राधिकारी देहात शेखर चंद्र सुयाल ने बताया कि 2 मई 2026 को मेवाड़ कला, कोतवाली कलियर निवासी अनिरुद्ध सैनी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 29 अप्रैल को उनके परिवार के बाहर रहने के दौरान अज्ञात चोर ने घर का मुख्य गेट और अलमारी का ताला तोड़कर जेवरात व नगदी चोरी कर ली।

मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने आसपास के क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाया, स्थानीय लोगों से पूछताछ की और करीब 60-70 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। साथ ही मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया गया।

कड़ी मेहनत के बाद 3 मई की रात धनौरी रोड स्थित नहर पटरी के पास से एक संदिग्ध युवक को इलेक्ट्रिक स्कूटी सहित गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से चोरी किया गया सामान बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम गुलशेर पुत्र नासिर, निवासी लंढौरा थाना मंगलौर, जनपद हरिद्वार बताया। आरोपी ने कबूल किया कि वह नशे का आदी है और अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए उसने इस चोरी को अंजाम दिया। उसने सूने घर को देखकर मौका पाकर वारदात की और नहर के रास्ते फरार हो गया। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी का आपराधिक इतिहास रहा है। वर्ष 2024 में वह बेंगलुरु में मंदिर चोरी के मामले में जेल जा चुका है तथा उसके खिलाफ मंगलौर कोतवाली में आर्म्स एक्ट के तहत भी मुकदमा दर्ज है। पुलिस अन्य आपराधिक मामलों की भी जांच कर रही है। फिलहाल आरोपी को संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया है। गिरफ्तारी टीम में शामिल पुलिसकर्मी: प्रभारी निरीक्षक कमल मोहन भंडारी, उपनिरीक्षक विनोद कुमार, हेड कांस्टेबल जमशेद, कांस्टेबल सोनू कुमार, कैलाश राम एवं होमगार्ड विक्रम आदि रहे।

# उत्तराखंड से 103 हज यात्री सफर पर हुए रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** उत्तराखण्ड से हज-2026 पर जाने वाले यात्रियों का सिलसिला लगातार जारी है। प्रदेश से 2 मई को 305 हज यात्री को नई दिल्ली इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से रवाना किया गया है। हज केमेटी की ओर से यात्रियों की सुविधा के लिए तुर्कमान गेट, नई दिल्ली स्थित हज मंजिल में अस्थायी कैंप कार्यालय खोला गया है। जहां उन्हें जरूरी किट और दस्तावेज उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उत्तराखंड राज्य हज समिति अध्यक्ष खतीब अहमद ने बताया कि हज मंजिल से यात्रियों को बसों के माध्यम से एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 तक पहुंचाया कर उन्हें विदाई दी गई। उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट पर भी यात्रियों के सामान से लेकर बोर्डिंग तक सभी व्यवस्थाएं की गई हैं।और हज यात्रियों को पहली बार स्मार्ट वॉच भी दी जा रही है, जिन्हें कैंप कार्यालय में सक्रिय कराया जा रहा है। ताकि यात्रा के दौरान उनकी निगरानी और सहायता बेहतर तरीके से हो सके।उन्होंने हज यात्रियों से देश और प्रदेश की तरक्की, खुशहाली व अमन-चौन के लिए दुआ करने की अपील की। 4 मई को भी 103 हज यात्रियों का जत्था सुबह की फ्लाइट से मदीना के लिए रवाना किया गया।उन्होंने बताया कि उत्तराखण्ड राज्य हज समिति यात्रियों की सुविधाओं पर लगातार नजर बनाए हुए है। हज अधिशासी अधिकारी मोहम्मद आरिफ ने बताया कि हज इंस्पेक्टर से लगातार रिपोर्ट ली जा रही है।ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और यात्रियों को बेहतर सेवाएं मिले। इस दौरान हज अधिकारी मौ. अहसान, समिति सदस्या तरन्नुम खान सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।



# पशिचम बंगाल, असम व पुड्डुचेरी में जीत पर भाजपाइयों का जश्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** पश्चिम बंगाल, आसाम, एवं पुड्डुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की जीत पर रुड़की में कार्यकर्ताओं ने जोरदार उत्साह के साथ जश्न मनाया। चंद्रशेखर चौक पर एकत्रित हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को झालमुड़ी खिलाकर बधाई दी और राहगीरों के बीच भी झालमुड़ी वितरित कर खुशी साझा की। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मधु सिंह, मेयर अनीता अग्रवाल और जिला महामंत्री अक्षय प्रताप सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जीत को ऐतिहासिक बताया। जिलाध्यक्ष डॉ. मधु सिंह ने कहा कि पश्चिम बंगाल सहित अन्य राज्यों में मिली सफलता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों पर जनता की मुहर है। उन्होंने कहा कि भाजपा विकास, सुशासन और राष्ट्रवाद की विचारधारा के साथ आगे बढ़ रही है और जनता का विश्वास लगातार मजबूत हो रहा है। मेयर अनीता अग्रवाल ने कहा कि यह जीत देश की जनता के विश्वास की जीत है। जिला महामंत्री अक्षय प्रताप सिंह ने कहा कि भाजपा की नीतियां समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने वाली हैं। इस अवसर पर राज्य मंत्री शोभाराम प्रजापति, भाजयुमो जिलाध्यक्ष विभोर सेठी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष नीलकमल शर्मा, सुशील त्यागी, ललित मोहन अग्रवाल, राजपाल सिंह, भीम सिंह, गौरव त्यागी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# दहशत फैलाने वालों पर गंगनहर पुलिस का प्रहार, दो शातिर किए गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रुड़की क्षेत्र में दहशत फैलाने की नीयत से की गई फायरिंग की सनसनीखेज वारदात का गंगनहर पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। "ऑपरेशन प्रहार" के तहत ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने जानलेवा हमले में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इस सफलता की जानकारी एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल ने पत्रकार वार्ता में दी।

घटना की जानकारी देते हुए बताया गया कि 25 अप्रैल 2026 को वादी दिलशाद पुत्र सागर, निवासी ग्राम पाली गुर्जर, ने कोतवाली गंगनहर में तहरीर देकर बताया कि 19 अप्रैल 2026 की मध्य रात्रि को सौरभ, विपुल, दक्ष, प्रणव और आदित्य नामक व्यक्तियों ने उसके घर पर धावा बोलते हुए उसके पुत्र सूहेल को जान से मारने की नीयत से फायरिंग की। इस घटना से पूरे क्षेत्र में भय का माहौल बन गया था। तहरीर के आधार पर थाना गंगनहर में गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी रुड़की के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया। टीम ने घटनास्थल के डिजिटल साक्ष्यों का बारीकी से विश्लेषण किया और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया।

3 मई 2026 को मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस ने पनियाला मुर्गी फार्म क्षेत्र से मुख्य आरोपी सौरभ पुत्र संजय, निवासी डिफेंस कॉलोनी रुड़की, को एक 315 बोर तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी की निशानदेही पर घटनास्थल से दो खोखा कारतूस भी बरामद किए गए, जिसके आधार पर आर्म्स एक्ट की धाराओं में बढ़ोतरी की गई। इसी क्रम में दूसरे आरोपी शोएब पुत्र हाजी राव, निवासी डांधेरा, को रेलवे अंडरपास क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों के खिलाफ अग्रिम वैधानिक कार्रवाई जारी है, जबकि अन्य फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है। इस सफल ऑपरेशन में प्रभारी निरीक्षक मणि भूषण श्रीवास्तव, वरिष्ठ उप निरीक्षक दीप कुमार, उप निरीक्षक नवीन कुमार, पंकज कुमार, हेड कांस्टेबल अरविंद भाटी, कांस्टेबल प्रभाकर, नितिन, महिपाल सिंह और रविंद्र खत्री की महत्वपूर्ण भूमिका रही। गंगनहर पुलिस की इस सख्त और रणनीतिक कार्रवाई ने साफ कर दिया है कि अपराधियों के लिए अब कोई जगह नहीं है।

# गन्ना समिति में खाद लेने के लिए किसानों की लगी भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** गन्ना समिति में खाद लेने के लिए किसानो की भारी भीड़ देखने को मिली है सोमवार को गन्ना विकास समिति खुलने पर क्षेत्र के अनेक किसान खाद लेने के लिए लक्सर गन्ना विकास समिति पहुंच गए इसी दौरान खाद लेने के लिए आए मनोज कुमार रोहताश सिंह व हरपाल आदि का कहना था कि एक तो किसानों के खेतों में कार्य चल रहा है दूसरा गन्ना विकास समिति पर आकर कर्मचारियों द्वारा किसानों को कागज पूरा करने के लिए इधर-उधर चक्कर काटने पर मजबूर कर रहे हैं अब तो नकद में किसानों को पांच कट्टे खाद प्राप्त हो रहे हैं इसलिए भी किसानों को खड़े होकर इंतजार करना पड़ रहा है उनका कहना था कि समिति के अधिकारी कर्मचारी अपने कार्यों में व्यस्त रहते हैं उन्हें किसानों के हित की कोई चिंता नहीं है उनका कहना था कि इस तपती धूप में खाद लेने के लिए खड़ा रहना पड़ रहा है किसानों को देखकर किसी भी अधिकारी कर्मचारी के दिल नहीं पसिज रहे हैं विशाल कुमार व दीपक कुमार आदि का कहना था कि जब समिति द्वारा नकद में खाद दिया जा रहा है तो किसानों को लाइन लगाकर खड़े करने से क्या फायदा होगा उन्होंने किसानों को आसानी से खाद उपलब्ध कराई जाने के लिए भी कहा है क्योंकि किसान इधर-उधर चक्कर न काटे लक्सर समिति के सचिव सूरजभान सिंह का कहना है कि किसानों को नियम अनुसार खाद उपलब्ध कराई जा रही है।

# किसानों का उत्पीड़न कर रही है भाजपा सरकार : निजामुद्दीन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** विधायक और कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य काजी निजामुद्दीन ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि सरकार एक ओर किसानों को अन्नदाता बताकर उनके हितों की बात करती है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि आज किसान यूरिया के लिए दर-दर भटक रहा है। सहकारी समितियों पर ताले लटके हैं और कालाबाजारी चरम पर है। खरीफ सीजन में खाद न मिलने से किसान की फसल और उम्मीद दोनों चौपट हो रही हैं। वहीं, भीषण गर्मी में बिजली संकट पर भी उन्होंने सरकार को घेरा। कहा कि तापमान 44 डिग्री पार कर चुका है, लेकिन ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में 8 से 10 घंटे की अघोषित कटौती हो रही है। बच्चे, बुजुर्ग और मरीज गर्मी से बेहाल हैं, जबकि सरकार सिर्फ आंकड़ों का खेल खेल रही है। साथ ही रसोई गैस के मुद्दे पर भी उन्होंने कहा कि देश पहले ही महंगाई की मार झेल रहा है। ऊपर से गैस की भारी किल्लत है और सिलेंडर के दाम लगातार बढ़ाए जा रहे हैं। इसका सीधा असर गरीब परिवारों के साथ होटल, ढाबा और रेहड़ी व्यवसाय पर पड़ा है। कई छोटे कारोबारी गैस महंगी होने से अपना काम बंद करने को मजबूर हैं। केंद्र पर गंभीर आरोप लगाते हुए काजी निजामुद्दीन ने कहा कि सरकार उन देशों के इशारों पर चल रही है जो भारत के लोगों के लिए नर्क का दरवाजा तैयार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विदेश नीति से लेकर आर्थिक नीतियों तक सरकार जनहित को छोड़कर पूंजीपतियों और विदेशी ताकतों को खुश करने में लगी है।



# अतिक्रमण पर चला तहसील प्रशासन व नगर पालिका का डंडा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर नगर पालिका क्षेत्र ओवरब्रिज के नीचे अतिक्रमण हटाने के लिए तहसील एवं नगर पालिका की संयुक्त टीम ने एसडीएम के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

लक्सर उप जिलाधिकारी अनिल कुमार शुक्ला ने कहा कि व्यापार मंडल के द्वारा सूचित किया गया था की कुछ लोगों ने दोनों साइड में अतिक्रमण कर रखा है दो-तीन अतिक्रमण की दुकानों को हटाया गया है फिर व्यापार मंडल के लोगों के द्वारा एक सप्ताह का टाइम लिया गया है एक सप्ताह के बाद फिर कार्रवाई की जाएगी उन्होंने कहा कि ओवर ब्रिज के अलग भी जहां अतिक्रमण होगा वह भी हटाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि एक सप्ताह के बाद संयुक्त बैठक कर कोई परमानेंट समाधान निकाला जाएगा। अतिक्रमण हटाते वक्त व्यापारियों के विरोध का सामना भी तहसील प्रशासन व नगरपालिका के अधिकारियों को करना पड़ा वहां पर जो मुख्य रूप से शामिल रहे उनमें अधिशासी अधिकारी मोहम्मद कामिल गुलशनव्वर बाबू योगेश चौहान बाबू दीपक कुमार सुरेंद्र सिंह मोनू चौहान अजय कुमार खाती-बड़े बाबू आदि नगर पालिका के दर्जनों कर्मचारी मौजूद रहे।



# कलियर नगर पंचायत चेयरमैन प्रतिनिधि ने किया निर्माण कार्यों का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** नगर पंचायत पिरान कलियर के वार्ड चार और पांच में सड़क निर्माण कार्यों का शुभारंभ सोमवार को किया गया। अध्यक्ष प्रतिनिधि सलीम अहमद और वार्ड सभासद राशिद अली ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शिलान्यास किया।

कार्यक्रम के दौरान सलीम अहमद ने कहा कि इन वार्डों में लंबे समय से खराब सड़कों के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। अब निर्माण कार्य शुरू होने से जल्द ही क्षेत्रवासियों को बेहतर सड़क सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों को गति दी जा रही है और सभी वार्डों में जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्राथमिकता के आधार पर काम किया जा रहा है। आने वाले दिनों में अन्य विकास योजनाओं पर भी कार्य शुरू किया जाएगा, ताकि क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके।इस मौके पर मौसम अली, मुजम्मिल, गुड्डू आदि मौजूद रहें।



# भाजपा का जोश चरम पर

तय कार्यक्रम के अनुसार 4 मई को पांच राज्यों में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव की मतगणना शुरू हुई। शाम आते-आते जो रुझान सामने आए, वह लगभग ऐसे ही थे, जिनके संबंध में एग्जिट पोल पहले ही अपनी राय दे चुका था। असम, पश्चिमी बंगाल और पुड्डुचेरी ने भाजपा को खुश होने का मौका दिया। विशेषकर पश्चिम बंगाल में जिस तरह भाजपा ने प्रदर्शन किया, वह वास्तव में ऐतिहासिक ही कहा जाएगा। भाजपा पूर्व बहुमत से अधिक सीटें लेती दिखाई दे रही है, जैसाकि हम जानते हैं पश्चिमी बंगाल में 294 सीटें हैं और भाजपा 200 से अधिक सीटें लेती दिखाई दे रही है। लिखे जाने तक 127 सीटें वह जीत चुकी है और 80 पर आगे चल रही है। कांग्रेस को भी दो सीटें हाथ लगी हैं। लेफ्ट फ्रंट दो सीटों पर आगे चल रहा है। टीएमसी की बात करें, तो उसके 48 उम्मीदवार जीत चुके हैं और 32 पर वह आगे चल रही है। वास्तविक परिणाम देर रात तक आने की उम्मीद है, लेकिन इन रुझानों से साफ है कि भाजपा अपने बल पर सरकार बनाने जा रही है। भाजपा के खेमे में कितनी खुशी है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि प्रधानमंत्री मोदी दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय कार्यकर्ताओं के साथ जश्न मनाने पहुंच गए और कहा कि एक कार्यकर्ता होने के नाते वह भाजपा के हर कार्यकर्ता की खुशी में शामिल हैं और आज का दिन हर मायनों में खास है। उन्होंने आज के दिन को भरोसे का दिन बताया। पीएम मोदी ने यह भी कहा कि यह सालों की साधना जब सिद्धि में बदलती है तो चेहरे पर खुशी जो होती है वही कार्यकर्ताओं के चेहरों पर मैं देख रहा हूं। निश्चित रूप से प. बंगाल का चुनाव भाजपा के लिए एक बड़ा चुनाव कहा जाएगा। टीएमसी की मुखिया एवं राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पिछले 15 वर्षों से लगातार वहां शासन कर रही हैं और केंद्र सरकार के साथ उनका टकराव जगजा. हिर है, उसको देखते हुए यह चुनाव भाजपा व टीएमसी के लिए बेहद प्रतिष्ठा का चुनाव हो गया था। पश्चिम बंगाल के चुनाव की गंभीरता को लेकर भाजपा कितनी गंभीर थी कि देश के गृहमंत्री अमित शाह वहां लगभग एक महीने से अपने लाव-लश्कर के साथ डेरा डाले हुए थे, तो वहीं पीएम मोदी ने भी दर्जनभर से अधिक रोड शो कर चुनाव में जान फूंकने की कोशिश की थी और पर्दे के पीछे से आरएसएस व उसके अन्य सहयोगी संगठनों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हालांकि यह चुनाव इसलिए भी याद किया जाएगा कि शायद ऐसा नजारा कभी देखने में आया हो जब चुनाव आयोग के क्रियाकलाप चुनाव प्रचार के समय केंद्र में रहे हों। निसंदेह ऐसी स्थिति हमारे लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। इस पर चुनाव आयोग को जरूर ध्यान देना चाहिए।

# मानवता को झकझोर देने वाली घटना





प्रो. आर.के. जैन

मानवता को झकझोर देने वाली यह घटना समाज की संवेदनहीनता को उजागर करती है। पुणे के भोर तहसील के नासरापुर गांव में 1 मई 2026 को घटी यह घटना केवल अपराध नहीं, बल्कि गहरी मानवीय त्रासदी है। लगभग चार वर्ष की मासूम बच्ची, जो गर्मी की छुट्टियों में नानी के घर आई थी, उसे भोजन या बछड़ा दिखाने के लालच में पशुशाला में ले जाया गया। 65 वर्षीय व्यक्ति ने बेरहमी से अत्याचार कर पत्थर से सिर कुचलकर हत्या की और शव को गोबर के ढेर में छिपा दिया। सीसीटीवी कैमरों ने सच सामने ला दिया, फिर भी प्रश्न है कि ऐसी घटनाएं क्यों बढ़ रही हैं। क्या हमारी सुरक्षा व्यवस्था और सामाजिक चेतना इतनी कमजोर हो चुकी है कि बच्चों की रक्षा भी सुनिश्चित नहीं? यह घटना केवल एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे समाज की गंभीर विफलता का प्रमाण है। आरोपी पर पहले भी यौन अपराध के मामले दर्ज थे, जिससे अपरा. धियों के बढ़ते हौसले और पुलिस-न्याय व्यवस्था की कमियों पर सवाल और गहरे होते हैं।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के हालिया आंकड़ों के अनुसार महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराधों में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। विभिन्न रिपोर्टों और उपलब्ध जानका. रियों से भी स्पष्ट होता है कि अनेक क्षेत्रों में स्थिति दिन-प्रतिदिन अधिक गंभीर और असुरक्षित होती जा रही है। जो स्थान कभी सुरक्षित माने जाते थे, वे अब अपराध और असुरक्षा के नए केंद्र बनते जा रहे हैं। समस्या केवल कानूनों की मौजूदगी नहीं, बल्कि उनके कमजोर क्रियान्वयन और प्रभावी निगरानी के अभाव में छिपी है। यदि एक मासूम बच्ची अपने ही घर के आसपास सुरक्षित नहीं है, तो यह पूरे सुरक्षा तंत्र पर गंभीर प्रश्नचिह्न है। अपराधियों के बढ़ते हौसले का एक बड़ा कारण समाज की उदासीनता भी है, जो समय रहते चेतावनी संकेतों को नजरअंदाज कर देती है। व्यवस्था में गहरे सुधार के बिना ऐसी घटनाओं पर रोक संभव नहीं। पुलिस व्यवस्था और न्याय प्रणाली में ठोस, प्रभावी बदलाव आवश्यक हैं।

विशेष जांच दल का गठन हुआ है और मुख्यमंत्री ने फास्ट-ट्रैक ट्रायल व कठोर सजा की घोषणा की है, लेकिन यह कदम केवल तात्कालिक प्रतिक्रिया तक सीमित नहीं रहने चाहिए। बाल यौन अपराध संरक्षण कानून के अंतर्गत लंबित मामलों की अधिक संख्या और दोषसिद्धि की कम दर व्यवस्था की कमजो. रियों को स्पष्ट करती है। प्रत्येक जिले में 24 घंटे सक्रिय बाल संरक्षण इकाइयों की स्थापना अनिवार्य होनी चाहिए। गांवों और शहरों में निगरानी कैमरों का व्यापक नेटवर्क विकसित किया जाए तथा महिला पुलिस की पर्याप्त तैनाती सुनिश्चित की जाए। न्याय प्रक्रिया को तेज, पारदर्शी और प्रभावी बनाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। सुरक्षा की वास्तविक नींव समाज की जागरूकता और सक्रिय भागीदारी पर ही टिकी होती है। केवल कानून या प्रशासन के भरोसे सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की जा सकती, जब तक समाज स्वयं सजग न हो। बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा सामूहिक जिम्मेदारी है। स्कूलों, आंगनवाड़ियों और खेल स्थलों को पूर्ण सुरक्षा क्षेत्र घोषित कर कठोर निगरानी आवश्यक है। अभिभावकों के लिए नियमित जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाने चाहिए ताकि वे संभावित खतरों को पहचान सकें। स्थानीय समुदायों में सतर्कता समूह बनाए जाने चाहिए जो संदिग्ध गति. विधियों पर तुरंत सूचना दें। बच्चों को आत्मरक्षा और सुरक्षित व्यवहार की शिक्षा देना भी अत्यंत आवश्यक है। जब तक समाज सक्रिय भागीदारी नहीं निभाएगा, तब तक केवल कानून व्यवस्था पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं होगा। सबसे बड़ी और गहरी चुनौती आज भी हमारी जड़ जमाई हुई मानसिकता है, जो वर्षों से बदली नहीं है। कई बार पीड़ित को ही प्रश्नों के घेरे में खड़ा कर दिया जाता है और पुरानी सोच से प्रभावित प्रतिक्रियाएं दी जाती हैं।

यह धारणा बदलनी होगी कि खतरा केवल अजनबियों से होता है, जबकि वास्तविकता यह है कि कई बार परिचित और भरोसेमंद लोग ही अपराधी बन जाते हैं। शिक्षा प्रणाली में लिंग संवेदनशीलता, सहमति का सम्मान और नैतिक मूल्यों को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाना चाहिए। मीडिया को भी अत्यंत जिम्मेदारी से कार्य करना होगा ताकि ऐसी घटनाओं को सनसनी के रूप में प्रस्तुत न किया जाए। दोषियों के लिए कठोरतम दंड पर गंभीर सामाजिक और कानूनी मंथन आवश्यक है। बदलते समय में सुरक्षा को मजबूत करने की कुंजी आधुनिक तकनीक के प्रभावी और व्यापक उपयोग में निहित है। एआई आधारित उन्नत निगरानी प्रणाली, बच्चों के लिए सुरक्षित पहनने योग्य उपकरण और स्थान आधारित सुरक्षा तंत्र को बड़े स्तर पर लागू किया जाना चाहिए। महिला सहायता केंद्रों को अधिक सशक्त, प्रभावी और त्वरित प्रतिक्रिया देने योग्य बनाया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों तक तकनीकी सुरक्षा सुविधाओं का विस्तार भी आवश्यक है, ताकि गांव और शहर के बीच सुरक्षा की खाई कम हो सके। साथ ही यह सुनिश्चित करना होगा कि तकनीक का उपयोग केवल सुरक्षा के उद्देश्य से हो और उसका किसी भी रूप में दुरूपयोग न हो। तकनीक तभी वास्तविक रूप से सार्थक है, जब वह अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी सुरक्षा पहुंचा सके। किसी भी राष्ट्र की पहचान उसकी मासूम और कमजोर जिंदगियों की सुरक्षा से होती है। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा केवल योजना नहीं, बल्कि राष्ट्र की नैतिक जिम्मेदारी है। इस घटना ने स्पष्ट किया कि दोषी अक्सर परिचित होता है और बार-बार जेल से छूटने वाले अपराधी समाज के लिए बड़ा खतरा हैं। पुणे की मासूम बच्ची यह कठोर सच याद दिलाती है कि विकास तभी सार्थक है, जब जीवन सुरक्षित हो। यदि आने वाली पीढ़ियां भय में जीने को मजबूर होंगी, तो विकास के दावे अधूरे रह जाएंगे। समाज, प्रशासन और परिवारकृसभी को मिलकर सुरक्षित वातावरण बनाना होगा।

## श्रीमुख से...

### वायनाड में यूडीएफ का शानदार प्रदर्शन



केरल की जनता का भरोसा ही यूडीएफ के लिए मार्गदर्शक शक्ति बनेगा और आने वाले पांच वर्षों में ईमानदारी एवं विनम्रता के साथ किए गए वादों को पूरा करने का प्रयास किया जाएगा, वायनाड में यूडीएफ को 7 में से 7 सीटों पर मिली जीत जनता के मजबूत विश्वास का प्रतीक है, क्षेत्र के विकास के लिए सभी प्रतिनिधि मिलकर काम करेंगे और जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करेंगे, यूडीएफ` कार्यकर्ताओं और नेताओं के अथक प्रयासों से एकजुट और प्रगतिशील केरल का संदेश हर घर तक पहुंचा है तथा आने वाले वर्षों में जनता की सेवा का संकल्प और मजबूत होगा।

-प्रियंका गांधी वाड्रा
कांग्रेस सांसद, वायनाड

## अपने विचार रखें...


**शाह टाइम्स अपने पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करता है, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**फीचर डेस्क, शाह टाइम्स**

**पत्राचार: सुजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर-251003**
**E-mail: Dainikshahtimes@gmail.com**

# न हाथ में डिग्री फिर भी जिंदगियां देती दाई मां




महक कुरैशी

ना तो ऑपरेशन थिएटर की कोई भी चकाचौंध है और ना ही मेडिकल की मोटी मोटी किताबें। बस अनुभव का खजाना, ममता की पोटली और हौसले की धार ए हैं हमारी दाई मां। आज 5 मई अंतर्राष्ट्रीय दाई दिवस है। वो दिन जब दुनिया उन हाथों को सलाम करती है जिन्होंने बिना किसी भी शोर शराबे के करोड़ों घरों में समय समय पर बच्चों की किलकारी गुंजाई।

एक जमाना था जब गांव में लेबर रूम नही हुआ करता था बस दाई की गोद ही लेबर रूम हुआ करती थी। अगर किसी भी गर्भवती महिला को आधी रात को दर्द उठा तो अपने हाथों में लालटेन लेकर उस घर की और भागती दौडती हुई दाई ही एक उम्मीद हुआ करती थी। दाई मां के पास ना तो ब्लड प्रेशर की मशीन होती थी और ना ही ऑक्सीजन का सिलेंडर। बस उनके पास होता था गर्म पानी का एक पतीला, साफ सा कपड़ा और मंत्र सा पढ़ता हुआ कई वर्षों का अनुभव। तब दाई मां की एक आवाज पर पूरा का पूरा घर अलर्ट हो जाता था और वह उपचार के दौरान गर्भवती महिला को हौंसला देती थी और फिर सब कुछ सही हो जाता। घर में फिर किलकारियां गूंजती और पूरे घर में खुशी की लहर दौड़ जाती। दाई मां को इनाम भी मिलता था और वह भी बच्चे को पुचकारती हुई जच्चा और बच्चा को बहुत सारी दुआएं देकर ही अपने घर लौटती थी। एक बुजुर्ग बताते हैं कि 80 के दशक में एक गांव की शांति देवी दाई मां ने एक बच्चे का जन्म कराया था। अब वही बच्चा एक जिले का कलेक्टर है। यह कलेक्टर जब भी छुट्टियों में अपने गांव में आते हैं तो सबसे पहले शांति देवी दाई मां के पांव छूते हैं। कहते हैं दाई मां ने डिग्री नहीं देखी बस नब्ज देखी थी। उसी नब्ज ने मुझे बड़ा अफसर बना दिया। है ना ए चटपटा सच। आज बड़े हस्पताल हैं। नर्स हैं। गायनेकोलॉजिस्ट भी हैं। फिर भी दूर दराज के गांवों में, टांडों में और पहाड़ों पर आज भी पहली डॉक्टर दाई मां ही है। आशा और एएनएम के साथ कंधे से कंधा मिलाकर दाई मां अब भी जच्चा बच्चा की रखवाली करती है। सरकार भी अब इन्हें स्किल्ड बर्थ अटेंडेंट का प्रशिक्षण दे रही है यानी कि पुरानी दाई नया अवतार। नाम के साथ दाई शब्द जुड़ते ही लोग नाक सिकोड़ लेते हैं। कम पैसा, ना पहचान, ना पेंशन। कई बार अगर जच्चा या बच्चे की हालत बिगड़ जाए तो इल्जाम भी दाई मां के सिर ही लग जाता है पर मजाल है जो कभी उफ की हो। कहती हैं बच्चा रोया नही तब तक हम सोते नही। आज के दिन में बस इतना ही कहूंगी कि अस्पताल में जन्म प्रमाण पत्र पर डॉक्टर का नाम लिखा जाता है पर उस बच्चे की पहली सांस पर हक तो दाई की हथेली का ही है। डिग्री भले ही ना हो पर ममता में पीएचडी हैं ए दाई मां। तो अगली बार किसी दाई मां को देखो तो बस हाथ जोड़ देना

**उसी नब्ज ने मुझे बड़ा अफसर बना दिया। है ना ए चटपटा सच। आज बड़े हस्पताल हैं। नर्स हैं। गायनेकोलॉजिस्ट भी हैं। फिर भी दूर दराज के गांवों में, टांडों में और पहाड़ों पर आज भी पहली डॉक्टर दाई मां ही है। आशा और एएनएम के साथ कंधे से कंधा मिलाकर दाई मां अब भी जच्चा बच्चा की रखवाली करती है। सरकार भी अब इन्हें स्किल्ड बर्थ अटेंडेंट का प्रशिक्षण दे रही है यानी कि पुरानी दाई नया अवतार। नाम के साथ दाई शब्द जुड़ते ही लोग नाक सिकोड़ लेते हैं।**

क्योंकि यही वह शख्सियत हैं जिन्होंने मौत को मात देकर जिंदगी को धरती पर उतारा है। हैप्पी दाई दिवस। दाई मां तुम सच में लाइफ लाइन हो।

# कुछ लोगों को ठंड कम क्यों लगती है



जाड़े का मौसम तो चला गया है लेकिन जाते-जाते एक सवाल का जवाब मिल गया हैरू कुछ लोगों को ठंड कम क्यों लगती है? इसका कारण है हमारे शरीर की बनावट, अनुकूलन की क्षमता और हमें मिले वंशानुगत गुण।

युनिवर्सिटी ऑफ ओटावा के जीवविज्ञानी फांस्वा हेमन के अनुसार, इंसान का शरीर नैसर्गिक रूप से बहुत ज़्यादा ठंड सहने में माहिर नहीं है। हम आसानी से शरीर की गर्मी गंवा देते हैं। फिर भी हर व्यक्ति को ठंड अलग-अलग तरह से महसूस होती है। और, इसमें हमारी जीवनशैली व जैविक बनावट, दोनों की अहम भूमिका होती है। ठंड सहने में एक भूमिका अनुकूलन की भी होती है। जो लोग गर्म इलाकों से ठंडे स्थानों पर जाते हैं, उन्हें शुरुआत में ज्यादा दिक्कत होती है। लेकिन लगातार उस स्थान पर रहने से धीरे-धीरे शरीर ठंड के मुताबिक खुद को ढाल लेता है। इस प्रक्रिया को अनुकूलन कहते हैं। शरीर का आकार भी मायने रखता है। छरहरे शरीर या छोटे कद वाले लोग जल्दी गर्मी गंवाते हैं, जबकि बड़े डील-डौल वाले लोग गर्मी देर तक सहेज पाते हैं। खासकर मांसपेशियां बहुत महत्वपूर्ण होती हैं, क्योंकि वे काम करते समय गर्मी पैदा करती हैं। इसलिए जिन लोगों की मांसपेशियां ज़्यादा होती हैं, वे अंदर से अधिक गर्मी बनाते हैं। ठंड से बचाव के मामले में मांसपेशियां शरीर की सबसे मजबूत ढालों में से एक हैं। लेकिन, सिर्फ शरीर का आकार ही पूरी कहानी नहीं है। आर्कटिक जैसे बेहद ठंडे इलाकों में रहने वाले कुछ समुदाय द्धजैसे ग्रीनलैंड के इनुइट लोगत्रः अपेक्षाकृत छोटे कद के बावजूद कड़ाके की ठंड आसानी से सह लेते हैं। शोध में पाया गया है कि कुछ लोगों के जीन ऐसे होते हैं जो 'भूरी

**जो लोग गर्म इलाकों से ठंडे स्थानों पर जाते हैं, उन्हें शुरुआत में ज्यादा दिक्कत होती है, लेकिन लगातार उस स्थान पर रहने से धीरे-धीरे शरीर ठंड के मुताबिक खुद को ढाल लेता है। इस प्रक्रिया को अनुकूलन कहते हैं। शरीर का आकार भी मायने रखता है। छरहरे शरीर या छोटे कद वाले लोग जल्दी गर्मी गंवाते हैं, जबकि बड़े डील-डौल वाले लोग गर्मी देर तक सहेज पाते हैं। खासकर मांसपेशियां बहुत महत्वपूर्ण होती हैं, क्योंकि वे काम करते समय गर्मी पैदा करती हैं। इसलिए जिन लोगों की मांसपेशियां ज्यादा होती हैं, वे अंदर से अधिक गर्मी बनाते हैं। ठंड से बचाव के मामले में मांसपेशियां शरीर की सबसे मजबूत ढालों में से एक हैं। लेकिन, सिर्फ शरीर का आकार ही पूरी कहानी नहीं है। आर्कटिक जैसे बेहद ठंडे इलाकों में रहने वाले कुछ समुदाय अपेक्षाकृत छोटे कद के बावजूद कड़ाके की ठंड आसानी से सह लेते हैं।**

वसाश नाम की खास वसा के विकास से जुड़े हैं। यह वसा शरीर में गर्मी पैदा करने में मदद करती है। इसके अलावा, जीन यह भी तय करते हैं कि शरीर में चर्बी कैसे वितरित होगी और मांसपेशियां कैसे काम करेंगी। इन कारणों से कुछ लोग अपने शरीर का अंदरूनी तापमान दूसरों की तुलना में बेहतर तरीके से बनाए रख पाते हैं। जीन इस बात को भी प्रभावित कर सकते हैं कि ठंड में हमारी रक्त वाहिकाएं कैसे प्रतिक्रिया देती हैं। जब मौसम बहुत ठंडा होता है, तो त्वचा और हाथ-पैरों की ओर बहने वाला खून कम हो जाता है, ताकि हृदय और दूसरे जरूरी अंगों के आसपास गर्मी बनी रहे। इसी कारण उंगलियां और पैर ज़्यादा ठंडे महसूस होते हैं, लेकिन इससे शरीर का केंद्रीय तापमान सुरक्षित रहता है। कुछ लोगों में जीन इस प्रक्रिया को और बेहतर तरीके से नियंत्रित करने में मदद करते हैं। कुल मिलाकर, ठंड लगना कई कारणों से तय होता है। इसमें डील-डौल, अनुकूलन क्षमता और जेनेटिक्स तीनों मिलकर असर डालते हैं। **( स्रोत फीचर्स )**



कोलंबो। श्रीलंका के साथ समुद्री सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित यात्रा के दौरान भारतीय नौसेना की पनडुब्बी आईएनएस सिंधुकेसरी श्रीलंका पहुंची।

## मॉन्स्टर ट्रक शो के दौरान भीड़ में घुसी कार, दो की मौत, 37 घायल

**बोगोटा।** दक्षिणी कोलंबिया में 2026 मॉन्स्टर ट्रक शो के दौरान एक कार भीड़ में घुस गई, जिससे कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और 37 अन्य घायल हो गए। नोटिशियास काराक. ोल ब्रॉडकास्टर की रिपोर्ट के अनुसार यह कार्यक्रम काउका प्रांत के पोपायान शहर में आयोजित किया गया था। काउका के गवर्नर ऑक्टेवियो गुजमैन ने हताहतों की संख्या की पुष्टि की और इस दुर्घटना से प्रभावित लोगों के प्रति अपनी एकजुटता व्यक्त की है।

# होर्मुज में फंसे जहाजों को निकालने की कवायद तेज

## अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने की प्रोजेक्ट फ्रीडम नाम से एक नौसैनिक अभियान की घोषणा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' नाम से एक नौसैनिक अभियान की घोषणा की है, जिसका उद्देश्य होर्मुज जलडमरूमध्य में फंसे वाणिज्यिक जहाजों को सुरक्षित बाहर निकालना है।

यह अभियान पश्चिम एशिया में सोमवार सुबह से शुरू हो गया है। ट्रम्प ने एक बयान में कहा कि दुनिया के कई देशों ने अमेरिका से सहायता का अनुरोध किया है ताकि इस संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले समुद्री मार्ग में फंसे जहाजों को बाहर निक. ाला जा सके। उन्होंने कहा कि दुनिया भर के देशों ने अमेरिका से अनुरोध किया है कि क्या हम उनके जहाजों को मुक्त कराने में मदद कर सकते हैं, जो होर्मुज जलडमरूमध्य में फंसे हुए हैं। उन्होंने इन जहाजों को 'तटस्थ और निर्दोष पक्षों' का बताया। ट्रम्प ने कहा कि तटस्थ देशों के जहाजों को अमेरिकी बल 'सुरक्षित तरीके से प्रतिबंधित जलमार्गों से बाहर निकालेंगे', ताकि वे सामान्य व्यावसायिक गतिविधियों को फिर से शुरू कर सकें। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल अमेरिका बल्कि ईरान और पूरे पश्चिम एशिया के लिए भी लाभकारी होगी। घोषणा के अनुसार अमे. रिकी प्रतिनिधियों को संबंधित देशों को सूचित करने के निर्देश दिए गए हैं कि वाशिंगटन उनके जहाजों और चालक दल को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए 'हर संभव प्रयास' करेगा। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया में शामिल जहाज तब तक वापस नहीं लौटेंगे जब तक क्षेत्र को नौवहन के लिए सुरक्षित नहीं माना जाता। ट्रम्प ने कहा कि यह प्रक्रिया, प्रोजेक्ट फ्रीडम, सोमवार सुबह मध्य पूर्व समयानुसार शुरू होगी।




■ तटस्थ देशों के जहाजों को अमेरिकी बल 'सुरक्षित तरीके से प्रतिबंधित जलमार्गों से बाहर निकालेंगे', ताकि वे सामान्य व्यावसायिक गतिविधियों को फिर से शुरू कर सकें


उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच 'बहुत सकारात्मक बातचीत' चल रही है, जिससे रचनात्मक परिणाम निकल सकते हैं। ट्रम्प ने इस अभियान को मानवीय पहल बताते हुए कहा कि क्षेत्र में कई जहाज भोजन सहित आवश्यक आपूर्ति की कमी का सामना कर रहे हैं, जिससे चालक दल की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि यह प्रयास उन लोगों, कंपनियों और देशों को राहत देने के लिए है जिन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है और परिस्थितियों के शिकार बने हैं। यह एक मानवीय पहल है। हालांकि उन्होंने चेतावनी भी दी कि इस अभियान में किसी भी तरह का हस्तक्षेप होने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक है, जहां से वैश्विक तेल आपूर्ति का बड़ा हिस्सा गुजरता है और हाल के महीनों में यह बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव का केंद्र बना हुआ है।

## प्रोजेक्ट फ्रीडम के जवाब में तेहरान ने दी अब चेतावनी देते हुए

# ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट का नया नक्शा जारी किया

**तेहरान।** ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने सोमवार को होर्मुज जलडमरूमध्य का एक नया नक्शा जारी किया। इसमें उन क्षेत्रों को दर्शाया गया है जो ईरान के नौसैनिक नियंत्रण और प्रबंधन के अधीन हैं। इस कदम से क्षेत्र में तनाव और बढ़ने की आशंका है। 'फारस न्यूज एजेंसी' के अनुसार, आईआरजीसी द्वारा निर्धारित यह क्षेत्र पश्चिम में ईरान के केशम द्वीप और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के उम्म अल-कुवैन के बीच से शुरू होकर, पूर्व में ईरान के माउंट मुबारक और फुजैराह तक फैला हुआ है। ईरान का यह कदम अमे. रिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा घोषित 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' के जवाब में आया है।

'प्रोजेक्ट फ्रीडम' के तहत अमेरिका इस रणनीतिक जलमार्ग में फंसे वाणिज्यिक जहाजों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए एक बड़ा नौसैनिक अभियान शुरू कर रहा है। ईरान की एकीकृत सशस्त्र सेना कमान के प्रमुख मेजर जनरल अली अब्दुल्लाही ने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि ईरान जलडमरूमध्य में प्रवेश करने या उसके करीब आने वाले 'किसी भी विदेशी सशस्त्र बल', विशेष रूप से 'आक्रामक अमेरिकी सेना' को निशाना बनाएगा। उन्होंने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा का प्रबंधन ईरान पूरी मजबूती के साथ कर रहा है। दूसरी ओर, अमेरिकी सेना ने स्पष्ट किया है कि उसका यह प्रयास कोई औपचारिक 'एस्कॉर्ट मिशन' (जहाजों के साथ चलने वाला मिशन) नहीं है, बल्कि इसमें गाइडेड-मिसाइल डिस्ट्रॉयर, 100 से अधिक विमान और 15000 सैनिक 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' को सहयोग देंगे। अब्दुल्लाही ने सभी वाणिज्यिक जहाजों और तेल टैंकरों से अपील की है कि वे ईरानी सशस्त्र बलों के साथ समन्वय किए बिना इस क्षेत्र से न गुजरें, अन्यथा उनकी सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। उन्होंने कहा कि अमेरिका की किसी भी आक्रामक कार्रवाई से स्थिति और जटिल होगी और जहाजों की सुरक्षा को खतरा पैदा होगा। अब्दुल्लाही ने कहा कि यह जलमार्ग ईरान के सशस्त्र बलों के नियंत्रण में है, और 'स्थिति को बिगाड़ने के लिए अमे. रिका द्वारा की गई कोई भी आक्रामक कार्रवाई केवल और अधिक जटिलताएं पैदा करेगी और इस क्षेत्र में जहाजों की सुरक्षा को खतरे में डाल देगी। उल्लेखनीय है कि ट्रम्प ने एक नौसैनिक मिशन की घोषणा की है, जिसका नाम 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' रखा गया है। आधिकारिक बयान के अनुसार, इसका मकसद होर्मुज जलडमरूमध्य में फंसे हुए व्यापारिक जहाजों को बाहर निकालना है। आईआरजीसी के प्रवक्ता सरदार मोहेब्बी ने कहा कि तेहरान द्वारा लागू किए गए पारगमन नियमों (ट्रांजिट प्रोटोकॉल) का उल्लंघन करने वाले किसी भी जहाज को बलपूर्वक रोका जाएगा। उन्होंने सभी शिपिंग और परिवहन बीमा कंपनियों को सलाह दी है कि वे आईआरजीसी की आधिकारिक घोषणाओं पर गौर करें।



■ कहा: स्ट्रेट में प्रवेश करने पर किसी भी विदेशी सशस्त्र बल को निशाना बनाएगा

### होर्मुज की नई व्यवस्था में अमेरिकी हस्तक्षेप युद्धविराम का उल्लंघन है: ईरानी सांसद

**तेहरान।** ईरान की संसद के एक वरिष्ठ सांसद ने चेतावनी दी है कि होर्मुज जलडमरूमध्य की नई समुद्री व्यवस्था में अमेरिका का कोई भी हस्तक्षेप युद्धविराम का सीधा उल्लंघन माना जाएगा। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की जहाजों को सुरक्षा देने की योजना को 'भ्रमपूर्ण' करार दिया। ईरानी संसद की विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के प्रमुख इब्राहिम अजीजी ने रविवार को सोशल मीडिया पर कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य के नई समुद्री व्यवस्था में किसी भी अमेरिकी हस्तक्षेप को युद्धविराम का उल्लंघन माना जाएगा। उन्होंने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य और फारस की खाड़ी का संचालन ट्रम्प के भ्रमपूर्ण पोस्ट से नहीं होगा। दोषारोपण की कहानियों पर कोई विश्वास नहीं करेगा। अजीजी की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब ट्रम्प ने घोषणा की है कि अमेरिकी बल सोमवार से इस जलमार्ग से गुजरने वाले जहाजों को सुरक्षा प्रदान करना शुरू करेंगे।

## पाक में दो हिंदू अल्पसंख्यकों का सीएसएस में चयन

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के दो पुरुषों ने देश की संघीय सिविल सेवा में शामिल होने की योग्यता हासिल की है। सिंध प्रांत के जीवन रेबारी और खेम चंद जंडोरा उन 170 उम्मीदवारों में शामिल हैं, जिन्हें संघीय लोक सेवा आयोग द्वारा गुरुवार को परिणाम घोषित होने के बाद केंद्रीय सुपीरियर सेवा (सीएसएस) में शामिल होने के लिए योग्य घोषित किया गया। यह उपलब्धि ऐसे समय में मिली है जब सरकारी नौकरियों में अल्पसंख्यक समूहों का प्रतिनिधित्व ऐतिहासिक रूप से कम रहा है। 2023 की जनसंख्या जनगणना के अनुसार, 38 लाख की कुल आबादी के साथ हिंदू पाकिस्तान का सबसे बड़ा अल्पसंख्यक समुदाय हैं, जो अधिकतर सिंध प्रांत में रहते हैं। पाकिस्तान की सीएसएस में अल्पसंख्यकों का प्रतिनिधित्व ऐतिहा. सिक रूप से कम रहा है, जिसके कारण सरकार ने समावेश बढ़ाने के लिए 2025 में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम जैसी पहल शुरू की है। संघीय लोक सेवा आयोग के अनुसार, देशभर से 12792 लोगों ने लिखित परीक्षा दी थी। इनमें से 355 उम्मीदवार उत्तीर्ण हुए, और आगे के दौर के बाद कुल 170 उम्मीदवारों का चयन किया गया। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षित 123 सीटें अभी भी खाली हैं, जो इन पुरुषों की शीर्ष सूची में जगह बनाने के महत्व को और उजागर करता है।




# होर्मुज की नाकेबंदी पर अकेले पड़े ट्रम्प

## यूरोप ने पीछ खींचे हाथ, मैक्रों बोले: जंग में हम शामिल नहीं, अमेरिका से अलग रणनीति अपनाएंगे

**पेरिस।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को लेकर जारी संकट के बीच फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने साफ कर दिया है कि यूरोप इस मुद्दे पर अमेरिका से अलग रणनीति अपनाएगा। फ्रांस के राष्ट्रपति ने कहा कि यूरोप अपना स्वतंत्र सुरक्षा ढांचा तैयार कर रहा है और अमेरिका के नेतृत्व वाले किसी अस्पष्ट सैन्य आपरेशन का हिस्सा नहीं बनेगा।

आर्मेनिया की राजधानी येरेवन में आयोजित यूरोपीय पालिटिकल कम्युनिटी की 8वीं बैठक में मैक्रों ने कहा कि यूरोपीय संघ अपनी सुरक्षा और रक्षा के लिए खुद समाधान बना रहा है। हम अपनी किस्मत अपने हाथ में ले रहे हैं और कामन सिक्योरिटी फ्रेमवर्क विकसित कर रहे हैं। मैक्रों ने अमे. रिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा शुरू किए गए प्रोजेक्ट फ्रीडम में शामिल होने से साफ इनकार कर दिया। यह पहल होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही बहाल करने के लिए शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि हम ऐसी किसी पहल में हिस्सा नहीं लेंगे, जिसका ढांचा स्पष्ट न हो। हालांकि फ्रांस ने जलमार्ग को फिर से खोलने के प्रयासों का समर्थन किया, लेकिन यह भी स्पष्ट किया कि वह किसी भी फोर्स-बेस्ड आपरेशन में शामिल नहीं होगा, जब तक कि उसका स्पष्ट और सहमति आधारित ढांचा न हो। मैक्रों ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने का सबसे टिकाऊ तरीका अमे. रिका और ईरान के बीच समन्वित समझौता है। उन्होंने फ्री और बिना टोल के नेविगेशन को सुनिश्चित करने के लिए बातचीत को ही एकमात्र रास्ता बताया। इस बीच, क्षेत्र में हालात अभी भी बेहद संवे. दनशील बने हुए हैं। 28 फरवरी के बाद से तनाव तेजी से बढ़ा है, जब अमेरिका और इजरायल ने ईरान पर हमले किए और जवाब में तेहरान ने भी इजरायली ठिकानों और खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया।



### ट्रम्प कार्रवाई चाहते हैं, वह चुपचाप बैठे नहीं रहना चाहते: अमेरिकी अधिकारी

**वाशिंगटन।** होर्मुज स्ट्रेट में गतिरोध को तोड़ने के उद्देश्य से ट्रम्प की ओर से शुरू किया गया नया नौसैनिक अभियान 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' ऐसे समय में आया है जब अमेरिका में ईरान के साथ 'न समझौता, न युद्ध' की स्थिति को लेकर निराशा बढ़ रही है। अमे. रिकी न्यूज वेबसाइट एक्सियोस से बातचीत में प्रशासन के एक वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि राष्ट्रपति कार्रवाई चाहते हैं। वह चुपचाप बैठे नहीं रहना चाहते। वह दबाव बनाना चाहते हैं। वह एक समझौता चाहते हैं। अधिकारियों का कहना है कि कूटनीति पर जोर देने के बावजूद, ट्रम्प बंद दरवाजों के पीछे ईरान के लिए कड़े सैन्य विकल्पों पर विचार कर रहे हैं।

